@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

बुधवार, 25 सितंबर 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 320 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)


## दिल्ली में डेंगू के मामलों में भारी वृद्धि

नई दिल्ली, 24 सितंबर। राजधानी में डेंगू के मामलों में भारी वृद्धि शुरू हो गई है। इस माह के दौरान डेंगू के मामलों ने 500 का आंकड़ा पार किया, जबकि इस साल के दौरान किसी भी माह में डेंगू के इतने मामले सामने नहीं आए थे। इसके अलावा इस माह के दौरान ही इस साल डेंगू के मामलों ने एक हजार का



आंकड़ा भी पार किया है। गत सप्ताह डेंगू के 296 नए मामले सामने आए। उधर, एमसीडी के रिकॉर्ड में डेंगू से एक भी मौत नहीं हुई है, जबकि एक सप्ताह पहले डेंगू से दो अस्पतालों ने अपने यहां एक-एक व्यक्ति की मौत होने का दावा किया था। एमसीडी के आंकड़ों के अनुसार, इस साल राजधानी में डेंगू के 1229 मामले सामने आ चुके हैं, इनमें आधे से अधिक मामले सितंबर में दर्ज किए गए हैं। सितंबर में डेंगू से 651 लोगों के पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। गत सप्ताह एमसीडी के चार जोन में डेंगू का सबसे अधिक खतरा रहा। नजफगढ़ व दक्षिण जोन में सबसे अधिक डेंगू के 45-45 मामले सामने आए जबकि करोल बाग जोन में 41 व मध्य जोन में 30 डेंगू के मामले प्रकाश में आए। वहीं, अन्य जोन में भी डेंगू के मामले दो अंकों में दर्ज किए गए। उधर, एमसीडी के रिकॉर्ड के अनुसार, अभी तक डेंगू से किसी भी मौत की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, एक सप्ताह पहले एलएनजेपी अस्पताल व सफदरजंग अस्पताल ने अपने यहां एक-एक व्यक्ति की डेंगू से मौत होने का खुलासा किया था। एमसीडी ने डेंगू के मामलों को रोकने के लिए करीब नौ लाख घरों में सर्वे किया। इस दौरान 19 हजार से अधिक घरों में डेंगू का लार्वा मिला। इस कारण एमसीडी ने करीब साढ़े आठ हजार घरों को नोटिस दिए और 3330 घरों के चालान किए। बारिश के चलते दिल्ली में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सोमवार को बीते 24 घंटे में सफदरजंग अस्पताल में डेंगू के 20 संदिग्ध मरीज भर्ती हुए।

# हरियाणा में मध्य प्रदेश नहीं दोहराना चाहते राहुल-प्रियंका

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 24 सितंबर। हरियाणा में जितने कांग्रेस के बड़े नेता, उतना बड़ा उनका गुट। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस गुटबाजी को पार्टी की सफलता की राह का सबसे बड़ा रोड़ा मानते हैं। हरियाणा में विधानसभा चुनाव पर राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बारीक नजर रख रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी पार्टी में गुटबाजी के खिलाफ हैं। बताते हैं इसे केन्द्र में रखकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा को साफ संदेश दे दिया गया है। हुड्डा का पूरा आदर है, लेकिन उन्हें सभी को साथ लेकर चलने का सख्त संदेश दे दिया गया है। कांग्रेस हरियाणा में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव का कसैला स्वाद नहीं दोहराना चाहती। कांग्रेस हरियाणा विधानसभा की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस के सबसे बड़े क्षेत्रीय कमांडर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा हैं। राज्य में कांग्रेस की बड़ी दलित नेता कुमारी सैलजा हैं। सैलजा का सिरसा, हिसार, अंबाला में अच्छा प्रभाव है। राज्य में अनुसूचित जाति के लिए कुल 17 सीटें आरक्षित हैं, लेकिन इन सीटों पर अधिकांश उम्मीदवार हुड्डा की ही पसंद के हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने इस चुनाव में 90 में से 60-65 सीटें जीतने का पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिया है। उन्होंने इस लक्ष्य को पाने के लिए जो रोड मैप तैयार किया है, पार्टी के चुनावी रणनीतिकार काफी हद तक उससे सहमत हैं। उन्होंने ही हरियाणा में आम आदमी पार्टी समेत अन्य सहयोगियों से मिलकर चुनाव लड़ने की संभावना को खारिज भी किया था। इसलिए उनकी टिकट निर्धारण में चली भी है। किरण चौधरी के भाजपा में जाने और अशोक तंवर के भी पहले ही पार्टी छोड़ देने के कारण हरियाणा कांग्रेस और राज्य में भूपेन्द्र हुड्डा की पकड़ काफी मजबूत हो गई है। चौधरी वीरेन्द्र सिंह और राव इंद्रजीत सिंह ने भी भाजपा की राह पकड़ ली थी। इसने हुड्डा समीकरण को काफी मजबूत कर दिया। लेकिन हिसार, अंबाला, सिरसा में सैलजा थोड़ा दम खम रखती हैं। रणदीप सुरजेवाला भी हुड्डा विरोधी गुट के माने जाते हैं। दोनों लगातार विधानसभा चुनाव प्रचार में कम रुचि ले रहे थे। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में थे। दोनों की इच्छा अपने समर्थकों को टिकट दिलाने की भी थी। लिहाजा सैलजा ने अपने को घर और सीमित



दायरे तक समेट लिया था। रणदीप सुरजेवाला भी इसी तरह का संकेत दे रहे थे। बताते हैं शनिवार को इस संदर्भ में चर्चा हुई। अब रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा समेत अन्य नेता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए राजी हो गए हैं। 5 अक्तूबर को हरियाणा में 90 विधानसभा सीट के लिए वोट पड़ेंगे। 8 अक्तूबर को नतीजे आएंगे। इसलिए कांग्रेस का ध्यान अगले 10-12 दिन के लिए सभी आपसी मतभेद भुला देने पर केन्द्रित है। पार्टी नहीं चाहती कि हरियाणा में मध्य प्रदेश की स्थिति दोहराई जाए। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले तक के हर सर्वे में कांग्रेस को सरकार बनाने का अनुमान जताया जा रहा था। प्रियंका गांधी का सचिवालय कहता है कि इस भरोसे को आपसी गुटबाजी ने सेंध लगा दिया। नतीजा सामने हैं। कर्नाटक के एक बड़े कांग्रेस के नेता ने कहा कि हम सरकार इसलिए बना पाए, क्योंकि एकजुटता से लड़े। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में भी यही एकजुटता रही होती तो विधानसभा चुनावों का परिणाम कुछ और होता। तृणमूल कांग्रेस की एक नेता कहती हैं कि कांग्रेस में काफी नकेल कसे जाने के बाद भी गुटबाजी अभी बड़ी समस्या बनी हुई है।

## सीएम स्टालिन ने दिए उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने के संकेत

चेन्नई, 24 सितंबर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को संकेत दिए कि खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने मत्रिमंडल में फेरबदल के भी संकेत दिए। जब पत्रकारों ने उनसे मंत्रीमंडल में फेरबदल के बारे में और उदयनिधि को डिप्टी सीएम बनाने को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कुछ ही शब्दों में इसका जवाब दिया। उन्होंने बस इतना कहा कि कोई निराशा नहीं होगी। बदलाव होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, कोई निराशा नहीं होगी। बदलाव होगा। स्टालिन ने अपने अगले सवाल पर कहा कि सरकार पूर्वोत्तर मानसून से निपटने के लिए तैयार है। राज्य के मुख्य सचिव पहले ही शीर्ष अधिकारियों से चर्चा कर चुके हैं। वह अधिकारियों के साथ विचार विमर्श भी करेंगे। विपक्ष उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान प्राप्त निवेश पर श्वेत पत्र की मांग कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने पहले ही बयान जारी कर चुके हैं। वह अपने आप में एक श्वेत पत्र है। स्टालिन के अमेरिका दौरे के दौरान राज्य सरकार ने कुल मिलाकर 18 कंपनियों के साथ 7,616 करोड़ रुपये के समझौते किये। स्टालिन जब राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए अमेरिका दौरे पर गए और फिर 14 सितंबर को अपनी वापसी के दौरान उन्होंने मंत्रिमंडल में फेरबदल के संकेत दिए थे। स्टालिन दो बार मंत्रिमंडल में फेरबदल के संकेत दिए। पार्टी उम्मीदवारों और पदाधिकारियों द्वारा उदयनिधि स्टालिन के लिए सरकार में एक बड़ी भूमिका की उम्मीद की जा रही है।

# अमेरिकी दौरे से वापस लौटे पीएम मोदी

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 24 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा समाप्त कर वतन वापस आ गए हैं। वे विमान से मंगलवार रात दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने शनिवार को विलमिंगटन में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने रविवार को लॉन्ग आइलैंड में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के हजारों सदस्यों के विशाल कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के भविष्य का शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने इन तीनों दिन विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी की। उनके दौरे को देश में उनकी सरकार के साथियों समेत उनकी अपनी पार्टी के दिग्गज नेताओं ने ऐतिहसिक करार दिया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने ट्वीट किया, मैं प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करता हूं क्योंकि वे संयुक्त राज्य अमेरिका की सफल यात्रा के बाद भारत लौट रहे हैं। हम भाग्यशाली हैं कि हमें ऐसे राजनेता के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है। उन्होंने राष्ट्रों के बीच भारत की स्थिति को मजबूत किया है और निस्संदेह एक बड़े विश्व नेता के रूप में उभरे हैं, जो समुदायों और देशों को एक साथ ला रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में उनका संबोधन विश्व नेताओं के लिए भारत के महत्व और आने वाले वर्षों में वैश्विक मंच पर हमारी भूमिका के महत्व का प्रमाण है। बिहार के



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाने के लिए लिए गए निर्णय स्वागत योग्य हैं। दोनों देशों के बीच लिए गए निर्णयों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं और उनसे उत्पन्न होने वाले नए अवसरों को लेकर बिहार की जनता उत्साहित है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, एक भारतीय होने के नाते मुझे प्रधानमंत्री मोदी पर गर्व है। उनकी हर अंतरराष्ट्रीय यात्रा न केवल देश के सम्मान को बढ़ाती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश की मजबूत पहचान को भी बढ़ाती है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अगर भारत कुछ बोलता है तो दुनिया सुनती है, क्योंकि भारत ने हर क्षेत्र में योगदान दिया है। जिस तरह से प्रधानमंत्री ने अलग-अलग कंपनियों के ष्टश्वह्र से मुलाकात की। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मजबूत पहचान को दर्शाता है। क्वाड समिट में भी अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। यह एक मजबूत भारत, एक विकसित भारत की ओर एक कदम है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं और इस यात्रा के सफल समापन के लिए उन्हें बधाई देता हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, वैश्विक नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा समाप्त कर आज भारत लौट रहे हैं।

## अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर घिरे मोहम्मद यूनुस

**कौमी संवाददाता**

न्यूयॉर्क, 24 सितंबर। न्यूयॉर्क में 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने गए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर घिरते नजर आए। होटल से बाहर निकलते वक्त जब मीडिया ने उनसे सवाल पूछे तो मोहम्मद यूनुस ने कन्नी काटी। इस दौरान उन्हें होटल के बाहर विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने और मोहम्मद यूनुस के अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने के बाद अल्पसंख्यकों और हिंदूओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। मोहम्मद यूनुस इन दिनों न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने गए हैं। यहां होटल के बाहर जब भारतीय मीडियाकर्मियों ने उनसे अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर सवाल किए तो वे बचते दिखे। होटल से निकलते वक्त यूनुस के सुरक्षाकर्मी पत्रकारों को उनसे दूर करने की कोशिश करते



रहे। इस दौरान होटल के बाहर कुछ प्रदर्शनकारियों ने यूनुस वापस जाओ के नारे भी लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मोहम्मद यूनुस गंदी राजनीति के साथ सत्ता में आए हैं। उन्होंने बहुत सारे लोगों की हत्या के बाद सत्ता हासिल की है। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम शांति चाहते हैं। बलपूर्वक सत्ता हासिल करने के बाद यूनुस ने अल्पसंख्यकों को मारना शुरू कर दिया। वे घरों को जला रहे हैं और मस्जिदों को जला रहे हैं। अल्पसंख्यक बांग्लादेश में सुरक्षित नहीं हैं। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के मुताबिक मोहम्मद यूनुस अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अलावा कई सारी बैठके करेंगे।

## मंदिरों की देखभाल हिंदू समाज को सौंपने के लिए अभियान चलाएगी विहिप

नई दिल्ली24 सितंबर। हिंदू मन्दिरों का पूर्ण नियंत्रण हिन्दू समुदाय के हाथों में सौंपने के लिए विश्व हिन्दू परिषद एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगी। इस अभियान के अंतर्गत विहिप के सभी राज्य इकाई अपने यहां जनजागरण अभियान चलाएंगे। वे मुख्यमंत्री और राज्यपालों से मिलकर मन्दिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए ज्ञापन देंगे। विहिप का कहना है कि मन्दिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए धरना-प्रदर्शन और सामाजिक जनजागरण किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) नेता डॉ सुरेंद्र जैन ने मंगलवार को एक प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि न्यायालयों ने अपने कई निर्णयों में यह स्पष्ट कहा है कि मंदिरों का प्रशासन चलाना सरकार का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से तिरुपति विवाद सामने आए हैं, उससे यह साफ हो जाता है कि अब हिन्दू मंदिरों का प्रशासन हिन्दू समाज को सौंप देनी चाहिए।

# 10 अक्तूबर से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाएं: मुख्यमंत्री योगी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

लखनऊ, 24 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी दिनों में शारदीय नवरात्रि, दशहरा तथा दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के दृष्टिगत प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्तूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति और सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। उन्होंने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत एवं



ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूर्ण न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी व ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्ते स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के पास सड़क मरम्मत के लिए पर्याप्त इक्विपमेंट होने चाहिए। सड़कों के पैच ठीक करने की कार्रवाई ऑटो मोड पर की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर किए जाने वाले बेतरतीब कार्यों से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। सड़कों पर सीवर लाइन तथा पाइपलाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए।

## अब कृषि कानूनों पर टिप्पणी कर फंसी कंगना रनौत

नई दिल्ली, 24 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी की सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत एक बार फिर विवादों में हैं। इस बार उन्होंने वापस लिए जा चुके तीन कृषि कानूनों पर बयान दिया है। दरअसल, उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे वापस लिए जा चुके कृषि कानूनों को फिर से लागू करने की बात करते दिखाई दे रही हैं। वीडियो में मंडी सीट से सांसद एक वक्त विवादों में घिरे कृषि कानूनों पर बोलती नजर आ रही हैं। इसमें कंगना इन कानूनों को दोबारा लागू करने की वकालत करती नजर आ रही हैं। इस पर कांग्रेस ने कड़ी टिप्पणी की है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेता ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि जिन तीन काले किसान विरोधी कानूनों की मुखालिफत करते 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गए। उनको दोबारा से लाने की कोशिश की जा रही है। हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। सबसे पहला जवाब हरियाणा देगा। दरअसल, वीडियो में कंगना को यह कहते हुए देखा जा सकता है कि किसानों के वह कानून, जो अब वापस ले लिए गए हैं, मुझे पता है कि यह बयान विवादास्पद हो सकता है, लेकिन तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद इसकी मांग करनी चाहिए। तीन कानून किसानों के लिए फायदेमंद थे।

# बदलापुर मामले में आरोपी को स्कूल प्रबंधन बचा रही सरकार: संजय राउत

**नरेश मल्होत्रा**

मुंबई, 24 सितंबर। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मंगलवार को बदलापुर कांड के आरोपी अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन को बचाने की कोशिश कर रही है। राउत ने कहा कि इस मुठभेड़ की परिस्थितियां संदिग्ध हैं। लेकिन ऐसे आरोपियों के प्रति सहानुभूति दिखाने की भी जरूरत नहीं है। राउत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए आगे कहा, लेकिन जो हत्या या मुठभेड़ हुई, वह मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) को बचाने के लिए की गई। यह कैसे संभव है कि एक सफाईकर्मी एक पुलिस कर्मी से बंदूक छीन ले और फिर ताबड़तोड़ गोलीबारी करे? यह एक बुनियादी सवाल है। अक्षय शिंदे पर महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म का आरोप था। सोमवार की शाम वह पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारा गया। यह घटना तब हुई, जब उसे पुलिस के वाहन में तलोजा जेल से बदलापुर लाया जा रहा था। राउत ने आरोप लगाया कि सरकार स्कूल प्रबंधन को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्कूल प्रबंधन को बचाना चाहते हैं और इसके लिए वे सबूत नष्ट करना चाहते हैं। यह एक बड़ी साजिश है। जिन लोगों को बचाया जा रहा है, उन्हें मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का संरक्षण हासिल है। राज्यसभा सदस्य ने यह भी कहा कि यौन शोषण की घटना के बाद से स्कूल के सीसीटीवी फुटेज गायब हो गए हैं। यह स्कूल भाजपा से जुड़ा है और कल की कहानी (अक्षय शिंदे की मौत) उन्हें बचाने के लिए बनाई गई। वहीं, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद नरेश म्हस्के ने विपक्षी दलों की की आलोचना की। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के प्रदर्शन और पुलिस पर सवाल उठाने के प्रयास राजनीति से प्रेरित हैं। महस्के ने कहा, हमारी पुलिस की बहादुरी को सवालों के घेरे में लाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सिद्धारमैया की याचिका खारिज कर दी। सिद्धारमैया ने भूमि आबंटन के संबंध में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामला दर्ज करने की राज्यपाल द्वारा दी गई मंजूरी के खिलाफ याचिका दायर की थी। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मुडा मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। उच्च न्यायालय के ताजा फैसले के बाद मुख्यमंत्री के खिलाफ मुडा मामले में अब मुकदमा चलाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस बारे में विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे कि क्या कानून के तहत ऐसी जांच की अनुमति है या नहीं। यह मामला कर्नाटक के मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूमि आबंटन में



कथित अनियमितता से जुड़ा हुआ है। विपक्ष का आरोप है कि मुख्यमंत्री इस भ्रष्टाचार में सीधे संलिप्त हैं और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उधर मुख्यमंत्री लगातार सारे आरोपों को झूठा बता रहे हैं। आइए टाइमलाइन में जानते हैं कि आखिर मुडा भूमि घोटाला क्या है? इस मामले में किस पर और क्या आरोप लगे हैं? मामले की शुरुआत कैसे हुई? राज्यपाल की तरफ से इस मामले में क्या कार्रवाई की गई? अदालत में क्या हो रहा है? विपक्ष क्या आरोप लगा रहा है? कर्नाटक के सीएम आरोपों पर क्या कह रहे हैं? मुडा में कथित गड़बड़ी का मामला जुलाई के शुरुआत में सामने आया था। 1 जुलाई को आईएएस अधिकारी वेंकटचलपति आर के नेतृत्व में जांच के लिए एक सरकारी आदेश जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि प्रथम दृष्टया मुडा के भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं का संदेह है। इसमें कहा गया कि भूखंडों को पात्र लाभार्थियों को देने के बजाय, उन्हें प्रभावशाली लोगों और रियल एस्टेट एजेंटों को आवंटित किए जाने की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद राज्य के शहरी विकास मंत्री ब्यारती सुरेश ने 1 जुलाई को मैसूर में एक बैठक की और मुडा आयुक्त दिनेश कुमार सहित चार अधिकारियों का तबादला कर दिया। राज्य में कथित घोटाले की खबरें सामने आने के बाद, कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने दावा किया कि सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को भी नियमों का उल्लंघन करते हुए एक वैकल्पिक साइट दी गई। दरअसल, मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50त्न के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार द्वारा योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50:50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया। आरोप है कि मुख्यमंत्री की पत्नी की 3 एकड़ और 16 गुंटा भूमि मुडा द्वारा अधिग्रहित की गई। इसके बदले में एक महंगे इलाके में 14 साइटें आवंटित की गईं। मैसूर के बाहरी इलाके केसारे में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार स्वरूप दी थी। आरोप है कि मुडा ने इस जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर तृतीय चरण की योजना विकसित कर दी। मुआवजे के लिए मुख्यमंत्री की पार्वती ने आवेदन किया जिसके आधार पर, मुडा ने विजयनगर ढ्ढढ्ढ और ढ्ढङ्क फेज में 14 साइटें आवंटित कीं। यह आवंटन राज्य सरकार की 50:50 अनुपात योजना के तहत कुल 38,284 वर्ग फीट का था। जिन 14 साइटों का आवंटन मुख्यमंत्री की पत्नी के नाम पर हुआ उसी में घोटाले के आरोप लग रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि पार्वती को मुडा द्वारा इन साइटों के आवंटन में अनियमितता बरती गई है। कई भाजपा नेताओं ने कथित घोटालों को लेकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया।

## इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**एजेंसी**

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के गोरोंटालो प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी, लेकिन इसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें नहीं उठीं। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार मंगलवार को तड़के 02¬51 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र गोरोंटालो शहर से 77 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 132 किमी की गहराई में था। एजेंसी ने पहले इसकी तीव्रता 6.4 बताई, फिर इसे घटा दिया और सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की। प्रांतीय आपदा प्रबंधन एजेंसी की आपातकालीन इकाई के प्रमुख सेम्बिरिंग हेंड्री ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि झटके काफी महसूस किए गए, जिससे निवासियों को अपने घरों से बाहर निकलना पड़ा, लेकिन इसके कारण किसी तरह के नुकसान या हताहत की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि आकलन अभी भी जारी है।

## लेबनान पर इजरायली हमलों में मौत का आंकड़ा 356 हुआ



**बेरूत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति केंद्र ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में बस्तियों पर इजरायली हमलों में नागरिकों की मौत की संख्या बढ़कर 356 हो गई है, जबकि 1024 नागरिक घायल हुए हैं। इससे पहले दिन में इसने कहा कि लेबनान में नागरिकों की मौत की संख्या बढ़कर 274 हो गई है, जबकि 1024 नागरिक घायल हुए हैं। बयान के अनुसार, हमले में 24 बच्चों और 42 महिलाओं सहित 356 लोग मारे गए और 1,246 लोग घायल हुए।

## अमेरिकी न्यायाधीश ने ट्रंप की हत्या के प्रयास के संदिग्ध को गिरफ्तार करने का दिया आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास के संदिग्ध को बिना जमानत के गिरफ्तार करने का आदेश दिया। यह जानकारी सीएनबीसी ने दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संदिग्ध, 58 वर्षीय रयान राउथ को बंदूक रखने और मिटाए गए सीरियल नंबर के साथ बंदूक रखने के आरोप में हिरासत में रखा जाएगा। पिछले महीने, यूएस सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने राउथ पर गोल्फ कोर्स के पास फायरिंग की, जहां उस समय ट्रंप खेल रहे थे। इससे पहले आज एक अदालती फाइलिंग में कहा गया कि राउथ ने कथित रूप से एक हस्तलिखित पत्र में अपने कार्यों को ट्रम्प के खिलाफ हत्या का प्रयास बताया था। हालांकि, अभियोजकों ने अभी तक राउथ पर इस प्रकार काआरोप नहीं लगाया है।

## काबुल में पुलिस ने किया 27 नशा तस्करों को गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की मादक पदार्थ निरोधक पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी काबुल में मादक पदार्थों की तस्करी और खरीदारी के मद्देनजर 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तस्करों को काबुल के आसपास चलाए गए मादक पदार्थ निरोधक अभियानों के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान हशीश और टैबलेट, पश्चिमी देशों में निर्मित ड्रग सहित ड्रग्स की खेप जब्त की गयी है। इसी तरह, पुलिस ने रविवार को पूर्वी नंगरहार प्रांत में एक कथित ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 19 किलोग्राम मेथामफेटामाइन नशीला पदार्थ जब्त किया गया है। अफगान कार्यवाहक सरकार ने देश भर में नशीले पदार्थों के उत्पादन और उसकी तस्करी के खिलाफ लड़ने की कसम खाई है।

## पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की धारा और आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धारा के तहत दर्ज प्रथामिकी के अनुसार, संदिग्ध पर चार अलग-अलग पोस्ट में पवित्र पैगंबर मुहम्मद (पीबीयूएच) के खिलाफ घृणास्पद सामग्री साझा करने का आरोप लगाया गया है।

# जॉर्डन ने लेबनान जाने वाली उड़ानों को किया निलंबित

**एजेंसी**

**अम्मान।** जॉर्डन के नागरिक उड्डयन नियामक आयोग ने बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और नागरिक उड्डयन में सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता का हवाला देते हुए अगली सूचना तक लेबनान जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया है। जॉर्डन की सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार आयोग ने कहा कि बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और नागरिक उड्डयन में सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता लेबनान के लिए जॉर्डन की एयरलाइनों की उड़ानों को निलंबित कर दिया है। वहीं जॉर्डन के ध्वजवाहक रॉयल जॉर्डनियन एयरलाइंस ने भी घोषणा की कि वह नागरिक उड्डयन नियामक आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए 48 घंटे के लिए लेबनान की उड़ानें निलंबित कर देगा। उधर, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, लेबनान में इजरायली हवाई हमलों के कारण 356 लोग मारे गए, जिनमें 24 बच्चे और 42 महिलाएं शामिल थीं। वहीं 1,246 अन्य घायल हुए हैं।



इजरायली सेना ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में तीव्र हवाई हमले किये, जिसके कारण हजारों निवासियों को बेरूत और माउंट लेबनान की ओर विस्थापित होना पड़ा है।

# माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

**एजेंसी**

**बमाको।** पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। श्री गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ÷जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे।

मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो 'चुनौतियों के बावजूद,' राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। श्री गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक 'पवित्र संघ' की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इस लड़ाई में जीत के लिए नागरिकों और



भागीदारों के निरंतर समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हम आपसी सम्मान और जीत सहयोग की भावना में अपने सभी भागीदारों के साथ खुले हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि माली, कन्फेडरेशन ऑफ अलायंस ऑफ साहेल स्टेट्स में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर आतंकवादी खतरे को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

# भारत मानवता के हितों की रक्षा एवं वैश्विक समृद्धि के लिए प्रतिबद्धता से काम करता रहेगा : मोदी

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक महत्वाकांक्षा के आधार पर ही सामूहिक कदम तय करने पर बल देते हुए कहा है कि पूरी मानवता के हितों की रक्षा एवं वैश्विक समृद्धि एवं कल्याण के लिए भारत पूरी प्रतिबद्धता से काम करता रहेगा।

श्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के लिए आयोजित शिखर-सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय का दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत और 140 करोड़ देशवासियों की ओर से अभिवादन करते हुए कहा कि वह मानव जाति के छठवें भाग की आवाज आप तक पहुँचाने यहाँ आया हैं। आज जब हम वैश्विक भविष्य की बात कर रहे हैं, तो उसमें मानव केन्द्रित रुख सर्वप्रथम होना चाहिए। सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए, हमें मानव कल्याण, भोजन, स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत में 25 करोड़ लोगों को ग़रीबी से बाहर



निकाल कर हमने यह दिखाया है कि सतत विकास सफलता हासिल कर सकता है। सफलता का हमारा यह अनुभव, हम वैश्विक दक्षिण के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। श्री मोदी ने कहा कि मानवता की सफलता हमारी सामूहिक सफलता में निहित है न कि युद्ध के मैदान में। और वैश्विक शांति एवं विकास के लिए, वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक हैं। सुधार से ही प्रासंगिकता होती है। गत वर्ष जी-20 के नयी दिल्ली शिखर-सम्मेलन में अफ्रीकी संघ की स्थाई सदस्यता, इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

श्री मोदी ने कहा, वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए, एक तरफ आतंकवाद जैसा बड़ा खतरा है, तो दूसरी तरफ साइबर, समुद्री क्षेत्र, अंतरिक्ष जैसे अनेक संघर्ष के नए नए मैदान भी बन रहे हैं। इन सभी विषयों पर, मैं जोर देकर कहूंगा कि वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा के अनुरूप होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदाराना इस्तेमाल के लिए संतुलित विनियमन की आवश्यकता है। हमें ऐसा वैश्विक डिजिटल शासन चाहिए, जिससे राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रहे। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा एक सेतु की तरह काम करे, न कि बाधा डाले। वैश्विक कल्याण के लिए, भारत अपना डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे विश्व से साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य One Earth" एक प्रतिबद्धता है। यही प्रतिबद्धता हमारे एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य और एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड जैसी पहलों में भी दिखाई देता है। श्री मोदी ने कहा, पूरी मानवता के हितों की रक्षा और वैश्विक समृद्धि के लिए भारत मनसा-वाचा-कर्मणा से काम करता रहेगा।

# भारतीय उच्चायुक्त ने श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात की

**एजेंसी**

**कोलंबो।** भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने श्रीलंका के नवनिर्वाचित



राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से नेशनल पीपुल्स पावर के बत्तरामुल्ला स्थित कार्यालय में मुलाकात की। भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा , श्री झा ने भारत के नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं और जनादेश हासिल करने पर श्री दिसानायके को बधाई दी।' भारतीय उच्चायोग ने आगे कहा , 'श्रीलंका के सभ्यतागत जुड़वाँ के रूप में भारत हमारे दोनों देशों के लोगों की समृद्धि के लिए संबंधों को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

# लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को कहा कि इज़रायल और हिज़्बुल्लाह के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। श्री गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है।

लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा, ÷क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और



इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार और बुधवार को लेबनान में संचार उपकरणों में विस्फोट के बाद इजरायल-लेबनान सीमा पर तनाव तेजी से बढ़ गया है। संचार उपकरणों के विस्फोट में 37 लोग मारे गए और लगभग 3,000 लोग घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल ने शुक्रवार को बेरूत में हवाई हमला किया जिसमें कम से कम 45 लोग मारे गए। हिज्बुल्लाह ने कथित तौर पर उत्तरी इजरायल में 100 से अधिक रॉकेट दागे हैं। इजरायली सेना और हिज्बुल्लाह आठ अक्टूबर, 2023 से इजरायल-लेबनान सीमा पर गोलीबारी कर रहे हैं जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि लगभग एक साल से चल रहा टकराव पूर्ण पैमाने पर युद्ध में बदल सकता है।

## मोरक्को में आठ टन से अधिक भांग जब्त

**एजेंसी**

**रबात।** मोरक्को में शनिवार को पश्चिमी बंदरगाह शहर सफी में एक अभियान के दौरान 8.1 टन भांग राल जब्त की गयी। राष्ट्रीय सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएसएन) ने रविवार को यह घोषणा की।

डीजीएसएन ने एक बयान में कहा कि स्थानीय पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने मोरक्को में पंजीकृत एक मालवाहक ट्रक में छिपाए गए भांग राल की 199 गांठें जब्त कीं जिन्हें समुद्र के रास्ते अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट के लिए भेजा जाना था। अधिकारियों ने 24 से 48 वर्ष की आयु के 21 व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क में उनकी संदिग्ध संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया। समाचार एजेंसी एमएपी ने बताया कि कानून प्रवर्तन द्वारा बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी की योजना बनाने वाले एक आपराधिक नेटवर्क के सबूतों को उजागर करने के बाद कई सप्ताह तक खुफिया जानकारी जुटाने और




निगरानी करने के बाद यह अभियान चलाया गया। एजेंसी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति अब नेटवर्क की गतिविधियों की पूरी सीमा का पता लगाने के लिए न्यायिक जांच के दायरे में हैं।

## ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

इरना ने प्रांतीय चिकित्सा आपातकाल और आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख ताकी दोलताबादी के हवाले से बताया कि भूकंप में घायल हुए अधिकांश लोगों को फ्रैक्चर और मानसिक आघात हुआ जिनमें से 18 को प्राथमिक उपचार




दिया गया और कुछ को चिकित्सा देखभाल के तहत रखा गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रांत में सभी चिकित्सा आपातकालीन कर्मी, केंद्र और त्वरित प्रतिक्रिया दल पूरी तरह से अलर्ट पर हैं।

## इराक के आतंकवादी गुट ने जॉर्डन घाटी में इज़रायली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**एजेंसी**

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इज़रायली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला, 'गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में'किया गया था जिसमें 'दुश्मन के गढ़ों' को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी।

इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़रायल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इज़रायली सैन्य



अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर 2023 को गाजा में इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष की शुरुआत के बाद से इराक में इस्लामिक प्रतिरोध ने गाजा में फिलिस्तीनियों के समर्थन में इस क्षेत्र में इजरायल और अमेरिकी ठिकानों पर कई हमले किए हैं।

## उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में राजनयिकों के काफिले पर हमले में पुलिसकर्मी की मौत

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत से राजधानी इस्लामाबाद जा रहे राजनयिकों के एक समूह को ले जाते समय एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केपी के स्वात जिले में एक अग्रिम स्काउट पुलिस वाहन विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से टकरा गया। जिसके परिणामस्वरूप पुलिस हताहत हुई। बयान में कहा गया है कि राजनयिकों का समूह सुरक्षित इस्लामाबाद लौट आया है।

विदेश कार्यालय ने कहा, हमारी संवेदनाएं मृत पुलिसकर्मी के परिवारों और घटना में घायल हुए तीन लोगों के साथ हैं।÷ उन्होंने कहा कि इस तरह के आतंकवादी कृत्य पाकिस्तान



को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से नहीं डिगा पाएंगे। पुलिस सूत्रों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि राजनयिकों के प्रतिनिधिमंडल में स्थानीय वाणिज्य चैंबर के प्रतिनिधियों के साथ राजदूत, अटैची और उनके परिवार शामिल थे। 'डॉन' न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

# राजस्थान के तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त, 23 यात्री घायल

**एजेंसी**

**काठमांडू।** राजस्थान के तीर्थ यात्रियों की एक बस नवलपरासी जिले के नवलपुर के पास मंगलवार की सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में कुल 43 यात्री सवार थे, जिसमें 23 यात्री घायल हो गए हैं। यह बाद काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करके वापस राजस्थान लौट रही थी। बस में सवार यात्रियों के मुताबिक तीव्र गति से चल रही बस के अनियंत्रित होने के बाद सड़क के किनारे पलट गई।

नवलपरासी जिले के पुलिस डीएसपी वेद बहादुर पौडेल के मुताबिक मंगलवार की सुबह राजस्थान की बस (आरजे 14



पीसी 3545) दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें 23 यात्रियों के घायल होने के बाद उन्हें पास के ही अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। डीएसपी पौडेल ने बताया कि बस में सवार 45 यात्रियों में से बाकी सकुशल हैं। उन्होंने कहा कि घायल यात्रियों के उपचार के बाद इन सभी को दूसरी बस से भेजने की व्यवस्था की जा रही है। राजमार्ग में तय गति सीमा से अधिक गति में गाड़ी चलाने की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक को नियंत्रण में ले लिया है। चालक ने पुलिस को बताया कि सुबह के समय सड़क खाली होने के कारण वो अत्यधिक गति से गाड़ी चला रहा था।

## बांग्लादेश के पूर्व आईजी अल-मामून चार दिन के पुलिस रिमांड पर

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद सैफुज्जमां की अदालत ने आज पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को एक केस में चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। यह केस अगस्त में विरोध प्रदर्शन के दौरान 16 वर्षीय मोहम्मद इस्मामुल हक की मौत से संबंधित है।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार द डेली स्टार की खबर के अनुसार, शाहबाग पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर और जांच अधिकारी मोहम्मद मैनुल इस्लाम खान पुलुक



ने मामून को अदालत में पेश करते हुए 10 दिन का रिमांड मांगा। अदालत ने सिर्फ चार दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गंभीर आरोपों का सामना कर रहे जेल में बंद पूर्व कानूनमंत्री अनीसुल हक और पूर्व आईजी मामून पर कल एक और केस पंजीकृत किया गया था। यह केस पांच अगस्त को आरक्षण सुधार आंदोलन के दौरान हाफिज मोहम्मद जुबैर अहमद की हत्या से संबंधित है। उल्लेखनीय है कि पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अल-मामून को तीन सितंबर को ढाका के उत्तरा इलाके से गिरफ्तार किया गया था।

## अपराधियों के साथ सपा के चलने की नीति को दोहरा रहे अखिलेश यादव : भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने बात करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि वो अपराधियों के साथ सपा के चलने की नीति को दोहरा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, अखिलेश यादव आतंकवादी और अपराधियों के साथ समाजवादी पार्टी के चलने की नीति को दोहरा रहे हैं। सपा प्रमुख कह रहे हैं कि एनकाउंटर करने वाले कमजोर होते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि कमजोर वो लोग होते हैं, जो बकरी चोर आजम खान के चरण पखारते हैं, मुख्तार अंसारी के कब्र पर जाकर सजदा करते हैं और अतीक अहमद के कुत्ते को सहलाने में खुद को धन्य पाते हैं। इसके अलावा प्रेम शुक्ला ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का भी समर्थन किया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह निश्चित है। जब 1947 में बटे थे तो 10 लाख लोग कटे थे। नौआखाली, लाहौर, सियालकोट, मुजफ्फरनगर और मुंबई में कटे थे। मुख्यमंत्री योगी इस ऐतिहासिक सत्य की याद दिला रहे हैं।

## डूसू चुनावः एनएसयूआई के लिए छात्रों के बीच पहुंचे कन्हैया कुमार और अन्य कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के मद्देनजर पूर्वांचल से जुड़े छात्रों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। आगामी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों से पहले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने छात्रों का समर्थन हासिल करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान कन्हैया कुमार समेत कई कांग्रेसी नेता एनएसयूआई के समर्थन में आगे आए। बिहार निवासी कन्हैया कुमार, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। एनएसयूआई का कहना है कि चुनावों में उनको पूर्वांचल के छात्रों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस कार्यक्रम में पूर्वांचल के छात्रों ने अच्छी संख्या में हिस्सा लिया। यहां छात्रों के बीच अपनी बात रखते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने पूर्वांचल क्षेत्र के साथ अपने गहरे नाते और यादों को व्यक्त किया। चौधरी ने कहा, मेरा पूर्वांचल से व्यक्तिगत जुड़ाव है, मैं लंबे समय तक एनएसयूआई पूर्वांचल का प्रभारी था। हाल के लोकसभा चुनावों में, पूर्वांचल के लोगों ने इंडिया गठबंधन को रोजगार और बदलाव के मुद्दे पर भरपूर वोट दिया। उसी प्रकार, मैं मानता हूं कि आगामी छात्र संघ चुनावों में पूर्वांचल के छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वे रोजगार और बेहतर शिक्षा के मुद्दे एनएसयूआई को वोट देंगे।

## नवादा में 34 घरों में आगजनी सामाजिक अपराध, भाजपा शासित राज्यों में बढ़ रहे दलितों पर अत्याचार : वृंदा करात

नई दिल्ली। बिहार के नवादा जिले में दलित बस्ती में हुई आगजनी की घटना को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की नेता वृंदा करात ने इसे सामाजिक अपराध बताया है। सीबीआई जांच की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि 34 से अधिक दलितों के घरों को कैसे जला दिया गया? क्यों जले? क्या इसके पीछे जाति प्रथा और नफरत है? हिंदुत्व में जाति प्रथा का जो प्रचलन है उसी के कारण आज बिहार में यह घटना घटी। उन्होंने आगे कहा कि, जहां-जहां भाजपा की सरकारें हैं वहां दलितों पर अत्याचार की संख्या बढ़ रही है। विशेषकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में इस तरह के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। जब तक आप अपराधियों को सजा नहीं दिलाएंगे तब तक आप दलितों के शोषण को नहीं रोक पाएंगे। भाजपा ने जाति प्रथा आधारित नफरत की राजनीति को बल दिया है।

वहीं उन्होंने आगे कहा कि, आतिशी ने संविधान के अनुसार सीएम पद की शपथ ली है। ऐसे में निश्चित तौर पर उनके ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली की जनता यह उम्मीद करती है कि आतिशी अगले छह महीने के कार्यकाल में बेहतर काम करेगी। मुझे भरोसा है कि वह संविधान के मुताबिक दिल्ली की सरकार चलाएगी और जनहित में फैसले लेगी।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री बनते ही ड्रामेबाजी कर रही हैं आतिशी : हर्ष मल्होत्रा

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने पदभार संभाल लिया। उन्होंने अपनी कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखी है। उन्होंने खुद को भरत बताते हुए दावा किया है श्री राम इस कुर्सी पर कुछ महीनों बाद बैठेंगे। मुख्यमंत्री आतिशी के इस बयान पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने पलटवार किया। उन्होंने बातचीत में कहा कि यह बहुत शर्म की बात है, दिल्ली में मुख्यमंत्री महिला बनती हैं, लेकिन वह भी ड्रामेबाजी कर रही हैं। उन्होंने कहा, पिछले 10 साल में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में काम नहीं किया और जनता को मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई। दिल्ली की नई सीएम आतिशी को उन कामों को ठीक करना चाहिए था, लेकिन वह ड्रामा कर रही हैं। उन्हें ड्रामा करने के लिए दिल्ली का मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया है। वह भी भ्रष्टाचारियों को फॉलो कर रही हैं और उनको अपना आदर्श मान रही हैं। हर्ष मल्होत्रा ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया 20 महीने तक जेल में रहे और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी 6 महीने तक जेल में रहकर आए।

# द्वारका विधानसभा में मनीष सिसोदिया ने पदयात्रा कर जनता से संवाद किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने द्वारका विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि अगर दिल्ली की जनता मानती है कि मैने शिक्षा पर काम किया है और ईमानदार हूं तो चार महीने बाद चुनाव में अपना आशीर्वाद देगी और उसके बाद मैं शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। इस दौरान स्थानीय विधायक समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल की तस्वीर देखता हूं, तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक केवल एक ही चीज़ याद आती है कि



ईमानदारी की राजनीति क्या होती है? कश्मीर से कन्याकुमारी तक कहीं भी कोई भ्रष्ट नेता केजरीवाल की तस्वीर देख लेता है तो सोचता है कि यह आदमी हमारे राज्य में न आ जाए, वरना राशन-पानी बंद कर देगा। पूरे देश में ईमानदारी की एक ही पहचान, केजरीवाल और झाड़ू का निशान है। आम आदमी पार्टी के जज्बे और उसकी एकजुटता के लिए हमारे कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। इन्होंने मुझे 17 महीने तक जेल में रखा। इनकी कोशिश थी कि इन्हें डरा दिया जाए ताकि हम काम न कर पाएं। बाकी पार्टियों के नेता गुंडई दिखाकर पार्क की जमीन पर कब्जा कर लेंगे, किसी कॉलोनी की जमीन, स्कूल या प्राइवेट प्रॉपर्टी को कब्जा लेंगे। आम आदमी पार्टी इन कब्जों को छुड़ाने के लिए आई है। इन कब्जों को छुड़ाकर हमने वहां शानदार स्कूल बनवाए। यह हिम्मत पूरे देश में केवल आम आदमी पार्टी ही दिखा सकती है। ये लोग हमारी इसी हिम्मत से डरते हैं।

## दिल्ली भाजपा ने 'जनता का मुद्दा विधानसभा में' अभियान का किया शुभारंभ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ पार्टी के नेता और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विजेंद्र गुप्ता ने 'जनता का मुद्दा विधानसभा में' अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान की शुरूआत कनॉट प्लेस से की गई। वीरेंद्र सचदेवा के साथ पार्टी के अन्य नेता भी इस अभियान में मौजूद रहे। इस पहल के तहत भाजपा दिल्ली के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में यह अभियान चलाएगी। इसमें भाजपा जनता से बात करेगी और समस्याओं का सामना कर रही जनता से प्रतिक्रिया मांगेगी ।



उल्लेखनीय है कि इसे पहले भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा और हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार की शुरूआत की गई, जिसमें जनता की सभी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी और उसका निवारण भी किया जाएगा।

# एबीवीपी का डूसू चुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के डूसू अध्यक्ष पद उम्मीदवार ऋषभ चौधरी, उपाध्यक्ष पद उम्मीदवार समेत एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। एबीवीपी से डूसू चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार दो-समूहों में विभाजित हुए डीयू के 52 कॉलेजों और विभागों तक अपने मुद्दों को पहुंचाने लिए जुट गए हैं। साथ? ही डूसू चुनाव में एबीवीपी से जुड़े पांच हजार से अधिक छात्र भी इन कॉलेजों में प्रचार में लगे हैं।

एबीवीपी से उपाध्यक्ष पद उम्मीदवार भानू प्रताप सिंह तथा संयुक्त सचिव उम्मीदवार अमन कपासिया ने खालसा कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, रामजस कॉलेज, हंसराज, हिंदू कॉलेज, विधि संकाय के तीनों परिसरों (विधि केंद्र परिसर, विधि केंद्र-1 एवं विधि केंद्र-2) आदि कॉलेजों में प्रचार किया वहीं डूसू में एबीवीपी से अध्यक्ष पद उम्मीदवार ऋषभ चौधरी व सचिव पद उम्मीदवार मित्रवृंदा करनवाल शहीद भगतसिंह कॉलेज, दयाल सिंह




महाविद्यालय से होते हुए शिवाजी कॉलेज, कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज आदि कॉलेजों में जाकर एबीवीपी ने छात्रों से संवाद करते हुए अपने मुद्दों से उन्हें परिचित कराया और समर्थन मांगा। एबीवीपी की वर्षभर जो कैंपस में सक्रियता रही है, उसको लेकर एबीवीपी को विद्यार्थियों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। एबीवीपी द्वारा जारी किए गए घोषणा-पत्र में विद्यार्थियों के वास्तविक मुद्दे दिखाई दे रहे हैं। एबीवीपी के नेतृत्व वाले डूसू के प्रयास द्वारा संचालित यू-बसें, महिला सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रयास, नए छात्रावासों के निर्माण की स्वीकृति, कौशल विकास हेतु इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रमों के आयोजन ने डीयू विद्यार्थियों का भरोसा जीता है और इस डूसू चुनाव में भी एबीवीपी के प्रति छात्रों का भरोसा दिख रहा है। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ का चुनाव विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र के उत्सव के समान है। सोमवार चुनाव प्रचार के दौरान एबीवीपी उम्मीदवारों ने विद्यार्थियों से लोकतंत्र में उनकी सहभागिता का आग्रह किया है और क्लास कैंपेन के दौरान विद्यार्थियों से सुझाव भी लिए हैं। विद्यार्थियों से यह अपील भी की है कि इन चुनावों में अपने मत का प्रयोग जरूर करें और उनके समक्ष अपने मुद्दों को प्रमुखता से रखा है। हमारा पूर्ण विश्वास है कि एबीवीपी का पूरा पैनल इन्फ्रास्ट्रक्चर, कैंपस सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण और बेहतर डीयू के लिए जो मुद्दे आए हैं, उनके आधार पर डीयू का विद्यार्थी एबीवीपी को पुनः चुनेगा।

## सपा का माफियाओं से रिश्ता, किसी अपराधी पर एक्शन से होता है दर्द - गिरिराज सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में एक ज्वेलर्स की दुकान में डकैती डालने वाले एक और बदमाश को एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया। इस घटना को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े करते हुए योगी सरकार पर निशाना साधा। जिस पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यूपी में उनकी सरकार माफियाओं के सरगना के रूप में रही थी। स्वाभाविक है कि उनका रिश्ता माफियाओं से जुड़ा हुआ है। इसलिए, जब किसी अपराधी पर कड़ी कारवाई होती है तो उन्हें तकलीफ होती है।

वहीं, रेप की घटनाओं पर विपक्ष के आरोपों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कभी नहीं चुप रहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुप रहते हैं। जब कोई घटना बंगाल में होती है तो विपक्ष की जुबान बंद रहती है। बांग्लादेश पर उनकी जुबान बंद रहती है। जबकि, उत्तर प्रदेश और बिहार के नवादा में कोई घटना होती है तो उनकी




जुबान खुल जाती है। मुस्लिम और गुंडों के साथ मिलकर बंगाल की सरकार चल रही है।

## 90 से ज्यादा वाहन चोरी कर चुके शातिर आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली जिले की एएटीएस (एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड) टीम ने 90 से ज्यादा गाड़ी चोरी कर चुके एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित इश्तियाक उर्फ सूखा के पास से पुलिस ने 1.25 करोड़ रुपये की 6 गाड़ी बरामद की हैं। आरोपित जिस कंपनी की गाड़ी चोरी करता था, उसी कंपनी के टूल्स का इस्तेमाल करके लॉक ब्रेक करता था और डमी चाबी की मदद से गाड़ी चोरी कर फरार हो जाता था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर उसके गिरोह की जानकारी जुटा रही है।

पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि जिले में वाहन चोरी की वारदातें रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत एएटीएस इंचार्ज मनीष चौधरी की टीम वाहन चोरी के मामले की जांच कर रही थी। पुलिस टीम ने स्मार्ट मॉनिटरिंग टूल्स के जरिए एनपीआर कैमरों की मदद से चोरी की गाड़ियों की लोकेशन



ढूंढी। एएसआई दशरथ ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से लोकेशन को पुख्ता कर शालीमार बाग में ट्रैप लगाकर आरोपित को दो किलोमीटर तक पीछाकर पकड़ लिया।

डीसीपी ने बताया कि इंस्पेक्टर मनीष की टीम ने आरोपित की गाड़ी के सामने गाड़ी लगाकर उसे रोका का प्रयास किया। लेकिन वह कट मार कर भागने में सफल हो गया। जिसके बाद पुलिस टीम ने आरोपित का दो किलोमीटर तक पीछा किया और फिर उसे पकड़ा। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह केवल लग्जरी गाड़ी चोरी करता था। उसने बताया कि वह अपने साथियों से इंटर नेट कॉलिंग के जरिए संपर्क में रहता था। उसके साथी जिस लग्जरी गाड़ी को चोरी करने का आर्डर देते थे वह उस कम्पनी के औजार जुटाता और फिर गाड़ी का ताला तोड़ कर डमी चाबी की मदद से चोरी कर फरार हो जाता था।

## विनय हत्याकांड: आरोपी जगन को क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

एजेंसी

**दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में हुए विनय हत्याकांड में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था।

दरअसल,17 अगस्त को पांच लोगों ने मिलकर विनय का पीछा कर उसे गोली मार दी थी। घटना के वक्त विनय और उसका भाई किसी काम से अपनी कार से जा रहे थे। इस मामले में केस दर्ज कर यूपी पुलिस ने एक आरोपी सुंदर नागर (38 साल) को गिरफ्तार किया था, जबकि तीन अन्य आरोपियों को दिल्ली के उत्तर जिला की विशेष टीम ने पकड़ा था। घटना में शामिल एक आरोपी जगन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी, वह गिरफ्तारी से बच रहा था।

क्राइम ब्रांच की एनआर-II टीम ने मैनुअल और तकनीकी निगरानी स्थापित की। इसके बाद उन्हें जानकारी मिली कि आरोपी जगन सुरक्षित ठिकाने की तलाश में रोहिणी आ सकता है। सूचना के बाद इंस्पेक्टर संदीप तुषिर की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। टीम ने रोहिणी के स्वर्ण जयंती पार्क के गेट खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में हत्या का प्रयास, हमला, धोखाधड़ी और दंगे के मामले दर्ज हैं। जगन ने बताया कि हत्या में शामिल नितिन उसका भतीजा है। जगन ने बताया



नंबर-3 के पास से आरोपी जगन को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने जगन के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।पूछताछ के दौरान जगन ने बताया कि हत्या में शामिल आरोपी सुंदर उसका सगा भाई है, जो एक अपराधी है। उसके कि विनय के साथ 10 साल पुरानी दोस्ती थी। आरओ प्लांट के संचालन को लेकर दोनों के बीच मतभेद हुआ था और उसके बाद 17 अगस्त को विनय की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। जगन ने बताया कि वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, उसने अपनी सुरक्षा के लिए अवैध हथियार रखे हुए थे।

# मोबाइल खरीदने पर पार्टी नहीं देने पर दोस्तों ने नाबालिग को चाकू से गोदा

**नई दिल्ली ।** शकरपुर मार्केट में देर शाम चाकू से गोदकर एक नाबालिग की उसके दोस्तों ने बीच बाजार हत्या कर दी। नाबालिग का कसूर इतना था कि उसने मोबाइल खरीदने पर दोस्तों को पार्टी नहीं दी। मृतक की पहचान सचिन (16) के रूप में हुई है। शकरपुर थाना ने हत्या समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बीच बाजार हत्या की गई, वो लहूलुहान हालत में इधर उधर भागता रहा, लेकिन उसके दोस्तों ने उसे छोड़ा नहीं। आरोपित तब तक दौड़ा दौड़ाकर उस पर चाकू से वार करते रहे, जब तक उसकी जान नहीं चली गई। वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर तीन नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि शकरपुर मार्केट में मोबाइल खरीदने के लिए सचिन आया था। मोबाइल खरीदकर वापस लौट रहा था, जब वह समोसे वाले के पास पहुंचा। तभी और तीन दोस्त आ गए और उससे नए मोबाइल की पार्टी मांगने लगे।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

**NAME CHANGE**
I GUL AFSHAN PARVEEN W/O FAISAL R/O 382 CHITLA GATE, CHAWRI BAZAR, CENTRAL DELHI-110006 HAVE CHANGE MY NAME TO GULAFSHA PARVEEN FOR ALL PURPOSE.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Devender yadav S/O Radhey Shyam Yadav, R/O H NO-720, Gali no-11, Kapashera, South West Delhi, Delhi, 110037, declare that name of my wife has been wrongly written as Reetu yadav in my minor daughter Kanishka Yadav 15 years in her school records, The actual name of my wife is Ritu Yadav, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, RAJEEV JALLANDHARI S/O RADHEY SHYAM JALLANDHARI R/O RZ-24/1 KH-335, JAGDAMBA VIHAR, WEST SAGAR PUR, SOUTH WEST DELHI-110046 have changed the name of my minor son AADHAVAN JALLANDHARI aged 03 years and he shall hereafter be known as NAITIK JALLANDHARI.

**NAME CHANGE**
I, JYOTI SINGH PARIHAR wife of JC-342792L Rank-NB SUB Name-PRAKASH SINGH RAJPOOT R/o VILL-MANKAHARI, PO-MAUHAR, TEH-RAGHURAJ NAGAR, DISTT-SATNA, MADHYA PRADESH-485001 have changed my name from JYOTI SINGH PARIHAR to JYOTI SINGH for all future purposes vide affidavit dated 24/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I MANOHAR LAL S/O KALU RAM R/O C-6/293, SULTANPURI, DELHI-110086, declare that name of mine has been wrongly written as Manohar in my minor daughter GUNJAN aged 15 years in her school records ,The actual name of mine is Manohar Lal,which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I Mujeebur Rahman S/o Habibullah R/o 3519, 2nd floor, Kucha Lal man Netaji Subhash Marg Darya Ganj Delhi 110002 have changed my name to MUJEEB UR REHMAN permanently

**NAME CHANGE**
I, JAYDEV MISTRI Father of No. 14436630P Rank-HAV Name-PULAK MISTRI R/o VILL-RANAGRAM PO-GOKARNA, P.S-KANDI, DISTT-MURSHIDABAD, WEST BENGAL-742136 have changed my name from JAYDEV MISTRI to JOYDEB MISTRI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1951 instead of my correct date of birth as 01/03/1958 vide Affidavit dated 24/09/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, CHANCHLA MISTRI Mother of No. 14436630P Rank-HAV Name-PULAK MISTRI R/o VILL-RANAGRAM PO-GOKARNA, P.S-KANDI, DISTT-MURSHIDABAD, WEST BENGAL-742136 have changed my name from CHANCHLA MISTRI to CHANCHALA MISTRI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1956 instead of my correct date of birth as 16/11/1960 vide Affidavit dated 24/09/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, RAIHANATH Mother of No.16133649W Rank-SPR Name-NISHAMUDHEEN VK Presently residing at VELLAMKKUNU HOUSE, MANKARA R S ROAD, NEAR RAILWAY STATION MANKARA R S, MANKARAI, PALAKKAD, KERALA-678613 have changed my name from RAIHANATH to RAIHANATH N P for all future purposes vide Affidavit dated 24/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Udit S/o Mukesh Aggarwal R/o 2, Gali No-7 B, Ashok Vihar Phase-3 Extn, Near Omkanti Villa Flats,Gurgaon, Haryana-122001 Have Changed My Name to Udit Aggarwal For All Future Purposes

**NAME CHANGE**
I, AFSANA PARVIN MOHMED SOEB ANSARI Wife of No. 15418285A Rank-HAV Name-ANSARI MOHMED SOEB Presently residing at VILL-CHAND NAGAR, PO+TEH-HIMMAT NAGAR, DIST-SABARKANTHA, GUJARAT-383001 have changed my name from AFSANA PARVIN MOHMED SOEB ANSARI to ANSARI AFSANAPARVIN for all future purposes vide Affidavit dated 24/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Rajesh Gandhi S/o C Gandhi R/o 466/2, Durai Nagar, Pachal Village, Tirupathur, Vellore, Tamil Nadu-635601, declare that name of mine has been wrongly written as G Rajesh in my Aadhar card No. 945518318799. The actual name of mine is Rajesh Gandhi respectively, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection

**NAME CHANGE**
I, HEMA Wife of No-14645257L Rank-HAV Name-MANISH KUMAR SHAHU Residing at VPO-BAHERI, TEH-DARBHANGA, DIST-DARBHANGA, BIHAR-847105 have changed my name from HEMA to HEMA DEVI for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 02/02/1985 instead of my correct date of birth as 20/02/1985 vide Affidavit dated 24/09/2024 before Executive Magistrate, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Anju Devi W/O Lakshmeshwar Sharma, Parmanent adress- jiraul, ward no-07, p.o-jiraul, Madhubani, Bihar, 847230, Present adress A-203,kriti nagar, timber market new delhi- 110015, have changed the name of my minor son Amrjit Sharma aged 14 years and he shall hereafter be known as VIKASH KUMAR SHARMA.

**NAME CHANGE**
I, No-15428627W Rank-HAV Name-GAIKWAD AMOL DATTATRAYA S/o GAIKWAD DATTATRAYA SUKHDEV R/o PATIL WASTI, LAXAMI DAHIWADI, PO-LAXAMI DAHIWADI, DIST-SOLAPUR, MAHARASHTRA-413305 have changed my minor son's name from SWARAJ to SWARAJ AMOL GAIKWAD for all future purposes vide affidavit dated 24/09/2024 Before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Asha Kumari W/O Dilip Kumar R/O D 500 HIG, Lajpat Nagar, Near Shiv Krishna Hospital, Sahibabad, Lajpat Nagar, PO: Sahibabad, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh-201005, declare that the name of mine has been wrongly written as Asha Mandal in school records of my minor daughter namely Chitranshi aged 15 years. The actual name of mine is Asha Kumari

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Asha Kumari W/O Dilip Kumar R/O D 500 HIG, Lajpat Nagar, Near Shiv Krishna Hospital, Sahibabad, Lajpat Nagar, PO: Sahibabad, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh-201005, declare that the name of mine has been wrongly written as Asha Mandal in school records of my minor daughter namely Disha Singh aged 15 years. The actual name of mine is Asha Kumari

**NAME CHANGE**
I, ASHA spouse of ASHWIN KUMAR residing of VILL-RABDIA, PO-SIYA, TEH-TONK KHURD, DIST-DEWAS, MADHYA PRADESH-455001 have changed my name from ASHA to ASHA DEVI for all future purposes vide affidavit dated 23/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, KHAJAHUSSAIN Father of No.16133649W Rank-SPR Name-NISHAMUDHEEN VK Presently residing at VELLAMKKUNU HOUSE, MANKARA R S ROAD, NEAR RAILWAY STATION MANKARA R S, MANKARAI, PALAKKAD, KERALA-678613 have changed my name from KHAJAHUSSAIN to KHAJA HUSSAIN for all future purposes vide Affidavit dated 24/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Rohtash S/O: Satya Narayan R/O, House No.4062-B Plot No. Old No.12, 2nd Floor Street No.236, Ram Nagar Tri Nagar, Chander Nagar, Onkar Nagar, North West Delhi, Delhi - 110035 declare that the name of my wife has been wrongly written as Pooja Devi in my minor Daughter kriti Sharma aged 13 years in his school record, the actual name of my wife is POOJA,which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
My client Ishrat Ali s/o Late Nazaar Ali R/o E-232, 5th Floor, Flat NO.502, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave, Part-II, New Delhi-110025, has disowned and debarred from his son Ashraf Ali & his wife Kharoon Nisha from their all movable, immovable properties and have no relation with them. My client shall not be responsible for his acts.
**PANKAJ KUMAR GUPTA**
**ADVOCATE**
CH.NO.482, 4TH FLOOR, SAKET
DISTRICT COURT NEW DELHI

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Rohtash S/O: Satya NarayanR/O , House No.4062-B Plot No. Old No.12, 2nd Floor Street No.236, Ram Nagar Tri Nagar, Chander Nagar, Onkar Nagar, North West Delhi, Delhi - 110035 declare that the name of mine and my wife has been wrongly written as Rohtash Sharma and Pooja Sharma in my minor son Chirag Sharma aged 11years in his school record, the actual name of mine and my wife are ROHTASH and POOJA,which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
My clients YATENDRA MAHTO & his wife SUGANDHI DEVI, BOTH R/O H.NO.63, GALI NO.15, TUGHALKABAD VILLAGE BALMIKI MOHALLA, BADARPUR SOUTH DELHI-110044, have severed all relations and disowned their son namely NIRANJAN KUMAR & HIS WIFE RIYA BANIK @ ANUSHKA ROY from their all movable-immovable properties due to their misconduct. My clients shall not be responsible for their acts/ deeds in future.
**Vinod Kumar Advocate**
Chamber No.559
Lawyers Block, Saket Court,
New Delhi-17
MOB.9811427291

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Gayathri Ravi W/o Rajesh Gandhi R/o House No.39-C, Regal Flat Shipra Sun City, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014, declare that name of mine and my husband has been wrongly written as Gayathri R and G Rajesh in my Aadhar Card No.920959065873. The actual name of mine and my husband are Gayathri Ravi and Rajesh Gandhi respectively, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

# भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान तैयारियों की समीक्षा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य के 12 से 13 अगस्त, 2024 दौरे के दौरान चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों को जारी किए गए आयोग के निर्देशों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करने के लिए आज भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हरियाणा विधानसभा -2024 के चल रहे आम चुनाव की तैयारियों के संबंध में 11 जिलों के मंडल आयुक्तों, आईजी पुलिस रेंज, डिप्टी कमिश्नर एवं डीईओ, पुलिस आयुक्तों और एसपी, नगर निगम आयुक्त, जनरल ऑब्जर्वर, पुलिस ऑब्जर्वर व एक्स्पेंडिचर ऑब्जर्वर के साथ बैठक की।

टीम में उप-चुनाव आयुक्त हृदेश कुमार, सचिव के पी सिंह, प्रधान सचिव अविनाश कुमार और प्रधान सचिव एसबी जोशी शामिल थे। बैठक हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल और स्टेट पुलिस नोडल ऑफिसर सौरभ सिंह की उपस्थिति में हुई।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी के साथ प्रशासनिक, कानून व्यवस्था तथा चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की थी। आयोग ने कानून और व्यवस्था की बेहतर स्थिति बनाए रखते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का निर्देश दिया था। उन्होंने निर्देश दिए कि मृत और स्थानांतरित मतदाताओं को सूची से हटाया जाए। इसके अलावा, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल




वातावरण के साथ-साथ पोलिंग बूथों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए थे। डीईओ को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से सुलभ होने और विभिन्न चुनाव संबंधी गतिविधियों से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए थे।

आज की बैठक में उप चुनाव आयुक्त हृदेश कुमार ने मतदाता सूचियों के अंकन, एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लिकेट या मृत) सूचियों को तैयार करने की समय-योजना, वोटर स्लिप के वितरण, मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) वितरण और मतदाता सूचियों से संबंधित किसी भी बड़ी शिकायत के समाधान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित ईपीआईसी कार्डों की छपाई प्रिंटर से कराई जाए और 30 सितंबर तक ईपीआईसी कार्ड वितरित किए जाएं। इस कार्य का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ को लगाया जा सकता है। अंकित सूचियां निर्देशों के अनुसार तैयार की जानी चाहिए। साथ ही उम्मीदवारों को सौंपी जाने वाली मतदाता सूचियों की प्रतियों का मिलान अंकित मतदाता सूचियों से होना चाहिए।

उन्होंने जिला उपायुक्तों-सह-डीईओ और एसपी को व्यक्तिगत रूप से मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। आयोग ने इस बात पर भी बल दिया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ द्वारा मतदाता सुविधा बूथ स्थापित किए जाने चाहिए। लाइनों में खड़े मतदाताओं की सुविधा के लिए बैठने की उचित व्यवस्था और रेस्ट एरिया की व्यवस्था होनी चाहिए।

टीम ने सभी मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग की आवश्यकता बताई। बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए, उच्च गुणवता के कैमरों का उपयोग किया जाना चाहिए और कैमरों को इस तरह से स्थापित किया जाना चाहिए कि वे प्रभावी निगरानी के लिए मतदान केंद्रों को ठीक से कवर करे और संवेदनशील केंद्रों पर अधिक कैमरों को स्थापित किया जाना चाहिए।

## भाजपा सरकार से पीछा छुड़ाने का समय आ गया है: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि इस सरकार ने बातें तो बड़ी की हैं, लेकिन काम नहीं किए। दो बूंद बारिश में गुड़गांव जाम हो जाता है। सरकार ने ठेके तो दिए काम नहीं करवाए। भ्रष्टाचार खुलकर किया। डिजिटल के नाम पर हरियाणा की जनता को परेशान किया। वे बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वर्धन यादव के लिए झाड़सा गांव में आशीर्वाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, लोकसभा प्रत्याशी रहे राज बब्बर, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, वरिष्ठ नेता पंकज डावर, गुड़गांव विधानसभा से प्रत्याशी मोहित मदन लाल ग्रोवर मौजूद रहे। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि परिवार पहचान पत्र को उन्होंने परमानेंट परेशानी पत्र बताते हुए कहा कि लोग खूब परेशानी इसके लिए झेल रहे हैं। प्रोपर्टी आईडी भ्रष्टाचार का कारण बन गई है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा और ना जाने कितने पोर्टल बना दिए। मैनें विधानसभा में भी सरकार को कहा था कि जब पोर्टल से ही सब कुछ होना है तो तुम्हारी क्या जरूरत है। भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं हुआ। प्रॉपर्टी आईडी में मकान मालिक किरायेदार बना दिए और किरायेदार मालिक बना दिए। पूर्व सीएम ने कहा कि अब इस भाजपा सरकार से पीछा छुड़ाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि सीधी टक्कर कांग्रेस-भाजपा के बीच है। कांग्रेस को जीत दिलानी है।

## शहीदों का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक: सुरेंद्र सिंह

**रेवाड़ी।** हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर ज़िला प्रशासन की ओर से उपमंडलाधीश सुरेंद्र सिंह ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपमंडलाधीश ने कहा कि शहीदों का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाती रहेंगी। उनकी कुर्बानी सदैव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। उन्होंने कहा कि देश के उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया। उन्होंने कहा कि 23 सितंबर का दिन देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक राव तुलाराम व अन्य शूरवीरों की शहादत पर हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। राव तुलाराम ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध मोर्चा संभालते हुए संघर्ष किया और आजादी की आवाज को बुलंद करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर सिकंदर प्रकाश, करण सिंह, मनोज कुमार, विजयपाल सिंह तथा कुलदीप सहित सैनिक बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पोलिंग टीम में शामिल सदस्यों का निष्पक्ष होना जरूरी : एसडीएम

**जींद।** डीएवी पब्लिक स्कूल में सफीदों और जुलाना की पोलिंग पार्टियों को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से चुनाव कराने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार दून और मनीष कुमार फोगाट ने चुनाव के दिन मोक पोल करवाने से लेकर मतदान संपन्न होने व ईवीएम जमा करवाने तक विस्तार से जानकारी दी। रिहर्सल में ईवीएम तैयार करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एसडीएम ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पोलिंग बूथ पर मतदान को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पोलिंग अधिकारियों पर निर्भर करती है। पोलिंग बूथ पहुंचते ही यह सुनिश्चित किया जाता है कि वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं हैं या नहीं। यदि किसी प्रकार की कमी है तो उसके बारे में तुरंत प्रभाव से संबंधित टीम के नोडल अधिकारी या प्रशासन को दें ताकि समय रहते उसको पूरा करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टी का स्वयं निष्पक्ष होना जरूरी है। चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान कोई भी अधिकारी या कर्मचारी चुनावी ड्यूटी के अलावा किसी भी राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकता है। यदि वह ऐसा करता है कि उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी और भी अधिक बन जाती है।

## पंजाब व हरियाणा के पुलिस अधिकारियों ने चुनाव के मद्देनजर किया मंथन

**कैथल।** हरियाणा में हो रहे विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर सोमवार को चीका थाना में कैथल और पंजाब पुलिस के अधिकारियों की इंटरस्टेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में दोनों राज्यों के मौजूद लोगों ने भी हिस्सा लिया। दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने मीटिंग के दौरान हरियाणा विधानसभा चुनाव और अंतरराज्यीय आपराधिक गतिविधियों को रोकने पर चर्चा की। मीटिंग में नशा तस्करी, शराब तस्करी, अवैध खनन और अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने और हरियाणा विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया। हरियाणा व पंजाब पुलिस ने अंतरराज्यीय आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आपस में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में वांछित और उद्घोषित अपराधी, नशा तस्करों, शराब तस्करों, गैर सामाजिक तत्वों की सूची भी दोनों राज्यों की पुलिस ने आपस में आदान-प्रदान की है ताकि सीमांत क्षेत्र में पुलिस कार्रवाई में बेहतर समन्वय बनाया जा सके। साथ ही सीमाओं पर सुरक्षाबलों की ओर से बॉर्डर पेट्रोलिंग, नाकाबंदी के लिए संयुक्त अभ्यास और समन्वय स्थापित करने की प्रणाली भी बनाई गई।

## कांग्रेस पर्ची और खर्ची से युवाओं को नौकरियां देने की साजिश रच रही है : पुष्कर सिंह धामी

एजेंसी

**पंचकूला।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पंचकूला पहुंचे। धामी ने पंचकूला से भाजपा प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता और कालका से प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा के समर्थन में आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लिया और जनता से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। पुष्कर सिंह धामी ने पंचकूला से प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता की जमकर तारीफ की और भाजपा सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को गिनाया। धामी ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस पर्ची और खर्ची से युवाओं को नौकरियां देने की साजिश रच रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवाओं को भाजपा पर भरोसा है। युवाओं को पता है कि उनका भविष्य भाजपा ही सुरक्षित रख सकती है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना पची और बिना खर्ची के नौकरियां दी। जबकि कांग्रेस की सरकार में नौकरियां बेची जाती थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का असली मकसद



भ्रष्टाचार करना और परिवारवाद को बढ़ावा देना है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुप्ता ने पंचकूला में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराकर इतिहास रचा है। पंचकूला की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं के उत्साह ने स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है और ज्ञानचंद गुप्ता प्रचंड बहुमत के साथ जीत रहे हैं।

उत्तराखंड के सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की दशा और दिशा को बदला है। मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत और सुरक्षित हुआ है। डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा को बुलंदियों पर पहुंचाया है। हरियाणा विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस, दिल्ली अमृतसर कटरा एक्सप्रेस, अमृतसर बठिंडा जामनगर एक्सप्रेस, कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस हरियाणा के विकास की तस्वीर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो हरियाणा है उसकी 10 साल पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। हरियाणा की भाजपा की सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंच रहा है, गांवों में 24 घंटे बिजली आ रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली से जन-जन खुश है और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए तत्पर है।

## हरियाणा चुनाव :एमएल रंगा की जुबान फिसली, कांग्रेस को बताया दमनकारी

एजेंसी

**रेवाड़ी।** हरियाणा में बावल विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. एमएल रंगा की जुबान फिसल गई। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पूरा प्रदेश व पूरा हल्का कांग्रेस की दमनकारी नीतियों से परेशान है। इस दौरान पीछे खड़े व्यक्ति ने जब उन्हें टोका तो पार्टी



याद आ गई। रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. एमएल रंगा अभी तक तीन दल बदल चुके हैं। कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा कि मुझे तो एक ही बात लग रही है कि पूरा प्रदेश, पूरा हल्का कांग्रेस की दमनकारी नीतियों से, कांग्रेस की कुरीतियों से परेशान है, तभी पीछे खड़े व्यक्ति ने टोका तो उन्होंने कहा कि बीजेपी की दमनकारी नीतियों और कुरीतियों से पूरा प्रदेश परेशान है। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। हालांकि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी हरियाणा में चुनाव प्रचार से दूर हैं, इसको लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि कुमारी शैलजा की नाराजगी की वजह से राहुल गांधी चुनाव प्रचार से दूर हैं। इस बीच कुमारी शैलजा ने कहा है कि कांग्रेस से उनकी कोई नाराजगी नहीं है और वे जल्द चुनाव प्रचार में उतरेंगी।

## मेनिफेस्टो हमने कॉपी नहीं किया बल्कि कांग्रेस ने हमारा मेनिफेस्टो चोरी किया है: अनिल विज

एजेंसी

**अंबाला।** पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा लगाए गए मेनिफेस्टो चोरी के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि 10 साल हमारा राज रहा है और कांग्रेस के कई नेता हमारे दरबार में, हमारी सरकार के दरबार में आया करते थे। हो सकता है किसी ने सुन लिया हो। हमने कॉपी नहीं किया बल्कि कांग्रेस ने हमारा मेनिफेस्टो चोरी किया है। विज अंबाला में मीडिया कर्मियों के सवालों का जबाव दे रहे थे। कल अंबाला के गरनाला गांव में किसानों ने अनिल विज का रास्ता रोका और विरोध किया, के संबंध में उन्होंने कहा कि कल गरनाला में उनका प्रोग्राम था जिसकी बाकायदा हमने चुनाव आयोग से मंजूरी ली हुई थी। कांग्रेस का वर्कर और कांग्रेस का सरपंच और आसपास के दो गांव के और लोग भी थे। जिन्हें मैं एक-एक को जानता हूं और उनकी सभी की वीडियो भी बनाई गई है और उनकी पहचान भी की गई है।

यह भेष बदलकर गुंडागर्दी पर उतर आए हैं क्योंकि कांग्रेस ने अपनी हार मान ली। गुंडागर्दी से कांग्रेस का पुराना नाता रहा है पहले भी इस शहर ने गुंडागर्दी अच्छी से इनकी देखी है तब भी लोगों की संपत्तियों को इन्होंने कब्जा किया है। यह पूरी तरह से हार चुके हैं और घबराए आदमी इसी तरह की हरकतें करता है।

चित्रा सिंह को कांग्रेस से निष्कासित करने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक तरह का प्रपंच है क्योंकि दीपेंद्र सिंह हुड्डा अंबाला शहर में मनाने के लिए आए। लेकिन अंबाला छावनी में मनाने के लिए नहीं आए। उन्होंने प्रश्न करते हुए कहा कि क्या अंबाला छावनी में बॉर्डर लगी हुई है आप इस प्रकार से अपना विश्लेषण कर सकते हैं।

कांग्रेस द्वारा नौकरियों बांटने के संबंध में दिए गए बयान के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का कल्चर है लोगों ने पहले भी देखा हुआ है यह नौकरियां और तबादलों की मंडियां लगाते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस के नेता का वक्तव्य देखा है जिसमें वह कह रहे हैं कि बिना बदमाशी के और बिना स्कैम के राज चल नहीं सकता। यह तो लोगों ने निर्णय लेना है कि लोगों को स्कैम करने वाले चाहिए या देश को आगे बढ़ाने वाले चाहिए।

कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 1984 में भी जब सिखों का सारे देश में कत्लेआम हुआ। तब राहुल गांधी के पिताजी ने भी उसको ठीक ठहराया।

## कांग्रेस सरकार बनाने के नजदीक भी नहीं है: मनोहर लाल

एजेंसी

**करनाल ।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इंद्री विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राम कुमार कश्यप के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। यहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि, भाजपा तीसरी बार हरियाणा में सरकार बना रही है और कांग्रेस सरकार बनाने के नजदीक भी नहीं है। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कि भाजपा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली है। बोले, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि हरियाणा में भाजपा को 49 से 50 सीट मिल रही है। लेकिन, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हरियाणा में भाजपा की 60 से 62 सीट आ रही है। हरियाणा के पूर्व सीएम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वो अपनी पहुंच बढ़ाएं। उन्होंने कहा, भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक-एक मतदाता तक पहुंचे और भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करें। इस बार हरियाणा में



तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के साथ ही रिकॉर्ड भी बनना चाहिए। कार्यकर्ताओं से मनोहर लाल ने कहा, साल 2004 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी। साल 2009 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी। साल 2014 और 2019 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी। साल 2024 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है। इस बार तीसरी बार हरियाणा में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

मनोहर लाल ने एक्स पोस्ट पर भी हरियाणा वासियों से वोट अपील की। मनोहर लाल ने लिखा, इंद्री विधानसभा क्षेत्र के अपने परिवारजनों को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी राम कुमार कश्यप के समर्थन में वोट देने की अपील की। यहां के लोगों का जोश और उत्साह देखकर अभिभूत हूं और आश्वस्त हूं की वे दूसरी बार यहां से कमल खिलाकर राम कुमार कश्यप को भारी मतों से जिताने जा रहे हैं।

## किस बदमाश को कैसे ठीक करना है, मुझे अच्छे से पता है: सुनील सांगवान

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दादरी विधानसभा सीट से सुनील सांगवान को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने भाजपा से टिकट मिलने पर खुशी व्यक्त की और लोगों को अपराधमुक्त समाज देने का वादा किया।

उन्होंने अपना इतिहास याद दिलाते हुए दावा किया कि उनकी जीत अपराध से मुक्ति की राह प्रशस्त करेगी। बोले, मैंने कई सालों तक जेल में नौकरी की है। मुझे अच्छे से पता है कि किसे कैसे ठीक करना है, मैं आप सभी लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आप लोग अपराध मुक्त समाज में सांस ले सकेंगे, जहां आपको किसी भी प्रकार की दुश्वारियों का सामना नहीं करना होगा। कौन कितना बड़ा बदमाश है, मुझे अच्छे से पता है।

उन्होंने आगे कहा, वैसे भी दादरी में कोई खास बदमाश नहीं हैं, जो भी हैं, वो सभी छुटभैया हैं। उन्हें कैसे ठीक करना है, मुझे अच्छे से पता है, तो मुझे इनसे कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मैंने 2002 में नौकरी ज्वाइन की थी। मेरे पिताजी भी अब तक चार बार चुनाव लड़ चुके हैं और यह मेरा पांचवा चुनाव है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आप लोगों को एक अपराध मुक्त समाज में सांस लेने




का मौका मिलेगा।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष डा. किरण कलकल ने कहा, चुनाव में भाजपा से दूरी बनाने वालों की लिस्ट तैयार करके हाईकमान को भेजी गई है। जल्द ही पार्टी के खिलाफ जाने वालों को निष्कासित कर दिया जाएगा। राजनीति में कदम रखने से पहले सुनील सांगवान 22 सालों तक जेल में नौकरी कर चुके हैं। वो बाबा राम रहीम को पैरोल देने की वजह से भी कई बार चर्चा में रहे। राजनीति में आने के लिए उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ली है।

सांगवान की 2 जनवरी 2002 को भौंडसी जिले में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के पद पर नियुक्ति हुई थी। उन्होंने गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत और झज्जर जेलों में भी काम किया। सुनील के पिता सतपाल सांगवान विख्यात राजनेता रह चुके हैं। वह हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री भी रह चुके हैं। अब सुनील सांगवान ने भी अपने पिता की तर्ज पर राजनीति में पदार्पण करने का फैसला किया है।

## भेदभाव करने और लूट मचाने तक सीमित है कांग्रेस की सोच – दुष्यंत चौटाला

एजेंसी

**चरखी दादरी।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हरियाणा में कांग्रेस ने अपने 10 साल के शासन में किसानों की जमीन लूटने व भेदभाव करने का काम किया था और अब भी कांग्रेसी लूट और भेदभाव करने की सोच के साथ जनता से वोट मांग रहे है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जीजा सिर्फ रोहतक-झज्जर की सरकार बनाने का भाषण देते है, कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर सिंह गोगी सरकार में आने पर पहले अपना घर भरने की बात करते है।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेसियों की सोच लूट मचाने और जनता के साथ भेदभाव करने की है और जनता अच्छे से कांग्रेस की नीतियों से वाकिफ है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कांग्रेस पर शायराना अंदाज में कहा कि बस रोहतक-झज्जर की सरकार, बाकी हरियाणा इनके लिए बेकार, वही का विकास, बस वही रोजगार, अब एक और दामाद हो गया तैयार। दादरी में जेजेपी-एएसपी उम्मीदवार राजदीप फोगाट के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है और इसमें हरियाणा की जनता जेजेपी-एएसपी गठबंधन के साथ है।

उन्होंने कहा कि सरकार की हिस्सेदारी के दौरान जेजेपी ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के विकास कार्य करके दिखाए थे और जनता जेजेपी के जनहितैषी कार्यो पर अपनी मुहर लगाएगी। विभिन्न गांवों में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में जेजेपी-एएसपी का गठबंधन युवा जोश के साथ चुनावी मैदान में है। उन्होंने कहाकि जनता हरियाणा में बदलाव और तरक्की के लिए युवा नेतृत्व की सरकार चाहते है और जेजेपी-एएसपी गठबंधन उस पर पूरा खरा उतर रहा है।

दुष्यंत चौटाला ने जनता को विश्वास दिलाया कि युवा सोच वाला जेजेपी-एएसपी का गठबंधन हरियाणा में गरीब, किसान, कमेरे वर्ग को मजबूती देगा और जनता गठबंधन उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजकर अपनी तरक्की पर लगे ताले को जेजेपी की चाबी से खोले।

## हरियाणा में 4000 से ज्यादा शक्ति केंद्रों पर सुना जाएगा प्रधानमंत्री मोदी का संवाद : डॉ. सतीश पूनिया

एजेंसी

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को हरियाणा में भाजपा कार्यकर्ताओं से नमो एप के जरिए जुड़ेंगे और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचाने का मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और सह प्रभारी सुरेंद्र नागर सहित अन्य नेता उपस्थित रहे। बैठक में नेताओं ने पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और इस संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे भाजपा पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम निश्चित तौर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का संचार करेगा। भाजपा का कार्यकर्ता भी पीएम मोदी को सुनने और बातचीत करने के लिए उत्सुक है। डाक्टर पूनिया ने बताया कि 4000 से ज्यादा शक्ति केंद्रों पर पार्टी ने पीएम मोदी को सुनने की व्यवस्था की है। भाजपा की बड़ी जीत हो इसके लिए पार्टी 'माइक्रो मैनेजमेंट पर फोकस' कर रही है।

पीएम मोदी इस कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष भी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को नमो एप के जरिए सुनने का आह्वान कर चुके हैं। आडियो ब्रिज से



प्रधानमंत्री हरियाणा के लगभग साढ़े चार लाख कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगें और कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत कर सकेंगे।डाक्टर पूनिया ने बताया कि पीएम मोदी समय-समय पर उत्साह वर्धन के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद करते हैं। हरियाणा में चुनाव चरम पर है ऐसे में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो एप के माध्यम से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से संवाद व मार्गदर्शन करना पार्टी की बड़ी जीत को तय करेगा। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता चुनाव को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत कर रहा है। इस चुनावी बेला में प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने से निश्चित तौर पर कार्यकर्ताओं का आत्मबल और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता निष्ठावान और समर्पित है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर हम लगातार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा प्रदेश का माहौल भाजपा के पक्ष में और हम तीसरी बार बड़े मार्जिन के साथ सरकार बना रहे हैं। सह प्रभारी सुरेंद्र नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन निश्चित तौर पर कार्यकर्ताओं में जोश भरेगा।

## चौधरी रणजीत सिंह चौटाला बोले- लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा, शैलजा को नजरअंदाज करना ठीक नहीं

एजेंसी

**सिरसा ।** हरियाणा का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इस बीच हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने मंगलवार को कहा कि उन्हें रानियां विधानसभा के लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है। चौटाला इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। निर्दलीय उम्मीदवार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं जीत हासिल करने के बाद अपने समर्थकों से बातचीत करूंगा, यदि वह मुझे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ जाने के लिए कहेंगे तो मैं उनकी बात मानूंगा। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ उनके रिश्ते राजनीति से भी ऊपर हैं। कांग्रेस के नेताओं ने कुमारी शैलजा को अपशब्द कहे, इसपर उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की बड़ी नेता हैं। यदि कोई उन्हें इस तरह से अपशब्द कहेगा तो एससी समाज इसे अपना अपमान समझेगा। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रानियां विधानसभा में कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया, इस दौरान का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लोग नारे लगा रहे है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री और चौधरी रणजीत सिंह चौटाला मंत्री बने।इस वीडियो पर बात करते हुए चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि वीडियो मैंने भी देखा है और लोगों को नारे लगाते हुए भी सुना है। यह लोगों की अपनी भावना है जिसे वह व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र में बहुत काम किया है, जिससे लगता है कि लोग उन्हें दोबारा अपना विधायक चुनेंगे। कुमारी शैलजा के चुनाव प्रचार से दूर होने पर उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की बहुत बड़ी नेता हैं। वह एससी समाज से हैं।

## ईपीएफओ ने जुलाई में 20 लाख सदस्य जोड़े, नए सदस्यों की संख्या 10.52 लाख

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुलाई महीने में 19.94 लाख सदस्य जुड़े हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में ईपीएफओ के जुलाई, 2024 के अनंतिम पेरोल डेटा को जारी करते हुए बताया कि ईपीएफओ ने जुलाई में 19.94 लाख शुद्ध रूप से (नेट) सदस्य जोड़े हैं, जो अप्रैल, 2018 में पेरोल डेटा जारी होने के बाद से अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। डॉ. मांडविया ने कहा कि 10.52 लाख नए यानी पहली बार काम करने वाले लोग ईपीएफओ द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े हैं। डॉ. मांडविया ने ईपीएफओ डेटा जारी करते हुए कहा कि इस वर्ष जुलाई में करीब 20 लाख नए सदस्य जुड़े (19.94 लाख) हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई में जुड़े 8.77 लाख सदस्य 18-25 वर्ष आयु वर्ग के हैं। मंत्री ने कहा कि 18-25 वर्ष की आयु के लगभग 6.25 लाख लोग पहली बार काम कर रहे हैं, जो नए सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि करीब 59.4 फीसदी नए सदस्य 18-25 वर्ष आयु वर्ग के हैं।श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि युवाओं के रोजगार दर में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि जुलाई महीने में ईपीएफओ से 4.41 लाख महिला सदस्य जुड़ीं, जिनमें 3.05 लाख नई सदस्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि महिला रोजगार में भी वृद्धि हुई है।

## केंद्र सरकार को ईसीजीसी, एनएचपीसी और बीएचईएल से मिले लाभांश किश्त के 828 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईसीजीसी लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचइएल) ने लाभांश किस्तों के रूप में कुल 828 करोड़ रुपये दिए हैं। इन तीनों कंपनियों में ईसीजीसी लिमिटेड ने 434 करोड़ रुपये, एनएचपीसी लिमिटेड 339 करोड़ रुपये और बीएचइएल ने 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईसीजीसी लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड और बीएचइएल से लाभांश किस्तों के रूप में क्रमशः 434 करोड़ रुपये, 339 करोड़ रुपये और 55 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में कुल 828 करोड़ रुपये मिले हैं। उल्लेखनीय है कि ईसीजीसी लिमिटेड भारत की एक सरकारी स्वामित्व वाली निर्यात ऋण एजेंसी है। ये कंपनी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत है। वहीं, एनएचपीसी लिमिटेड वर्ष 1975 में स्थापित भारत सरकार का एक सार्वजनिक उपक्रम है। इसका उद्देश्य सभी रूपों में हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर के समेकित एवं दक्ष विकास की योजना बनाना तथा पर्यावरण संतुलन को ध्यान मे रखते हुए इसे विकसित और संगठित करना है।

## मनबा फाइनेंस लिमिटेड का आईपीओ खुला, निवेशक 25 सितंबर तक कर सकेंगे निवेश

**नई दिल्ली।** मनबा फाइनेंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए खुल गया। निवेशक इस आईपीओ के लिए 25 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 30 सितंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। एनएसई पर दोपहर एक बजे तक उपलबध आंकड़ों के मुताबिक मनबा फाइनेंस लिमिटेड के आईपीओ को बोली के पहले दिन पहली शेयर बिक्री को 11.20 गुना सदस्यता मिली। कंपनी ने इस आईपीओ के मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 114-120 रुपये प्रति शेयर तय किया है। मनबा फाइनेंस इस इश्यू के जरिए कुल 150.84 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें कम के कम 125 इक्विटी शेयर्स और इसके मल्टीपल में शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। मनबा फाइनेंस लिमिटेड इसमें कुल 1,25,70,000 फ्रेश शेयर जारी करेगी। कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए कोई शेयर नहीं बेच रहे हैं। इस आईपीओ के तहत नए इश्यू के जरिए मिले पैसे का उपयोग कंपनी अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में करेगी। उल्लेखनीय है कि मनबा फाइनेंस लिमिटेड ने कारोबार की शुरुआत वर्ष 1998 में मुंबई से एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में की। कंपनी ने 2009 से तेज ग्रोथ किया है। कंपनी के ब्रांच अर्बन, सेमी-अर्बन और मेट्रोपोलिटन शहरों और टाउन्स तक हैं, जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्विस प्रोवाइड करती हैं।

## गोयल ने ऑस्ट्रेलिया में व्यापार जगत के नेताओं और कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

**सिडनी/नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की विभिन्न कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सुपर फंड्स के साथ शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने भारत के गतिशील विकास क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश अवसरों की खोज की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ऑस्ट्रेलिया भारत संबंध केंद्र द्वारा आयोजित लंच राउंडटेबल में ऑस्ट्रेलियाई व्यापार जगत के नेताओं के साथ नान और नई जमीन पर चर्चा के बाद यह कही। उन्होंने बताया कि इस बैठक मेन्यू में विचारों का संगम, नवाचार की झलक और नए भारत की खुशबू और हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के अवसरों के तहत द्विपक्षीय सहयोग की हार्दिक सेवा शामिल थी।

# कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल की है। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 1100 करोड़ रुपये जुटाने की है।

पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेज के मुताबिक चेन्नई स्थित रियल एस्टेट डेवलपर कंपनी कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए अपना डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी के मुताबिक 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 1,000 करोड़ रुपये तक के नए निर्गम और प्रमोटर सेलिंग




शेयरहोल्डर्स द्वारा 100 करोड़ रुपये तक की बिक्री का प्रस्ताव है। इसमें अरुण एमएन और कासाग्रैंड लक्सर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 50-50 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री भी शामिल है।

आवासीय क्षेत्र के सबसे बड़ा डेवलपर कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में एक प्रसिद्ध आवासीय ब्रांड है। इस कंपनी की 01 जनवरी 2017 से 31 मार्च 2024 की अवधि के दौरान लॉन्च के मामले में लगभग 24 फीसदी और मांग के मामले में लगभग 20 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है। उल्लेखनीय है कि कासाग्रैंड लक्सर प्राइवेट लिमिटेड के पास भूमि अधिग्रहण से लेकर डिजाइन, निर्माण, विपणन और बिक्री तक पूरे प्रोजेक्ट विकास जीवनचक्र को कवर करने वाली आंतरिक विशेषज्ञता है। कंपनी ने बेंगलुरु, हैदराबाद और कोयंबटूर सहित अन्य दक्षिण भारतीय शहरों में भी विस्तार किया है।

## घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला, नए शिखर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला आज लगातार चौथे कारोबारी दिन भी जारी रहा। शेयर बाजार ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड से कारोबार की शुरुआत की, दिन के कारोबार में शेयर बाजार के दोनों सूचकांक मजबूती के नए शिखर पर पहुंचे और अंत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बना कर मजबूती के नए शिखर पर आज के कारोबार का अंत किया। आज दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, बैंकिंग और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही रियल्टी, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। सिर्फ आईटी सेक्टर में आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार लिवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के करोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 476 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

# वित्त मंत्री 24 से 28 सितंबर तक उज्बेकिस्तान के आधिकारिक दौरे पर जाएंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 24 से 28 सितंबर तक उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर जाएंगी। इस दौरान वह एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की नौवीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। निर्मला सीतारमण के साथ वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर जाएंगी। इस दौरान वो 25 और 26 सितंबर, 2024 को समरकंद में निर्धारित एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की नौवीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। इसके अलावा वह उज्बेकिस्तान, कतर, चीन के अपने समकक्षों और एआईआईबी अध्यक्ष



के साथ अन्य महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगी।

मंत्रालय के मुताबिक एआईआईबी की वार्षिक बैठक में वित्त मंत्री एआईआईबी के भारतीय गवर्नर के रूप में भाग लेंगी। भारत इस बैंक का दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। सीतारमण की आधिकारिक यात्रा के हिस्से के रूप में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मिलने की उम्मीद है। इस यात्रा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर करेंगी।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक बीआईटी पर वित्त मंत्री सीतारमण और उज्बेकिस्तान के निवेश, उद्योग और व्यापार मंत्री द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस संधि का उद्देश्य दीर्घकालिक आधार पर दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए अधिक व्यापक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

इसके अलावा वित्त मंत्री भारत-उज्बेकिस्तान व्यापार मंच की चर्चाओं में भी भाग लेंगी, जिसका आयोजन दोनों देशों के उद्योगपतियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि उपरोक्त कार्यक्रमों के अलावा निर्मला सीतारमण समरकंद स्टेट यूनिवर्सिटी और ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री स्मारक का भी दौरा करेंगी। वित्त मंत्री विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रवासी भारतीयों से भी बातचीत करेंगी।

उल्लेखनीय है कि एआईआईबी की वार्षिक बैठक में करीब 80 देशों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधिमंडल भाग लेते हैं। एक बहुपक्षीय विकास बैंक के रूप में एआईआईबी एशिया में टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास और बुनियादी ढांचे और अन्य उत्पादक क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, ताकि टिकाऊ आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके, धन का सृजन किया जा सके और बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी में सुधार किया जा सके।

## ओएनडीसी पर भारतपे

**नयी दिल्ली।** फिनटेक कंपनी भारतपे डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क ओएनडीसी से जुड़ने की घोषणा की है ताकि उसके ग्राहक अपने ऐप के ज़रिए भोजन ऑर्डर कर सकेंगे और उसे डिलीवर करवा सकेंगे। कंपनी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि इससे उपयोगकर्ता के स्मार्टफ़ोन पर कई ऐप रखने की ज़रूरत नहीं रह जाएगी, जिससे ग्राहक को ज़्यादा सहज अनुभव मिलेगा। यह पहला एकीकरण है जिसकी घोषणा भारतपे ने पिछले महीने उपभोक्ता भुगतान शुरू करने के बाद की है। ग्राहकों को भारतपे ऐप पर ओएनडीसी नेटवर्क पर सूचीबद्ध 400 से ज़्यादा शहरों के 1.4 लाख से ज़्यादा रेस्तराँ तक सहज पहुँच मिलेगी। ऐप उपयोगकर्ताओं को स्थानीय रेस्तरां और व्यंजनों की एक विस्तृत सूची ब्राउज़ करने में सक्षम बनाता है, जिसमें न केवल लोकप्रिय श्रृंखलाएँ बल्कि छिपे हुए रत्न भी शामिल हैं।

# राजधानी 27–29 सितंबर को आयोजित होने वाले 14वें एमएमएमएम एक्सपो की मेजबानी को तैयार

**नई दिल्ली।** राजधानी नई दिल?ली खनिज, धातु, धातुकर्म और सामग्री (एमएमएमएम) पर आयोजित होने वाले सबसे बड़े ट्रेड शो 14वें एक्सपो की मेजबानी करने के लिए तैयार है। एमएमएमएम पर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी 27 से 29 सितंबर, 2024 तक इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी), यशोभूमि में आयोजित किया जाएगा। यह भारत में मिनरल्स, मेटल्स, मेटलर्जी और मैटेरियल्स का सबसे बड़ा आयोजन होगा। निदेशक गगन साहनी ने 14वें एमएमएमएम एक्सपो की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि इसके हर संस्करण के उपरांत इसके प्रोफाइल की अहमियत दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। उन?होंने बताया कि आगंतुकों की संख्या और व्यावसायिक लेन-देन की मात्रा के मामले में इसने हर बार एक नई मिसाल कायम की है। साहनी ने कहा कि सम्मिलित रूप से होने वाले इसके आयोजन में 10 से अधिक देशों के 300 से ज्यादा प्रदर्शक भाग




लेंगे। इसके साथ ही यहां दक्षिण एशिया से 12 हजार से अधिक खरीदार आएंगे। गगन साहनी ने कहा कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स-दिल्ली चैप्टर के साथ मिलकर और वर्ल्ड मेटल फोरम (डब्ल्यूएमएफ) के सक्रिय सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन?होंने कहा कि एमएमएमएम 2024 में चीन, यूरोपीय देशों और रूस के लिए अलग-अलग पवेलियन बनाए जाएंगे। साहनी ने बताया कि नई दिल्ली में 27 से 29 सितंबर, 2024 के दौरान आयोजित 14वें संस्करण में संयुक्त उद्यमों, साझेदारियों, निवेश तथा टेक्नोलॉजी के आदान-प्रदान तथा बड़े पैमाने पर होने वाली डील्स से देश में मिनरल्स, मेटल्स, मेटलर्जी और मैटेरियल्स क्षेत्रों के विस्तार और प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि एमएमएमएम 2024 एक्सपो में चीन, यूरोपीय देशों और रूस के लिए अलग-अलग पवेलियन बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी दुनिया के लगभग सभी कोनों से आए दिग्गजों के साथ बातचीत करने, व्यापार को बढ़ावा देने और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी में नए रास्तों की तलाश करने का शानदार अवसर प्रदान करेगा। साहनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023 के दौरान विमानन, भारी इंजीनियरिंग, मोटर-वाहन, कृषि और निर्माण अथवा इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रगति की वजह से भारत के विनिर्माण क्षेत्र में 4.7 फीसदी की वृद्धि हुई।

## प्राइमरी मार्केट में 3 कंपनियों के आईपीओ ने दी दस्तक, मनबा फाइनेंस को पहले दिन ही 21 गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी मार्केट में तीन कंपनियों के आईपीओ ने दस्तक दी है। इनमें एक कंपनी मनबा फाइनेंस मेनबोर्ड सेगमेंट की है। यानी इसके शेयरों की बीएसई और एनएसई दोनों जगहों पर लिस्टिंग होगी। इसके अलावा आज ही रैपिड वाल्व्स इंडिया और डब्ल्यूओएल 3डी के आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए ओपेन हुए हैं। इन दोनों कंपनियों के शेयरों की एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग होने वाली है। आज सब्सक्रिप्शन के लिए ओपेन हुए तीन आईपीओ में से नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी मनबा फाइनेंस को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। आज शाम चार बजे तक इस आईपीओ को 21 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व हिस्से में 1.93 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के हिस्से में 31.72 गुना और रिटेल इनवेस्टर्स के हिस्से में 24.63 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। मनबा फाइनेंस का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 25 सितंबर तक खुला रहने वाला है। इसके आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 114 से 120 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि आवेदन करने के लिए लॉट साइज 125 शेयर का है। अपने आईपीओ के जरिए कंपनी 150.84 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 30 सितंबर को होगी। आज ही रैपिड वाल्व्स इंडिया का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। इस कंपनी के आईपीओ में सब्सक्रिप्शन के लिए 25 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 30.41 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। आईपीओ के तहत 210 से 222 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है।

# सेबी की रिपोर्ट में खुलासा– एफएंडओ ट्रेडिंग में 93 प्रतिशत इंडीविजुअल ट्रेडर्स को हुआ नुकसान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) ट्रेडिंग छोटे निवेशकों के लिए लगातार नुकसान का सौदा साबित हो रहा है, जबकि प्रोपरायटरी ट्रेडर्स और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग से जमकर मुनाफा कमाने में सफल रहे हैं। इस बात का खुलासा मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की एक रिपोर्ट से हुआ है।

सेबी की रिपोर्ट के अनुसार 2022 से 2024 के बीच की अवधि में 93 प्रतिशत ट्रेडर्स को फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग में 1.80 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। संख्यात्मक रूप से इन तीन वर्षों में 93 लाख से अधिक इंडिविजुअल ट्रेडर्स को फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग में नुकसान का सामना करना पड़ा है। इन इंडिविजुअल ट्रेडर्स को औसतन 2 लाख रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ा। नुकसान की इस राशि में ट्रांजैक्शन कॉस्ट को भी शामिल किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नुकसान उठाने वाले ट्रेडर्स में से करीब 4 लाख ट्रेडर्स को औसतन 28 लाख रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, करीब 1.07 लाख ट्रेडर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें औसतन एक लाख रुपये से अधिक का मुनाफा हुआ। सिर्फ मौजूदा वित्त वर्ष 2024 की ही बात की जाए, तो अभी तक इंडिविजुअल ट्रेडर्स को 61 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। दूसरी ओर, इसी अवधि में प्रोपरायटरी ट्रेडर्स को 33 हजार



करोड़ रुपये का और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को 28 हजार करोड़ रुपये का ग्रॉस प्रॉफिट हुआ है। इस आंकड़े से साफ है कि फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा कमाने वालों में ज्यादातर बड़ी एंटिटीज शामिल हैं, जिन्होंने ट्रेडिंग एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हुए खरीद बिक्री की। रिपोर्ट में इस बात को विशेष रूप से बताया गया है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के मुनाफे का 97 प्रतिशत और प्रोपरायटरी ट्रेडर्स के मुनाफे का 96 प्रतिशत एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग के जरिए आया। अहम बात ये भी है कि ज्यादातर इंडिविजुअल ट्रेडर्स को फ्यूचर एंड ऑप्शन सेगमेंट में नुकसान का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद मौजूदा वित्त वर्ष में अभी तक इंडिविजुअल ट्रेडर्स ट्रांजैक्शन कॉस्ट के रूप में औसतन 26 हजार रुपये खर्च कर चुके हैं। अगर 2022 से 2024 के बीच के 3 सालों की बात करें, तो इंडिविजुअल ट्रेडर्स ट्रांजैक्शन कॉस्ट के रूप में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुके हैं। इसमें 51 प्रतिशत ब्रोकरेज फीस और 20 प्रतिशत एक्सचेंज फीस शामिल है। रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया है कि फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग करने वाले 75 प्रतिशत से अधिक इंडिविजुअल ट्रेडर्स ऐसे हैं, जिनकी एनुअल इनकम 5 लाख रुपये से भी कम है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि करीब 75 प्रतिशत से अधिक ट्रेडर्स फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग में नुकसान का सामना करने के बावजूद पीछे हटने की जगह लगातार ट्रेडिंग कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग करने वाले इंडिविजुअल ट्रेडर्स के उम्र की चर्चा करते हुए बताया गया है कि इस सेगमेंट में ट्रेडिंग करने वाले 30 साल से कम उम्र के ट्रेडर्स की संख्या 2024 में 43 प्रतिशत हो गई है, जबकि 2023 में ये संख्या 31 प्रतिशत थी। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि फ्यूचर एंड ऑप्शन सेगमेंट में नुकसान का सामना करने के बावजूद युवा ट्रेडर्स की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

# एचडी कुमारस्वामी ने एंड्रयू यूल समूह के स्वामित्व वाले चाय बागानों और श्रमिकों की दिक्कतों पर जताई चिंता

एजेंसी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी पहुंचे केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम में एंड्रयू यूल समूह के स्वामित्व वाले चाय बागानों की आर्थिक चुनौतियों और कठिनाइयों तथा चाय बागानों के मजदूरों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने जल्द ही चाय बागानों का दौरा करने और इसे पुनर्जीवित करने के सर्वोत्तम तरीकों को खोजने की इच्छा व्यक्त की। होटल किरणश्री ग्रैंड के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एचडी कुमार स्वामी के साथ असम सरकार के उद्योग, वाणिज्य और सार्वजनिक उद्यम आदि मंत्री बिमल बोरा भी मौजूद थे।

एचडी कुमारस्वामी ने बिमल



बोरा के प्रति आभार भी व्यक्त किया, क्योंकि उन्होंने चाय बागान मजदूरों और कर्मचारियों की पीड़ा को कम करने और प्रबंधन का समर्थन करने के लिए केंद्रीय मंत्री से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था। मीडिया को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चाय बागानों में काम करने वाले मजदूरों को 20 प्रतिशत बोनस भी मिलेगा।

उन्होंने हाल ही में बोकाजन में सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के दौरे और 700 करोड़ रुपये के निवेश से सीमेंट उद्योग को पुनर्जीवित करने की अपनी योजना के बारे में भी बात की। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों में सीमेंट निर्माण इकाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

उन्होंने असम में एफएएमई नीति के उपयोग पर भी अपनी संतुष्टि व्यक्त की। एफएएमई (इलेक्ट्रिक वाहनों का तेजी से अपनाना और विनिर्माण) के वर्तमान विकास के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि बैटरी चार्जिंग स्टेशनों के लिए 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और देश में लगभग 70000 ऐसे स्टेशन बनाए जाएंगे। साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए 18000 से अधिक ई-बसें खरीदी जा रही हैं। इस कार्यक्रम में असम सरकार के उद्योग, वाणिज्य और पीई विभाग के आईएएस सचिव डॉ. लक्ष्मणन एस भी मौजूद थे।

# केंद्र सरकार ने प्याज की कीमतों पर अंकुश के लिए 'बफर स्टॉक' से बिक्री बढ़ाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में प?याज के निर्यात पर शुल्क को हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आई तेजी के मद्देनजर थोक बाजारों में 'बफर स्टॉक' से बिक्री बढ़ाकर कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इससे पहले सरकार ने रियायती दर 35 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव प्याज बेचना शुरू किया था। लेकिन, खुदरा बाजार में प्याज अभी 70 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा है। वहीं, टमाटर भी 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत उपभोक्ता मामले विभाग (डीओसीए) की सचिव निधि खरे ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने 'बफर स्टॉक' (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। उन?होंने कहा कि सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि प?याज पर निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। उन्होंने बताया कि हमारे 4.7 लाख टन के 'बफर स्टॉक' और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी।

निधि खरे ने कहा कि केंद्र सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री को बढ़ाने की योजना बना रही है। उन?होंने कहा कि इनमें उन शहरों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जहां इसकी कीमतें राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 22 सितंबर को दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 55 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो एक साल पहले की समान अवधि में 38 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं, मुंबई तथा चेन्नई में इसकी कीमतें क्रमशः 58 रुपये और 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राजधानी नई दिल्ली और अन्य राज्यों की राजधानियों में मोबाइल वैन और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) तथा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) की दुकानों के जरिए पांच सितंबर, से 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज बेच रही है। खरे ने कहा कि आगामी खरीफ प्याज की फसल से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने टमाटर की बढ़ती कीमतों के बारे में कहा कि सरकार रुझानों पर नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करेगी।

इसके अलावा निधि खरे को घरेलू अरहर तथा उड़द उत्पादन के अच्छे रहने और दालों के आयात में वृद्धि के साथ आने वाले महीनों में दलहन की कीमतों में स्थिरता रहने की उम्मीद जतायी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 10 दिन पहले प्याज पर 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य हटा दिया था, जबकि कच्चे पाम ऑयल पर आयात शुल्क बढ़ाकर 20 फीसदी और परिष्कृत सूरजमुखी तेल पर 32.5 फीसदी कर दिया था, जिसका उद्देश्य घरेलू तिलहन किसानों तथा प्रसंस्करणकर्ताओं को समर्थन देना था।

# ओडिशा की घटना से सेना में रोष



ज्योति बसु भी चले गए, सोमनाथ चटर्जी भी और सीताराम येचुरी भी। मगर जैसा सीपीआईएम ने 1996 में ज्योति बसु को प्रधानमंत्री नहीं बनाने के लिए तर्क दिया था कि हमारे पूर्ण बहुमत होने तक हम अपने सिद्धांत लागू नहीं कर सकेंगे इसलिए उस सरकार में जहां हमारे सदस्य कम हैं हम प्रधानमंत्री नहीं बना सकते। ज्योति बसु नहीं बने और आज 28 साल हो गए लेफ्ट खासतौर से सीपीआईएम और कमजोर हुआ है।लास्ट इंस्टिट्यूशन था सेना! उसे भी खत्म कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि अभी ओडिशा पुलिस थाने में महिला यौन उत्पीड़न की भयावह घटना के बाद अचानक यह हुआ हो।

हो तो पहले से रहा है मगर किसी दूसरी फोर्स को उसके खिलाफ ऐसा विवाद खड़ा नहीं किया गया था। अब सेना के खिलाफ बाकायदा उड़ीसा पुलिस को उतार दिया गया है।सेना देश के पवित्रतम संस्थानों में मानी जाती है। ज्यूडिशरी और सेना यह वह इन्स्टिट्यूशन हैं जो किसी बड़ी से बड़ी घरेलू विपत्ति में भी डटे रह सकते हैं। बशर्ते कि उनका राजनीतिकरण नहीं किया जाए।2014 में नरेन्द्र मोदी जिस तरह प्रधानमंत्री बने आडवानी और मुरली मनोहर जोशी जैसे अपने सबसे बड़े नेताओं को धकेल कर रास्ते से हटाया उससे यह आभास हो गया था कि मोदी गुजरात की तरह यहां भी तानाशाही करेंगे। मगर हमारे यहां बुद्धिजीवी ऐसे हैं कि वे इसमें तानाशाही की फासिज्म की परिभाषाएं रखकर नापतौल कर रहे थे कि यह फासिज्म है या अर्द्ध फासिज्म? इसके इटली के स्वरूप और जर्मनी के रूप में क्या फर्क था। खैर वह सिद्धांतकारी खुद उनकी पार्टी में फेल हो गए, मगर वे सिद्धांत बड़ा है व्यवहारिक जरूरतों से इस पर अड़े रहे और आज केवल सिद्धांत है, किस पर लागू किया जाए वह कोई बचा ही नहीं है।ज्योति बसु भी चले गए, सोमनाथ चटर्जी भी और सीताराम येचुरी भी। मगर जैसा सीपीआईएम ने 1996 में ज्योति बसु को प्रधानमंत्री नहीं बनाने के लिए तर्क दिया था कि हमारे पूर्ण बहुमत होने तक हम अपने सिद्धांत लागू नहीं कर सकेंगे इसलिए उस सरकार में जहां हमारे सदस्य कम हैं हम प्रधानमंत्री नहीं बना सकते। ज्योति बसु नहीं बने और आज 28 साल हो गए लेफ्ट खासतौर से सीपीआईएम और कमजोर हुआ है। इतना कि लाल किले से लाल सलाम का नारा अब लगाया भी नहीं जाता। विषयातंर हो रहा है लेकिन यह जरूरी है और मूलरूप से तो विषयातंर भी नहीं है एक पुराने विषय की कड़ियां जोड़ना है, ताकि आज की परिस्थितियां सही तरीके से समझ में आ सकें। राजनीतिक घटनाक्रम हमेशा किसी सिद्धांत में फिट नहीं होता है। राजनीति के बदलते रूप नए सिद्धांत बनाते और उन्हें सुधारते हैं।बात हमने फासिज्म से की थी कि उस समय सीपीआईएम के नए नए बने महासचिव प्रकाश करात ने कहा था- यह फासिज्म नहीं अर्द्ध फासिज्म है। अब पूरा हुआ कि नहीं। यह उन्होंने शायद बताया नहीं या बताया भी होगा तो जैसा हमने कहा कि कमजोर हो गई है पार्टी, किसी ने सुना भी नहीं होगा। अखबारों में अब रिपोर्ट भी नहीं होता है।

हमने बात शुरू की थी सेना के भी इन्स्टिट्यूशन के रूप में खत्म करने की तो उसी संदर्भ में यह आया है कि शुरूआत 2014 से ही कर दी थी। और वह जिनकी समझ में नहीं आया वह तो अलग बात है मगर जो जानते थे उन्होंने अनावश्यक अकादमिक बहसों में लोगों को उलझाकर बड़ा नुकसान किया। इसी सिलसिले में ज्योति बसु के प्रधानमंत्री न बनाने का जिक्र आया। जो वास्तव में ऐतिहासिक भूल साबित हुई। और यह एक अकेली या आखिरी नहीं थी। ऐसे ही न्यूक डील पर अड़ना। यूपीए सरकार से समर्थन वापस लेना। सोमनाथ चटर्जी जो लोकसभा अध्यक्ष थे उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करना। दस बार के सांसद चटर्जी को पार्टी से ही निकाल दिया गया था। 2008 में यूपीए से समर्थन वापसी के बाद सीपीआईएम ने चटर्जी से लोकसभा अध्यक्ष पद छोड़ने को कहा। उन्होंने नहीं छोड़ा। तो उन्हें पार्टी से ही निकाल दिया गया।

कई बार लगता है कि यह बच्चों के खेल जैसा है। जैसे वे कब कहां कोई नियम बनाकर अड़ जाते हैं वैसे ही यहां सिर्फ नियम बचे रह गए व्यक्ति चले गए।इन दिनों देश भर में सीपीआईएम के महासचिव सीताराम येचुरी की याद में सभाएं हो रही है। आम लोग बड़ी तादाद में उनमें आ रहे हैं। और बहुत दिल से सीताराम को याद कर रहे हैं। हमने उनकी मृत्यु से करीब एक डेढ़ महीने पहले उनके साथ आखिरी मुलाकात में कहा था राज्यसभा में आपकी कमी बहुत खलती है। मुलाकात संसद भवन में ही हुई थी। एनेक्सी के मेडिकल सेंटर में। तबीयत तो खराब चल ही रही थी। बोले भी कि बुढ़ापा! हमने विरोध किया। बात को बदलने के लिए उनके राज्यसभा के उस ऐतिहासिक दिन की याद दिलाई जिस दिन उन्होंने सदन में सभापति को मत विभाजन के लिए मजबूर करके मोदी सरकार को हरा दिया था। फिर ऐसा कोई नहीं कर पाया। खुशी छलकी चेहरे पर। मुस्कराते तो वे हमेशा रहते थे। मगर अंदर की खुशी उस समय बाहर आई। थोड़ी बातें हुईं। और हमने कहा कि आपकी पार्टी का और आप खुद महासचिव थे आपका गलत फैसला कि आपकी राज्यसभा कंटीन्यू नहीं की गई। हंसते रहे। हमने कहा इंटरव्यू करेंगे। कहने लगे आ जाइए। मगर वह मौका ही नहीं आया।

तो यह एक और बड़ी भूल थी सीपीआईएम की कि राज्यसभा में उसने अपने सारे अच्छे स्पीकरों को हटा लिया। इस नियम के चलते कि दो बार से ज्यादा किसी को राज्यसभा नहीं मिलेगी। लोकसभा का टिकट कितनी बार भी मिल जाए। मुख्यमंत्री कितने साल भी रह ले। राज्यसभा नहीं देंगे! तो राज्यसभा जहां एक अकेले सीताराम ने दस साल केवल लेफ्ट की आवाज ही बुलंद नहीं रखी सदन में चर्चाओं के स्तर को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

खैर बात कहां से कहां पहुंची। मगर ठीक है। मोदी से जिक्र शुरू हुआ था किस तरह उन्होंने देश के सारे इन्स्टिट्यूशन को खत्म कर दिया। मीडिया का तो जिक्र ही क्या? उसकी तो बात करने लायक भी स्थिति नहीं बची है। बाकी भी सारे संस्थानों की स्वायत्तता खत्म कर दी गई है। न्यापालिका कभी-कभी आभास देती है कि वह कुछ कर रही है। कर सकती है। मगर उस पर दबाव लगातार बढ़ाया जा रहा है कि वह भी पूर्ण समर्पण कर दे। कभी व्यंग्य करके। चुनावी बांड के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुद प्रधानमंत्री ने उस पर कृष्ण और सुदामा की कहानी के माध्यम से चोट करने की कोशिश की थी। और अभी तो चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ के घर का वीडियो रिलीज करके। चीफ जस्टिस अभी तक जवाब नहीं दे पाए।

सेना के मामले में भी जब बिपिन रावत को सीडीएस बनाया था तो उनके बयानों ने बताया कि कैसे वे सेना के राजनीति से दूर रहने के पवित्र सिद्धांत की अवमानना कर रहे हैं। सीताराम येचुरी की बात हुई है तो याद आता है रावत के बयानों पर उन्होंने चेताया था कि सेना के इस तरह के हस्तक्षेप हमें कहीं पाकिस्तान के रास्ते पर न ले जाएं।

रावत ने असम के मामले में एकदम खुलकर राजनीतिक बात की थी। बदरुद्दीन अजमल की पार्टी और जनसंघ की विवादास्पद तुलना की थी। इसी तरह कश्मीर पर, स्टूडेन्ट पर, नागरिकता संशोधन कानून पर उनके कई बयान हैं जो इससे पहले कभी सोचे भी नहीं जा सकते थे कि कोई सेना का अधिकारी कभी ऐसा भी बोल सकता है।इससे सेना का दर्जा गिरा। उसकी जो अपना अलग एक पहचान थी वह कमजोर हुई। सेना को भी दूसरी फोर्सो की तरह लिया जाने लगा। मध्यप्रदेश के महू में जो सैन्य छावनी है। थोड़ा पत्रकारों का भी उससे संबंध है। वहां पत्रकारों को वार करस्पान्डेंट की ट्रेनिंग दी जाती है। वहां दो आर्मी आफिसर और उनकी महिला मित्रों के साथ मारपीट की गई। फिरौती मांगी गई। रेप किया गया।कभी सुना था ऐसा? आर्मी इलाकों के पास गुंडे बदमाश फटकते नहीं थे। आसपास के बाजारों में महिलाएं देर रात तक अकेली शापिंग करती थीं। और अब महू की घटना के बाद पता है मीडिया ने क्या सवाल उठाए? देर रात महिलाएं घर से बाहर क्यों निकल रही हैं? उनके पुरुष मित्रों के साथ घूमने का औचित्य?महिला और सेना पर ऐसे ही सवाल अब ओडिशा की पुलिस उठा रही है। सेना के युवा अफसरों में बहुत रोष हैं। सेन्ट्रल कमान ने ट्वीट करके कहा है कि हम ओडिसा के मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। पूर्व सेना अधिकारियों ने वहां सड़कों पर प्रदर्शन किया। थाने के अंदर सेना के अधिकारी जो शिकायत लेकर आए हैं उनके साथ मारपीट और मंगेतर के कपड़े उतार कर रेप की धमकी।कभी नहीं सुना था। और सबसे खराब बात की प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। खाली बंगाल पर बोलते हैं। हालांकि बंगाल में कोई आरोपी के साथ नहीं आया। लेकिन जहां भी बीजेपी की सरकार है मणिपुर से लेकर अभी ओडिशा तक वहां सबसे पहले आरोपियों को समर्थन मिलता है। पीड़िता परिवार पर सवाल उठाए जाते हैं।

## इन आसान तरीकों से करें असली या नकली घी की पहचान, बच जाएंगे बाजार की मिलावट से



**तिरुपति मंदिर में बांटे जाने वाले प्रसाद तिरुपति लड्डू (Tirupati Balaji Laddu Controversy) को बनाने वाले घी के इस्तेमाल पर काफी विवाद छिड़ गया है। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने पिछली सरकार पर आरोप लगाया कि इन लड्डुओं को बनवाने के लिए जानवरों की चर्बी और अन्य घटिया सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आइए जानें घर पर कैसे करें घी की शुद्धता की जांच।**

हाल ही में तिरुपति मंदिर (Tirupati Balaji Mandir) में बांटा जाने वाला प्रसाद पर काफी विवाद (Tirupati Balaji Laddu Controversy) हो रहा है। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया कि मंदिर में मिलने वाले प्रसाद तिरुपति लड्डू में जानवरों की चर्बी से बने घी का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, मंदिर प्रशासन ने इस बात का खण्डन किया, लेकिन इस आरोप से भक्तों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है और लोग तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने लगे हैं। आपको बता दें कि टीटीडी ही इस मंदिर का संचालन करती है। लेकिन बात इतनी बढ़ गई है कि इसका फैसला करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की मांग भी उठ रही है।

वैसे मिलावटी घी की समस्या आज की नहीं है। घी की मात्रा को बढ़ाने के लिए कई विक्रेता उसमें मिलावट करते हैं और उसे शुद्ध घी के नाम पर बेचते हैं। लेकिन मिलावटी घी खाना सेहत के लिए काफी नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके (Tips to Identify Real vs. Fake Ghee) बताने वाले हैं, जिनके इस्तेमाल से आप घी की शुद्धता की जांच कर सकते हैं। आइए जानें कैसे।

घी को गर्म करके देखें

घी की शुद्धता जांचने के लिए उसे गर्म करके देखें। अगर घी शुद्ध होगा, तो वह तुरंत पिघल जाएगा और उसका रंग भूरा हो जाएगा। वहीं, मिलावटी घी को पिघलने में समय लगता है और उसका रंग पीला होता है।

आयोडीन जांच

घी की शुद्धता को जांचने का एक आसान तरीका है आयोडीन टेस्ट। थोड़ा-सा घी लें और उसमें कुछ बूंदे आयोडीन डालें। अगर घी शुद्ध होगा, तो उसके रंग में कोई बदलाव नहीं होगा। वहीं अलग घी में फैट मिलाया गया है, तो इसका रंग बैंगनी हो जाएगा।

डबल बॉइलर तरीका

घी की शुद्धता जांचने का ये भी एक आसान तरीका है। घी को डबल बॉइलिंग मेथड से गर्म करें। शुद्ध घी पूरी तरह से पिघल जाएगा, लेकिन मिलावटी घी में एक समान नहीं पिघलेगा और पीछे कुछ न कुछ रेसिड्यू छोड़ देगा।

पानी में मिलाकर देखें

एक चम्मच घी को गर्म पानी के गिलास में डालें और मिलाएं। शुद्ध घी पानी में अच्छी तरह मिल जाएगा। वहीं मिलावटी घी पानी में पूरी तरह नहीं मिलेगा और कुछ न कुछ अशुद्धियां पानी में नजर आने लगेंगी।

हाइड्रोक्लोरिक एसिड टेस्ट

घी की शुद्धता को परखने के लिए सबसे पहले थोड़ा-सा घी लें और उसमें हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिलाएं। इसे ऐसे समझें कि अगर 2 मि.ली. घी में 5 मि.ली. हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिलाते हैं और उसका रंग लाल हो जाए, तो समझ जाएं कि घी में मिलावट है।

हाथ पर लगाकर देखें

शुद्ध घी में छोटे-छोटे दानें जैसा टेक्सचर देखने को मिलता है। ये ग्रेन्योल्स पूरे घी में एक समान देखने को मिलते हैं। लेकिन मिलावटी घी में ऐसा नहीं होता। उसे हाथ पर मिलाते ही आपको चिपचिपाहट और असमान रूप से मिले ग्रेन्योल्स महसूस होंगे।

## संपादकीय

## अभिव्यक्ति की आजादी के लिए जरूरी फैसला

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने केंद्र सरकार की तरफ से पिछले साल लाए गए इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी संशोधित नियम- 2023 में किए गए फैक्ट चेक यूनिट गठन के प्रावधान को निरस्त कर दिया है। इस फैसले को सुनाते हुए जस्टिस अतुल चांदुरकर ने माना कि एफसीयू संविधान के अनुच्छेद-14 (समानता का अधिकार), 19 (बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी), 191-जी (पेशे के अधिकार) और 21 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। आईटी नियमों में फ़र्ज़ी, भ्रामक और झूठ जैसे शब्दों की व्याख्या पूरी तरह से अस्पष्ट है, जो तार्किकता की कसौटी पर ख़री नहीं उतरती है।दरअसल केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि पर फ़र्ज़ी, भ्रामक और झूठी ख़बरों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से फैक्ट चेक यूनिट की व्यवस्था बनाई थी, ताकि सरकार के कामकाज की सही और सटीक सूचनाएं नागरिकों तक पहुंचे। इस व्यवस्था में यदि सोशल मीडिया में कोई झूठी ख़बर डाली जाती है, तो एफसीयू उसे चिन्हित करेगा, फिर उसे वहां से हटाया जाएगा। लेकिन चर्चित स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा समेत कुछ और याचिकाकर्ताओं ने इस प्रावधान के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि ये संशोधन अभिव्यक्ति और विचारों की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध लगा देगा। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इन प्रावधानों से ऑनलाइन कंटेंट पर सरकारी सेंसरशिप लग जाएगी। सरकार को इस बात का अभियोजक, जज' बनने का मौका मिल जाएगा कि ऑनलाइन क्या %सत्य' पेश किया जाएगा।इस याचिका पर जनवरी, 2024 में हाई कोर्ट की जस्टिस पटेल और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने विभाजित फैसला सुनाया था। जस्टिस पटेल के मुताबिक, एफसीयू ऑनलाइन सूचनाओं पर एक सेंसरशिप का काम करेगा। वहीं जस्टिस गोखले के अनुसार, एफसीयू दुर्भावना से भरी सूचनाओं को फ़ैलने से रोकेगा। केवल एफसीयू के दुरुपयोग की संभावना के आधार पर इसे अमान्य नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट का फैसला आने के इंतजार में फैक्ट-चेक यूनिट संचालित करने के नोटिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मार्च में स्टे लगा दिया था, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि केंद्र इस मामले में तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट इसकी संवैधानिक वैधता पर निर्णय नहीं लेता है। दो जजों की मतभिन्नता को देखते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डी़ के़ उपाध्याय ने केस को तीसरे जज चांदूरकर के पास भेजा था। जिन्होंने शुक्रवार को यह माना है कि एफसीयू की व्यवस्था असंवैधानिक है।इस फैसले को इस नजरिए से ऐतिहासिक कहा जा सकता है कि इससे एक तरफ अभिव्यक्ति के अधिकार की रक्षा हुई है, दूसरी तरफ संविधान प्रदत्त अधिकारों पर परोक्ष तरीके से रोक लगाने की कोशिश को रद्द किया गया है। केंद्र सरकार के इरादे भले दुर्भावनापूर्ण सूचनाओं के प्रसार को रोकने के रहे हों, लेकिन जिस तरह से अंकुश लगाने की कोशिश सरकार कर रही थी, उसमें यह आशंका लगातार बनी रहती कि दुर्भावना का पैमाना सरकार की सुविधा के मुताबिक ही तय किया जाता। मोदी सरकार के कार्यकाल की शुरुआत से ही मीडिया के एक बड़े तबके पर किस तरह पूंजीपतियों और सरकारी तंत्र का शिकंजा कसा जा चुका है, यह अब उद्घाटित सत्य है।दूरदर्शन तो पूरी तरह पक्षपाती रवैया प्रदर्शित करता है, इसके साथ-साथ निजी चैनल भी निष्पक्षता का त्याग कर चुके हैं। कई चैनलों के एंकर खुलकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपने समर्पण को व्यक्त करते हैं। अपनी आस्था जाहिर करने के लिए चैनलों में भाजपा के विरोधी दलों के लिए कितनी भ्रामक खबरें फैलाई जा सकती हैं, या सांप्रदायिक एजेंडा तय किया जा सकता है, इसकी होड़ लगी रहती है। ताजा उदाहरण तिरुपति के लड्डू विवाद का है, जिसमें कांग्रेस का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन कुछ चैनलों ने इसमें खुलकर कांग्रेस पर दोषारोपण की कोशिश की। एक चैनल ने तो बाकायदा अपने थंबनेल, यानी कार्यक्रम के शीर्षक में इसे कांग्रेस का षड्यंत्र करार दे दिया। जबकि आंध्रप्रदेश में पहले वायएसआर कांग्रेस की सरकार थी, जगनमोहन रेड्डी मुख्यमंत्री थे और अभी चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी की सरकार है। दोनों ही दल कांग्रेस विरोधी हैं, बल्कि टीडीपी तो एनडीए में भाजपा की साथी है।

# अमेरिकी फेडरल रिजर्व की भारी कटौती का वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों पर असर





अमेरिकी अर्थव्यवस्था का व्यवहार हैरान करने वाला रहा है। पारंपरिक आर्थिक तर्क के अनुसार, केंद्रीय बैंक ब्याज दरें तब बढ़ाते हैं जब कीमतें बढ़ रही होती हैं। उच्च ब्याज दर मांग को दबा देती है, निवेश को कम करती है, जिससे रोजगार में कमी आती है। इस प्रकार, रोजगार और मूल्य वृद्धि के बीच एक विशेष संबंध है।19 सितंबर दुनिया भर के वित्तीय बाजारों के लिए एक बड़ा दिन था। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने आखिरकार वैसा ही किया जैसा बाजारों को उम्मीद थी। इसने ब्याज दरों में भारी कटौती की। इसका वैश्विक स्तर पर व्यापक असर हो रहा है और शेयर बाजारों, जो पहले से ही समायोजन कर रहे हैं, को अधिक समायोजन करना पड़ रहा है, जैसा कि हमने भारतीय बाजार में तेज उछाल के दौरान देखा है। मार्च 2020 के बाद से अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से यह पहली ब्याज दर कटौती है।सबसे अधिक ध्यान देने वाली बात यह है कि अमेरिकी फेड ने सभी उम्मीदों को पार कर लिया है और पहले से कहीं अधिक कटौती की है - जैसा कि कुछ टिप्पणीकारों ने इसे %आधा प्रतिशत की भारी कटौती% कहा है। इसके परिणाम स्वरूप शेयर बाजार आश्चर्यचकित ढंग से ऊपर की ओर जा रहे हैं। कुछ टिप्पणीकार मौद्रिक नीति निर्माण के इस बड़े कदम को %फ्रंट लोडिंग% के रूप में वर्णित कर रहे हैं।


ऐसा करते हुए, फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोमपॉवेल ने कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत और स्वस्थ है और लगातार बढ़ रही है। साथ ही, ब्याज दरों को ऐतिहासिक उच्च स्तर पर रखने के बावजूद, अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है और मंदी में नहीं फंसी है।साथ ही, कीमतों में तेजी से गिरावट आई है और मूल्य मुद्रास्फीति लगभग लक्ष्य स्तर के भीतर है। उन्हें लगा कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की लड़ाई जीत ली गई है और इसलिए उन्होंने अपनी नीति ब्याज दर में आधे प्रतिशत की कटौती की, भले ही इसके बारह गवर्नरों में से एक इस धारणा से अलग थे और एक चौथाई प्रतिशत की कम कटौती की वकालत की।इसका निश्चित रूप से वैश्विक स्तर पर प्रभाव पड़ेगा। प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदम के जवाब में अपनी ब्याज दरों को फिर से निर्धारित कर सकते हैं। हर तरफ दरों में कटौती की उम्मीद की जा सकती है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले से वैश्विक स्तर पर धन के प्रवाह पर असर पड़ेगा। यह उम्मीद करना उचित है कि उभरते बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाने के लिए फंड मैनेजर इन बाजारों में कुछ अतिरिक्त निवेश करेंगे। भारतीय शेयर बाजार प्रमुख संस्थागत निवेशकों के लिए एक लक्ष्य है और सबसे प्रमुख वैश्विक शेयर सूचकांकों में से एक में भारत का महत्व चीन के मुकाबले मामूली रूप से बढ़ा है।भारतीय शेयर बाजार में पहले से ही तेजी देखी जा रही है। आज के कारोबार में शेयरों में तेजी आई है, जबकि ये पहले से ही उच्च स्तर पर हैं। दर समायोजन की स्थिति में शेयरों और बांडों के तुलनीय मूल्य फिर से संरेखित होते हैं। कोई सुरक्षित रूप से उम्मीद कर सकता है कि ब्याज दर घटेगी तथा शेयरों की कीमतें बढ़ेंगी। पोर्टफोलियो को फिर से निर्धारित किया जायेगा।अतिरिक्त फंडों में होने वाले उतार-चढ़ाव अगले चरण में विदेशी मुद्रा बाजार को भी हिला सकते हैं। कोई उम्मीद कर सकता है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के लिए आसान दरें उलट सकती हैं और विदेशी संस्थागत निवेशकों से प्रवाह के अनुसार समायोजन दिखा सकती हैं। फिर, संयुक्त राज्य अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने इस समय इतना बड़ा कदम क्यों उठाया है। राय अलग-अलग हैं। आंकड़ों की व्याख्याएं अलग-अलग हैं।फेडरल बैंक के चेयरमैन पॉवेल ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विपरीत स्थिति की ओर इशारा किया है। जबकि साल की शुरुआत में, कीमतें 4.2 प्रतिशत बढ़ रही थीं और बेरोजगारी दर 2 प्रतिशत पर थी। वर्तमान में स्थिति बिल्कुल उलट है। कीमतें 2प्रतिशत बढ़ रही हैं और बेरोजगारी 4.2प्रतिशत पर है।

पॉवेल ने बताया कि बेरोजगारी और बढ़ने से पहले, केंद्रीय बैंक को बेरोजगारी को और बढ़ने से रोकने के लिए समग्र आर्थिक गतिविधि को समर्थन देने की दिशा में कदम उठाना होगा। वास्तव में, अर्थशास्त्रियों और बाजार संचालकों में से कुछ लोगों का मानना है कि फेड पहले से ही पीछे रह गया है, यानी उसने दरों में कटौती को बहुत लंबे समय तक टाल दिया है।केंद्रीय बैंक ने अपनी नीतिगत दरों को ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर बनाये रखा था - सटीक रूप से 23 साल के उच्चतम स्तर पर। परिणामस्वरूप, बाजारों के साथ-साथ अर्थशास्त्रियों को भी उम्मीद थी कि फेड इस साल जनवरी में अपनी बैठक में नीतिगत दरों में कटौती करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिर मौद्रिक नीति समिति की मार्च की बैठक में कटौती की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। फिर, जून में भी ऐसी ही उम्मीद थी। अब, सितंबर में ही कटौती हुई है।पूरे समय, अर्थशास्त्रियों को डर था कि लगातार उच्च ब्याज दरें अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मंदी में डाल देंगी। यह डर लंबे समय से था। इकानॉमिस्ट पत्रिका ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया था कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी बढ़ रही है, हालांकि 2020 की पहली तिमाही से ब्याज दर में लगातार बढ़ोतरी की जा रही थी।

वास्तव में, अमेरिकी अर्थव्यवस्था का व्यवहार हैरान करने वाला रहा है। पारंपरिक आर्थिक तर्क के अनुसार, केंद्रीय बैंक ब्याज दरें तब बढ़ाते हैं जब कीमतें बढ़ रही होती हैं। उच्च ब्याज दर मांग को दबा देती है, निवेश को कम करती है, जिससे रोजगार में कमी आती है। इस प्रकार, रोजगार और मूल्य वृद्धि के बीच एक विशेष संबंध है।

लेकिन इस बार, फेड ने अपनी ब्याज दरें तब बढ़ाई जब अमेरिकी कीमतें ऐतिहासिक उच्च गति पर थीं। सभी को बेरोजगारी में वृद्धि और वास्तव में मंदी की उम्मीद थी।परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और अमेरिका खुशी-खुशी बढ़ता रहा। साथ ही, हाल ही में कीमतों में तेज वृद्धि धीमी हो गई और केंद्रीय बैंक के स्वीकार्य स्तर पर आ गई।संभवत-, यह नयी अर्थव्यवस्था की शुरुआत है। अर्थशास्त्री सुराग खोजने के लिए डेटा और अमेरिकी उपभोक्ताओं के व्यवहार से जूझ रहे हैं। यह महामारी और उसके बाद के दौर में हो सकता है। उपभोक्ताओं के हाथों में अप्रयुक्त धन के बड़े पूल ने अर्थव्यवस्था को चालू रखने में भूमिका निभायी। इस घटना को नियमित रूप से स्वीकार करना बहुत जोखिम भरा हो सकता है।



# थायराइड

## भी हो सकता है थकान का कारण

क्या आपके साथ भी ऐसे होता है कि आप सारा दिन काम करते करते इतना थक जाती है कि आप अपना मनपंसद टी.वी शो भी अच्छी तरह से नहीं देख पाती और घर में हमेशा थका-थका महसूस करती है। घर पर सीढियां चढ़ने के वक्त,कोई भी काम करने के वक्त या बैड से उठने के वक्त भी ऐसा महसूस होना कि जितनी नींद हमने ली है वो अभी भी पर्याप्त नही है। स्वस्थ ऊर्जा का निर्माण स्वास्थ्यवर्द्धक पाचन प्रणाली से शुरू होता है विटामिन बी की कमी से भी थकान महसूस होती है। हल्की थकान तथा गंभीर थकान में से आप खुद को किसका शिकार महसूस करती हैं और वास्तव में आपके साथ गलत क्या हो रहा है ?

- थकावट महसूस होने के कई कारण हो सकते है। जब भी शरीर में थकावट महसूस हो तो थोड़ा इधर-उधर टहल कर आप अपनी थकावट को दूर कर सकती है।जब आप थकी होती हैं तो आपका मैटाबोलिक रेट कम हो जाता है और आप कम कैलोरीज बर्न करती हैं। इसी कारण आपको थकावट महसूस होती है। कसरत करने से भी आप सारा दिन बेहतर महसूस करेंगी और काम करने के बाद भी थकावट कम महसूस होगी।
- हमारे शरीर में थकान महसूस होने के कई कारण हो सकते है। कई बार विटामिन्स की कमी होने पर भी हम कोई भी काम करने के बाद थकावट महसूस करते है। आयरन की कमी होने पर भी थकान महसूस होती है। यदि आपको अपनी त्वचा पीली दिखाई दे, अपनी धड़कन तेज महसूस हो और चिड़चिड़ापन महसूस हो तो आयरन से भरपूर डाइट आपको इस समस्या से निजात पाने में सहायक हो सकती है।
- अपने वातावरण को ताजा बनाए रखें और बोर होने से बचें जब भी आप बोर हो रही हो तो संगीत का लुत्फ उठा सकती है और बोरियत आपके मूड को प्रभावित करती है।
- आपकी थकावट का कारण थायराइड भी हो सकता है। सुबह के समय थकान थायराइड की कमजोर कार्यप्रणाली का चिन्ह हो सकती है। इसलिए थायराइड की जांच अवश्य करवाएं।
- भरपूर नींद न लेने की वजह से भी आप सारा दिन थकान महसूस कर सकती है।शरीर के लिए भरपूर नींद लेना भी बहुत जरूरी होता है। इसलिए रात के समय कम से कम 8 घंटे नींद लेना जरूरी है और दिन के समय बीच में कम से कम 20-30 मिनट की नींद जरूर लें ।
- दिन में भारी भोजन करने की बजाय अपने भोजन में साबुत अनाज, ओट्स, अंकुरित खाद्य तथा बहुत सारी सब्जियां तथा फल शामिल करें।

## ताकि दर्द में न बीतें सर्दियां

सर्दियों में जुकाम और खांसी से बचकर रहें सर्दियों में जुकाम और खांसी से बचकर रहें

सर्दियों को वैसे तो खाने पीने और घूमने फिरने का मौसम माना जाता है, लेकिन हेल्थ प्रॉब्लम्स भी इस मौसम में परेशान करती हैं। अब जब सर्दियों ने दस्तक दे ही दी है, तो क्यों न इस मौसम की दिक्कतों से बचने के लिए हम पहले से ही करते चलें बचाव के इंतजाम। यहां पर कुछ हेल्थ टिप्स दिये हुए हैं, जिन्हें आप सर्दियों में फिट रहने के लिये इस्तेमाल कर सकती हैं -

### सर्दी, जुकाम, खांसी

इस मौसम की कॉमन प्रॉब्लम है सर्दी, जुकाम और खांसी। अगर आपको हर दिन सुबह उठते ही छींक आती है और जुकाम जैसा लगता है, तो परेशान होने की कोई जरूरत नहीं। यह प्रॉब्लम होती है एलर्जी की वजह से और एलर्जी से आप तभी बचकर रह सकती हैं, जब आप हेल्दी डाइट लेंगी।

### वायरल के लक्षण हैं

सिर दर्द, आंखों से पानी बहना, बदन टूटा सा लगना वगैरह। इसके इलाज के लिए बैलेंस डायट लेना जरूरी है। विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स की सही मात्रा होनी चाहिए। खाने में फल और हरी सब्जियां ज्यादा हों।

### क्या करें

अपनी डेली डायट में सेब, मौसमी फल, अंगूर और फिश को शामिल करें। ये प्रॉब्लम्स एलर्जी की वजह से होती हैं और ये फूड आपको एलर्जी से बचाए रखेंगे। इसके अलावा गर्मागर्म ब्लैक टी भी आपको इस प्रॉब्लम से दूर रखने में हेल्प करेगी। अगर आप इस प्रॉब्लम पर गौर नहीं करेंगी, तो आपकी बॉडी की प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होती चली जाएगी। वैसे, यह प्रॉब्लम उन जगहों पर ज्यादा होती है, जहां ठंडी हवाएं चलती हैं। सर्दी से बचने के लिए चेस्ट को अच्छी तरह से ढककर रखें, गले को लपेट कर और गरम कपड़े पहनें। डॉक्टर की सलाह पर दवाएं लें। नाक बंद हो तो स्टीम लें।एक रिसर्च के मुताबिक, जो महिलाएं हफ्ते में 5 दिन तकरीबन 45 मिनट एक्सरसाइज करती हैं, उन्हें जुकाम कम होता है।





# सीताफल

## स्वादिष्ट मीठे फल के 10 गुण

सीताफल इतने गुणों से भरपूर है कि शायद ही शरीर का कोई हिस्सा ऐसा हो जिसे यह फायदा न पहुंचाता हो। जानिए सीताफल के 10 गुणों के बारे में...

1. सीताफल में वजन बढ़ाने की क्षमता भरपूर होती है और अगर आप वजन बढ़ाने के सारे जतन करके थक चुके हैं तो तैयार हो जाएं एक नए और मीठे उपाय के लिए। आपको बस सीताफल को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना है और आपका मनचाहा फिगर आप पा सकेंगे बहुत ही जल्दी।



2. सीताफल में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट विटामिन सी बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। विटामिन सी में शरीर की रोगों से लड़ने वाली शक्ति यानी इम्युन सिस्टम को बढ़ाने की क्षमता होती है तो हर दिन एक बार सीताफल खाइए और भगाइए दूर बीमारियों को।
3. क्या आप अक्सर कमजोरी महसूस करते हैं? सीताफल आपकी यह परेशानी दूर कर सकता है। सीताफल बहुत ही अच्छा एनर्जी का स्रोत होता है और इसके सेवन से थकावट और मसल्स मतलब मांसपेशियों की कमजोरी आपको बिलकुल भी महसूस नहीं होगी। बस, सीताफल को अपनी डाइट में शामिल कर लीजिए।
4. विटामिन बी कॉम्प्लेक्स से भरा हुआ सीताफल दिमाग को शीतलता देने का भी काम करता है। यह आपको चिड़चिड़ेपन से बचाकर निराशा को दूर रखता है। तो फिर बस, सीताफल अपनाइए और अपनी मानसिक शांति को रखिए अपने साथ हमेशा।
5. सीताफल आपके दांतों के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत उत्तम है। इसको नियमित खाकर आप दांतों और मसूड़ों में होने वाले दर्द से छुटकारा पा सकते हैं।
6. खून की कमी यानी एनीमिया से बचना अब बिलकुल आसान है। सीताफल का हर दिन इस्तेमाल खून की अल्पता को खत्म कर देता है और उल्टियों के प्रभाव को भी कम करता है।
7. सीताफल आंखों की देखने की क्षमता बढ़ाता है, क्योंकि इसमें विटामिन सी और रिबोफ्लॉविन काफी ज्यादा होता है। इससे नंबर के चश्मे को आप खुद से बड़ी आसानी से दूर रख सकते हैं।
8. सीताफल में मौजूद मैग्नीशियम शरीर में पानी को संतुलित करता है और इस तरह से जोड़ों में होने वाले अम्ल को हटा देता है। यह अम्ल गठिया रोग का मुख्य कारण होता है और इस तरह से सीताफल गठिया रोग से सुरक्षा करता है।
9. दिल की तंदुरुस्ती अब बिलकुल आसान है। इसमें सोडियम और पोटेशियम संतुलित मात्रा में होते हैं जिससे खून का बहाव यानी ब्लड प्रेशर में अचानक होने वाले बदलाव नियंत्रित हो जाते हैं।
10. दोनों प्रकार की शुगर को संतुलित रखना सीताफल के उपयोग के साथ बहुत ही आसान है। इसमें शरीर में होने वाली शुगर को सोख लेने का गुण होता है और इस तरह से यह शुगर का शरीर में स्तर सामान्य बनाए रखता है।

सीताफल एक लाजवाब, स्वादिष्ट और मीठा फल होने के साथ-साथ अपने में अनगिनत औषधीय गुणों को शामिल किए हुए है। पूरे शरीर को स्वस्थ और बीमारियों से दूर रखने का यह एक बहुत ही आसान उपाय है।



## भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने के नुक्सान

कई लोग भोजन के साथ या भोजन के बाद चाय का सेवन करने के शौकीन होते है लेकिन भोजन के साथ चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करना नुक्सानदायक साबित हो सकता है।चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से हमारे शरीर को कई रोगों का शिकार होना पड़ सकता है जैसे ब्लड प्रैशर की समस्या, मधुमेह और वजन बढ़ने की समस्या,पेट संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती है।चाय या कॉफी में अत्यधिक कैफीन होने को कारण यह हमारे शरीर के लिए नुक्सानदायक साबित होती है।कई लोगों का ऐसा मानने है कि भोजन के साथ चाय पीने से भोजन आसानी से पच जाता है लेकिन ऐसा न होकर इसका बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है।आइए जानें भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने के नुक्सान।

- भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने से पेट संबंधी समस्याएं जैसे एसीडिटी की समस्या पैदा हो सकती है और पाचन क्रिया पर भी बुरा असर पड़ता है।
- चाय का अत्यधिक सेवन करने से मुंह की समस्याएं पैदा हो सकती है ,चाय ज्यादा पीने से गले और मुंह में खुश्की की समस्या पैदा हो सकती है।
- चाय का अत्यधिक सेवन करने से इसमें मौजूद कैफीन हमारे शरीर के लिए नुक्सानदायक साबित हो सकता है ,कैफीन हमारे शरीर में एसिड बना देता है जिसका सीधा असर हमारी किडनी पर पड़ता है।
- चाय या कॉफी पीने से आंतो पर बुरा असर पड़ता है और यह आंतों को भी कमजोर बना देती है।
- भोजन के साथ चाय या कॉफी का सेवन करने से भोजन में मौजूद पौष्टिक पदार्थ हमारे शरीर तक नहीं पहुंच पाते।
- चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से अनिद्रा जैसी बीमारी का भी शिकार होना पड़ सकता है।
- चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से फेफड़ों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

## जैतून का तेल रखता है दिल को दुरुस्त



जैतून तेल का नियमित इस्तेमाल दिल को तो दुरुस्त बनाता ही है, दिल संबंधी बीमारियों के जोखिमों को भी घटाता है। ग्लासगो तथा लिस्बन विश्वविद्यालयों और जर्मनी में मोसाइक्यूज डायग्नोस्टिक्स के अध्ययनकर्ताओं ने जैतून के तेल का असर जानने के लिए मिलकर काम किया।अमेरिकी जर्नल क्लीनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित अध्ययन में जैतून सहित पौधे में पाए जाने वाले प्राकृतिक अवयव फेनोलिक्स के हृदय पर पड़ने वाले असर को परखा गया। अमेरिका में संघीय औषधि प्रशासन और यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण का मानना है कि मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड के साथ फेनोलिक्स, जैतून के तेल के रक्षात्मक प्रभाव के लिए जिम्मेदार होता है। अध्ययन का पहलू यह रहा कि लक्षित समूहों पर इसका असर देखा गया यानी ऐसे लोग जो हमेशा जैतून का तेल इस्तेमाल नहीं करते हैं। स्वास्थ्य पर तेल पूरकों के असर के अध्ययन के लिए अध्ययन टीम ने नई डायग्नोस्टिक तकनीक को आजमाया। धमनी संबंधी (सीएडी), किडनी संबंधी (सीकेडी) और मधुमेह जैसी बीमारियों के संकेत के लिए पहचानी गई पेपटाइड्स (खंडित प्रोटीन से निर्मित) के रेंज को जानने के लिए पेशाब के नमूने की जांच की गई। परिणाम से पता चला कि दोनों समूहों में बीमारी की सबसे सामान्य किस्म सीएडी के नतीजे में बड़ा बदलाव दिखा।

## विटामिन बी1 की कमी ब्रेन को कर देती है फेल

नई खोज से पता चला है कि विटामिन बी1 की कमी से ब्रेन की घातक बीमारी वैनिक इंसेफैलॉपथी हो सकती है। ऐल्कॉहॉल और एड्स के 75-80 पर्सेंट केसों में इस बीमारी के होने की आशंका रहती है। यह ब्रेन की ऐसी बीमारी है, जिसमें समय पर इलाज नहीं होने पर मरीज इंसेफैलॉपथी का शिकार हो जाता है।



मेटाबॉलिक संतुलन बिगड़ने और नशीले पदार्थ का सेवन करने से यह बीमारी होती है। लायोला यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के न्यूरॉलजिस्ट के मुताबिक, वैनिक इंसेफैलॉपथी से पीड़ित में कन्फ्यूजन, भ्रम, कोमा, मांसपेशियों की कमजोरी और दृष्टि दोष जैसी दिक्कतें होती हैं। यही बाद में स्थायी तौर पर ब्रेन डैमेज का कारण बनती हैं और मरीज की मौत भी हो जाती है। साइंस अमेरिकन मेडिसिन जर्नल में इस नई खोज को प्रकाशित किया गया है।

## उफनती गंगा में मस्ती पड़ी भारी, तीन डूबे

एजेंसी

**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिले के बरियारपुर प्रखंड में उफनती गंगा नदी में तीन युवकों को मस्ती भारी पड़ गई। मुंगेर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घटना में गंगा के बाढ़ के पानी में मंगलवार को तीन लोग डूब गए। अब एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर उनकी तलाश में जुटे हैं।

पुलिस के अनुसार, पहली घटना बरियारपुर प्रखंड की हैं, जहां दो छात्र बाढ़ के पानी में डूब गए। अब उनकी तलाश में एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम को लगाया गया है। लापता लोगों में असरगंज माल खानपुर निवासी चाहत कुमार और लोहचि नाकी निवासी मुकुंद कुमार शामिल है। दोनों मैट्रिक के छात्र हैं। बताया जाता है कि ये दोनों युवक बाढ़ के पानी में मस्ती करने उतरे थे और अचानक तेज बहाव में बह गए। दूसरी घटना मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सोझी घाट की है, जहां दो दोस्त गंगा स्नान कर रहे थे। स्नान करने के दौरान एक दोस्त तेज धार में बह गया, जबकि दूसरा दोस्त किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल गया।

## भाजपा ने 25 सितंबर को महा सदस्यता दिवस मनाने की बनाई योजना

**दौसा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 25 सितंबर को अपने संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस को महा सदस्यता दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ दौसा विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और प्रत्येक बूथ पर उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन और योगदान को याद किया जाएगा। जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभु दयाल ने जानकारी दी कि जिले के सभी मंडलों में प्रत्येक बूथ पर घर-घर संपर्क अभियान चलाकर 100 से अधिक नए सदस्यों का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, मंडलों में स्थित सभी बूथों पर 5-5 कार्यकर्ताओं की टोली बनाई गई है, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को प्रवासी के रूप में जिम्मेदारियाँ सौंपेंगे। यह कार्यकर्ता 25 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 100 से अधिक सदस्य बनाने के उद्देश्य से रात्रि में भी मंडल में प्रवास करेंगे। भाजपा प्रदेश और जिला नेतृत्व ने जिले के सभी पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों, जैसे विधायक, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष, नगर परिषद सभापति, और अन्य को प्रवासी कार्यकर्ताओं के रूप में जिम्मेदारियां सौंपी हैं, ताकि प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार गतिविधियों का संचालन किया जा सके।

## रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव आयोग ने की बैठक

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार पूर्वाह्न रांची पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व वाली टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। सुबह पूर्वाह्न लगभग 9 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे आयोग के सदस्यों का झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अगुवाई में राज्य के वरीय पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रांची पहुंचने पर आयोग ने बैठकों के क्रम में सर्वप्रथम झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक कर उनसे विस्तार से संवाद किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा बेहतर मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील भी की। राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक के उपरांत आयोग ने चुनाव कार्य से प्रत्यक्षतः संलग्न विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों जैसे आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी, रिजर्व बैंक, वन, परिवहन, नागरिक उड्डयन, नारकोटिक्स आदि के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी कार्य योजनाओं की समीक्षा की। सभी से अपील की गयी कि सभी एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कमर कस लें।

## झारखंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी भाजपा की डबल इंजन की सरकार: डॉ मोहन यादव

**रांची/भोपा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आपके वोट से सोरेन परिवार सत्ता में आया और जनता व प्रदेश का विकास करने की बजाय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी, परिवार भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए और अपना विकास करने लगे। मुख्यमंत्री रहते किए गए भ्रष्टाचार के कारण हेमंत सोरेन जेल गए, जेल से छूटते ही दोबारा मुख्यमंत्री बन गए। झारखंड की भोली-भाली जनता जिस पार्टी से प्रदेश के विकास की उम्मीद लगाए बैठी है, वह प्रदेश को लूटने और भ्रष्टाचार में व्यस्त है। झारखंड की जनता रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रही है। आप भाजपा को आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दें, भाजपा झारखंड को विकसित प्रदेश बनाएगी। झारखंड की जनता को खुशहाली देने, समृद्ध प्रदेश बनाने के लिए यहां डबल इंजन की सरकार की जरूरत है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। आप झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनाएं, इस प्रदेश को भाजपा विकसित प्रदेश बनाएगी। भाजपा की डबल इंजन सरकार झारखंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव झारखंड में गिरीडीह जिले की गाण्डेय और हजारीबाग जिले की बरकट्ठा विधानसभा में परिवर्तन सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को समृद्ध बनाने का सपना देखा था।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले बुधवार से जैसलमेर प्रवास पर

एजेंसी

**जैसलमेर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले बुधवार और गुरुवार को जैसलमेर प्रवास पर रहेंगे।

सरकार्यवाह अपने जैसलमेर प्रवास के दौरान सीमा पर स्थित मां तनोट राय दर्शन, अंतरराष्ट्रीय सीमा अवलोकन, ग्राम्य क्षेत्र अनुभव, सीमा क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कार व सामाजिक सेवा कार्यों का अवलोकन करेंगे। साथ ही स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों से संवाद भी करेंगे। संघ के सह विभाग कार्यवाह जयंत दईया बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और सामाजिक कल्याण के संदर्भ में इस प्रवास में, सीमा जन कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं के साथ सरकार्यवाह की एक बैठक रहेगी। इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में चल रहे जनकल्याण और सीमांत क्षेत्र में चलने वाले कार्यों पर चर्चा होगी। होसबाले कार्यकर्ताओं से संवाद भी करेंगे। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय सुरक्षा में सीमाओं की रक्षा सम्मिलित होती है और सीमांत क्षेत्र में रहने वाला जनसमूह के राष्ट्रीय भाव का संस्कार दृष्टिकोण अनिवार्य है।



सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के इस प्रवास में उनके साथ संघ के क्षेत्र, प्रांत के विभिन्न पदाधिकारी और सीमा जागरण के अखिल भारतीय संघटन मंत्री व सह संगठन मंत्री मुरलीधर तथा नींब सिंह सहित सीमा जनकल्याण समिति के प्रदेश पदाधिकारी व स्थानीय कार्यकर्ता साथ रहेंगे।

## भारतीय फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट तलवार केन्या की यात्रा पर मोम्बासा बंदरगाह पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तलवार केन्या की यात्रा पर है और 22 सितम्बर को मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करना तथा रचनात्मक सहयोग और पारस्परिक विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। बंदरगाह पर जहाज के ठहरने के दौरान दोनों नौसेनाओं के कर्मी सहयोग बढ़ाने और अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के पेशेवर संपर्क और क्रॉस-एक्सचेंज यात्राओं में शामिल होंगे। भारत और केन्या सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों की नींव पर बने एक मजबूत बंधन को साझा करते हैं। हिंद महासागर से जुड़े भौगोलिक पड़ोसियों के रूप में दोनों राष्ट्र एक स्वाभाविक साझेदारी को संजोते हैं। पिछले कुछ वर्षों में नियमित उच्च-स्तरीय यात्राओं और बढ़ते व्यापार से निवेश मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्याई राष्ट्रपति विलियम समोई रूटो ने दिसंबर 2023 में केन्याई राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान संयुक्त विजन स्टेटमेंट जारी किया था। आईएनएस तलवार को 18 जून, 2003 को कमीशन किया गया था और यह



पश्चिमी नौसेना कमान के तहत मुंबई में स्थित भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े का हिस्सा है। कैप्टन जीतू जॉर्ज इस जहाज की कमान संभालते हैं, जिसमें लगभग 300 कर्मी हैं।

## फसलों, फसल बीमा योजना और फसलों के नुकसान के बारे में मिले सुझावों पर कर रहे हैं काम : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूसा परिसर स्थित अंतरराष्ट्रीय गेस्ट हाउस के बोर्ड मीटिंग हॉल में किसानों और किसान यूनियनों से संवाद किया। इस क्रम में मीडिया से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि देश की रीढ़ है और किसान आत्मा हैं। किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने जैसा है। उन्होंने कहा कि वे आज किसान संघ के नेताओं से मिले। अलग-अलग किसान संगठनों से भी बातचीत की। उनमें से कुछ फसलों, फसल बीमा योजना और फसलों के नुकसान के बारे में सुझाव दिए हैं। इसके अलावा सभी ने और भी बहुत सारे सुझाव दिए हैं। हम उन सुझावों पर काम कर रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान कल्याण है। समन्वित और सामूहिक प्रयासों से हम किसानों की उन्नति में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को किसानों तथा किसान संगठनों के साथ जो संवाद हमने प्रारंभ किया है, इसी दिशा में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में अलग-अलग किसान संगठनों के किसान भाइयों से भेंट की। वह सबके मन को भाया है। संवाद का यह क्रम निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ दिनों पहले तय किया था कि प्रत्येक मंगलवार किसान संगठनों और किसान भाई-बहनों से भेंट कर चर्चा करेंगे। इस दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही किसान साथियों ने कृषि एवं किसान कल्याण की दिशा में लिए सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की प्रशंसा की। प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में पौधा रोपण भी किया।

## पुलवामा आतंकी हमले के आरोपी की अस्पताल में मौत

एजेंसी

**जम्मू** । 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के एक आरोपी की जम्मू शहर के एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी हमले के आरोपी बिलाल अहमद कुचाय को किश्तवाड़ जिला जेल में सीने में दर्द की शिकायत के बाद जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अधिकारियों ने बताया, आरोपी का इलाज कर रहे डॉक्टरों के अनुसार देर रात हृदय गति रुकने से अस्पताल में उसका निधन हो गया। कुचाय पुलवामा जिले के काकापोरा का रहने वाला था। ज्ञात हो कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा जिले के लेथपोरा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। यह हमला आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार ने किया था, जिसमें उसकी भी मौत हो गई थी। उसने लेथपोरा में अपनी विस्फोटक से भरी कार को सीआरपीएफ के काफिले से टकरा दिया था। कुचाय आतंकी हमले के तीन मुख्य आरोपियों में से एक था। उसे हमलावरों को सहायता प्रदान करने के आरोप में 2020 में गिरफ्तार किया गया था। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था। वहीं पाकिस्तान ने इस घटना से कोई भी संबंध होने से इनकार किया था। इस हमले ने भारत-पाकिस्तान संबंधों को गहरा झटका दिया, जिसके कारण 2019 में भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध हुआ।

## केजरीवाल के खिलाफ बहुत षड्यंत्र रचे गए : आतिशी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी(आप), दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बहुत षड्यंत्र रचे गए लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से रक्षा की।

सुश्री आतिशी ने आज यहां कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और सभी की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया।

उन्होंने 'एक्स'पर कहा,÷कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। पिछले दो सालों में आम आदमी पार्टी, दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के ख़िलाफ़ बहुत षड्यंत्र रचे गए। लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से हमारी रक्षा की। संकट मोचन से यही प्रार्थना है कि, उनका आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे, हम दिल्लीवालों के काम करते रहें और आने वाले चुनाव के बाद एक बार फिर अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री बनें।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि, ÷हनुमान जी हमारे संकट मोचन रहे है।



पिछले दो सालों में आम आदमी पार्टी पर, दिल्ली सरकार पर, हमारे नेता अरविंद केजरीवाल जी पर हमारे दुश्मनों द्वारा हर तरह के हमले हुए। उन्होंने कोशिश की कि, हमें तोड़ दें, हमें दबा दें, हमें चुप करा दें, दिल्ली वालों के काम रोक दें। उन्होंने कहा कि हनुमान जी ने हर संकट में 'आप'की,श्री जरीवाल की,दिल्ली सरकार की और दिल्लीवालों की रक्षा की। सुश्री आतिशी ने कहा, ÷आज हनुमान जी से मैंने यही प्रार्थना की कि, जिस तरह से उनका आशीर्वाद हमेशा हम सभी पर बना रहा है, वैसे ही बना रहे। हम उनके आशीर्वाद के साथ दिल्लीवालों के काम करते रहें और उनके आशीर्वाद के साथ आने वाले चुनाव में अरविंद केजरीवाल जी को वापस दिल्लीवालों का मुख्यमंत्री बनाए।

## बिहार जा रही महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव का खंडन

एजेंसी

**प्रयागराज।** नई दिल्ली से बिहार के गया जा रही महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पर अराजक तत्वों द्वारा सोमवार रात पथराव में कई यात्रियों के घायल होने की घटना का रेलवे ने खंडन किया है।

उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि कुछ मीडिया समूह द्वारा चलाई जा रही महाबोधि एक्सप्रेस पर पथराव से कई यात्रियों के घायल होने की सूचना गलत है। इस तरह की कोई घटना प्रयागराज मंडल में नहीं हुई है।

उन्होंने बताया कि महाबोधि एक्सप्रेस के गार्ड ने मिर्जापुर स्टेशन में प्रवेश करते समय गार्ड ब्रेक पर पत्थर आकर टकराने की आवाज आने की सूचना दी। मिर्जापुर आरपीएफ को तुरंत सुचित किया गया। आरपीएफ टीम के मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया लेकिन वहां कोई संदेहास्पद व्यक्ति नहीं मिला।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस घटना में किसी व्यक्ति के चोट अथवा हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि ऐसी संभावना है कि कोई गिट्टी के छिटकने अथवा कहीं से



आकर गार्ड ब्रेक पर टकराई हो। एहतियातन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

इसके अलावा प्रयागराज से बिहार जा रही सीमांचल एक्सप्रेस पर यमुना पुल के पास एक व्यक्ति ने बताया कि एस-3 कोच के बाहर से एक पत्थर आकर उसे लगा जिससे उसे चोट लगी। उन्होंने बताया कि उस व्यक्ति के वक्तव्य के अनुसार एक पागल किस्म के व्यक्ति ने पत्थर फेंका था। यहां पर भी घटनास्थल पर आरपीएफ की टीम ने मुआयना किया लेकिन कोई नहीं मिला। उसे मिर्जापुर में प्राथमिक उपचार दिया गया। एहतियातन इस मामले में भी संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर, एके 47 राइफल व नक्सल सामग्री बरामद

एजेंसी

**नारायणपुर।** जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और महाराष्ट्र सीमा पर सोमवार शाम को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है, जिनमें दो पुरुष और एक महिला है। सर्चिंग के दौरान तीनों नक्सलियों के शवों के पास से एक एके 47 राइफल सहित कई अन्य हथियार, गोला-बारूद एवं नक्सल सामग्री बरामद की गई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन नक्सली मारे गये हैं। नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सर्चिंग अभियान के लिए संयुक्त सुरक्षाबलों के जवानों को रवाना किया गया था। आज सोमवार शाम 4 बजे सर्चिंग के दौरान घात लगाए नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों के जवानों ने दो पुरुषों और एक महिला



सहित कुल तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के शवों के साथ एके 47 राइफल सहित कई अन्य हथियार, गोला बारूद एवं नक्सल सामग्री बरामद की गई है। मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।

## हाई कोर्ट के फैसले के बाद सीएम सिद्धारमैया को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, राहुल गांधी भी दें सफाई : राजीव चंद्रशेखर

एजेंसी

**नई दिल्ली** । पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री की याचिका खारिज किए जाने का हवाला देते हुए मुदा घोटाले में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए तुरंत सीएम सिद्धारमैया से अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी से भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भ्रष्टाचार के मामले में सफाई देने की मांग की।

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने मुदा मामले में सीएम सिद्धारमैया और उनके परिवार की संलिप्तता के खिलाफ कर्नाटक के राज्यपाल द्वारा जांच को दी गई मंजूरी के आदेश पर रोक लगाने के मौजूदा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका को खारिज कर दिया है।

उन्होंने इसे गंभीर मसला बताते



हुए कहा कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा नेता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के कई अन्य नेताओं पर भ्रष्टाचार के कई अन्य मामलों का आरोप लगाते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि कैसे एक मौजूदा सीएम ने अपने पद का दुरुपयोग किया। राज्य में सत्ताधारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने किस तरह से लाभ उठाया।

उन्होंने कहा कि आज कर्नाटक में कांग्रेस का एक भी नेता ऐसा नहीं है, जो भ्रष्ट नहीं हो। राजीव चंद्रशेखर ने मांग की कि राहुल गांधी को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर, भ्रष्टाचार के इन मामलों में सफाई देनी चाहिए कि उनके नेता गरीबों के हक के पैसे को क्यों लूटते हैं? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सरकारों का उद्देश्य भ्रष्टाचार है और सिद्धारमैया ने कांग्रेस की उसी परंपरा का पालन किया है। यह कांग्रेस की आदत बन चुकी है कि कई तरह के झूठे वादे करके गरीबों के नाम पर सत्ता में आओ और फिर जनता के हक के पैसों और जमीनों को लूटो।

उन्होंने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान की भी कड़ी आलोचना की। इससे पहले कर्नाटक की खराब हालत का जिक्र करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कर्नाटक की अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बार-बार कहा है कि उनके पास विकास के लिए धन नहीं है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति भी अब तक के सबसे निचले स्तर पर है।

## पुणे के लोहमार्ग एयरपोर्ट का नाम बदलकर जगदगुरु संत तुकाराम महाराज एयरपोर्ट किए जाने को कैबिनेट की मंजूरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे लोहगांव हवाई अड्डे का नाम बदलकर जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पुणे करने का निर्णय आज हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजीत पवार सहित सभी मंत्री कैबिनेट में उपस्थित रहे। कैबिनेट के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि इस फैसले के मुताबिक नामांकन की अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजी जायेगी। उन्होंने कहा कि वारकरी समुदाय द्वारा लोहगांव हवाई अड्डे का नाम तुकाराम महाराज के नाम पर रखने का अनुरोध किया गया था।

## सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की समयबद्ध नेक रैंकिंग करवाने के कार्यवाही हो : राज्यपाल बागडे

एजेंसी

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को द्रुष्ट नेक रैंकिंग सुनिश्चित कराने के लिए विशेष बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में राज्यपाल ने राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की आवश्यक रूप से नेक रैंकिंग करवाने और इसके लिए सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभी से इस संबंध में विश्वविद्यालयों के अंतर्गत ऑनलाइन व ऑफलाइन डाक्यूमेंटेशन शुरू करने और शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि, विश्वविद्यालय में मौलिक



शोध और पेटेंट आदि जरूरी मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आह्वान किया।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाइन के अनुसार इस संबंध में तैयारी करने तथा विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर की स्थापना करने, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्र प्रेम आदि पर पाठ्यक्रम चलाए जाने पर चर्चा हुई।

राज्यपाल के सचिव डा. पृथ्वी ने नेक कमेटी के अंतर्गत विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग करवाने के लिए समयबद्ध और प्राथमिकता से कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में इस अवसर पर नेक कमेटी संयोजक डॉ. आरुषि अजय मलिक, शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार एवं कमेटी सदस्य प्रो. आंनद भालेराव, कुलपति राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय किशनगढ़ अजमेर, प्रो कन्हैया लाल श्रीवास्तव, कुलपति जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, प्रो. सुनीता मिश्रा, कुलपति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, डॉ. कैलाश सोडाणी, कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा, प्रो. एस. के सिंह, कुलपति राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा मौजूद रहे।

## अमरावती से खंडवा आ रही बस महाराष्ट्र के मेडघाट पर खाई में गिरी, चार की मौत

एजेंसी

**भोपाल।** महाराष्ट्र के अमरावती से मध्यप्रदेश के खंडवा आ रही यात्री बस चिकलधारा और धारणी के बीच मेडघाट पर करीब 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि बस चालक समेत 40 लोग घायल हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि बस में करीब 50 यात्री सवार थे, जिनमें से अधिकांश खंडवा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चावला ट्रैवल्स की बस रोजाना की भी सुबह अमरावती से यात्रियों को लेकर खंडवा के लिए रवाना हुई थी। मेडघाट पर खतरनाक मोड़ है, जहां पहुंचते ही बस अचानक अनंत्रित हो गई और पुल ने नीचे खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिल मौके पर पहुंच गई और लोगों की मदद से घायल यात्रियों को बस के कांच तोड़कर निकाला गया। घायलों को धारणी के पास सेमाडोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के बाद अमरावती भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान फूलवती (35)पत्नी राजू काजले निवासी रोनीखेड़ा, जिला बैतूल (मप्र), रघुनाथ इंगले (35) निवासी गाडगे नगर, अमरावती, महाराष्ट्र, पल्लवी कदम, (28) निवासी ग्राम रहेना, अमरावती, महाराष्ट्र और राजेंद्र मोतीप्रसाद पाल (पाल बाबू) निवासी भोकरबड़ी, तलाई कैंप धारणी, महाराष्ट्र के रूप में हुई है।



# दिल्ली का गुड़ियाघर



बच्चों क्या आपने दिल्ली का गुडियाघर देखा है? दिल्ली के नेहरू भवन में स्थापित यह विशाल गुडियाघर आप बच्चों को चाचा नेहरू का उपहार है. इस गुडियाघर की शुरुआत तो प्रसिध्द कार्टूनिस्ट के शंकर पिल्लै ने की थी, उनकी कोशिशों के बिना गुडियाघर नहीं बन सकता था, पर चाचा नेहरू के भी प्रयासों के बाद आज ये संसार के मशहूर संग्रहालयों में गिना जाता है।

कार्टूनिस्ट शंकर नेहरू जी के साथ रहने वाले पत्रकारों के समूह में थे जब नेहरू जी प्रधानमंत्री थे। वे चाचा नेहरू के साथ देश विदेश जाते और वहां से तरह तरह की गुडियाएं इकट्ठी करते। जब उनके पास 500 गुडियां इकट्ठी हो गयीं तब उन्होंने उन्हें देश भर के बच्चों को दिखाना चाहा और उन्होने देश के कई स्थानों पर बच्चों के चित्रों के साथ इन गुडियों की प्रर्दशनियां भी आयोजित कीं। लेकिन इस प्रयास में उन्हें कई कठिनाईयों का सामना करना पडता था। बार बार बांधने, खोलने और यहां से वहां ले जाने में उन गुडियों की टूर्टफूट हो जाती जिससे शंकर को बहुत दुःख पहुंचता।

ऐसे ही एक बार चाचा नेहरू दिल्ली में उनकी प्रदर्शनी देखने बिटिया इंदिरा के साथ पहुंचे। तब शंकर ने गुडियों को हुए नुकसान के बारे में उन्हें बताया। तब चाचा नेहरू ने उन्हें सुझाव दिया कि क्यों न इन गुडियों का कोई स्थायी संग्रहालय बना दिया जाए। तब इसके बाद जब दिल्ली में चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट के भवन का निर्माण हुआ तब उसका एक भाग गुडियाघर के लिये सुरक्षित कर दिया गया।

बहादुरशाह जफ़र मार्ग पर बने इस भवन में यह गुडियाघर 5185 वर्गफीट स्थान में फैला है, जो दो हिस्सों में बंटा है। हर 1000 फीट की लम्बाई में दीवारों पर 160 से ज्यादा कांच के केस बने हुए हैं। एक हिस्से में इंग्लैण्ड, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड और अन्य यूरोपीय देशों की गुडियाएं प्रदर्शित की गई हैं, वहीं दूसरे हिस्से में ऐशियाई देशों, मध्यपूर्व, अफ्रीका तथा भारत की गुडियाएं सजा कर रखी गई हैं।

इस गुडियाघर की शुरुआत 1000 गुडियों से हुई थी आज यहां देशविदेश की 6500 गुडियाओं का संग्रह है। अगर आप दिल्ली जाएं तो इसे देखना न भूलना।

## ऐसा स्कूल जहां छात्र सब्जियां उगाते हैं

आमतौर पर अगर तुम स्कूल के बारे में सोचोगे तो क्या। स्कूल जहां बच्चे पढ़ाई करते हैं। शिक्षा प्राप्त करते हैं। लेकिन क्या कभी तुमने ऐस स्कूल देखा है। जहां बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ सब्जियां भी उगाते हैं। आओ आज हम तुम्हें इसके बारे बताते हैं।

अमेरिका में कोलोराडो स्थित सोपरिस एलिमेंट्री स्कूल के छात्र स्कूल में ही अपने लिए सब्जियां उगाते हैं। इस स्कूल के पांचवें ग्रेड के एक शिक्षक ने स्कूल में ग्रीनहाउस के लिए योजना बनाने में मदद की है। इस कार्यक्रम को वहां के स्थानीय बैंक और व्यापारियों का समर्थन मिला। एक फाउंडेशन ने इस योजना के लिए 5000 अमेरिकी डॉलर का कर्ज भी मुहैया कराया। इस स्कूल ने अपने यहां एक सोलर हीट सिस्टम भी लगाया है, ताकि सर्दियों में ग्रीनहाउस में पौधों को गर्मी प्रदान की जा सके। इसमें 400 बच्चे नियमित रूप से पौधों की देखभाल करते हैं। पिछले महीने स्कूल के छात्रों ने सब्जियों की पहली फसल काटनी शुरू की थी। इसमें खीरा, मूली और पालक आदि शामिल थे।



11 साल की एक छात्रा हनाह जुल कहती है कि फसल काफी अच्छी है। हम इसे उगाने के दौरान ढेर सारी मस्ती भी करते हैं। स्कूल के एक शिक्षक का कहना है कि स्कूल के बगीचे ने बच्चों को घरों में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया है।

# शुतुरमुर्ग की बेवकूफी



बहुत पहले की बात है जब ईश्वर सृष्टि के निर्माण में अब भी व्यस्त थे। ईश्वर का एक सहयोगी था वह संसार को अग्नि देने के पक्ष में नहीं था। उसे लगता था कि इस अग्नि से सांसारिक जीव स्वयं का ही ना नष्ट कर लें। पर आग तो पांच तत्वों में एक है और उसे संसार को देना आवश्यक था तो उन्होंने निर्णय लिया कि आग तो दे दी जाए संसार को लेकिन शुतुरमुर्ग को आग की रखवाली के लिये तैनात कर दिया जाए ताकि कोई आग से न खेल सके। उसने सोचा कि जो भी शुतुरमुर्ग जैसे बहुत वफादार और अनुशासन प्रिय जानवर से किसी तरह आग ले जाने में सफल भी हो गया तो वह इतना चतुर अवश्य होगा कि आग को संभाल लेगा। उसने शुतुरमुर्ग को जरूरी हिदायतें दीं और वह अपने इंतजाम से संतुष्ट हो कर स्वर्ग लौटकर दूसरे रचनाओं के काम में लग गया।

शुतुरमुर्ग ने आग को खूब छिपा कर रखा अपने एक पंख के नीचे। लेकिन जो पहला आदिमानव था उसे पता चल गया कि वह आग को कहां छिपा कर रखता है और उसे अनुमान हो गया कि वह छिपा कर रखी गई आग कितनी काम की चीज है। वह आग पाना चाहता था, वह उसमें अपना भोजन पकाना चाहता था, उसकी गर्मी से वह रातों को अपनी गुफा गर्म करना चाहता था, और उसके प्रकाश से डरावने शिकारी जानवरों को भी वह अपने से दूर रख सकता था। कितना अच्छा होगा उसके और उसके परिवार के लिये कि उनके पास थोडी सी आग हो। आदिमानव ने सोच समझ कर शुतुरमुर्ग से आग चुराने की योजना बना ली।

अगले दिन आदिमानव जो कि जानवरों से बात करना जानता था शुतुरमुर्ग के पास पहुंचा, उसे विनम्रता से अभिवादन किया, शुतुरमुर्ग ने उसे घूर कर शक की निगाहों से देखा।

ओह महान और बुध्दिमान शुतुरमुर्ग जीसारे पक्षियों के महाराज, मेरे पास आपके लिये एक अच्छी खबर है।

सच! वह क्या ? शुतुरमुर्ग ने रुचि ली।

ओह विशाल, भव्य पक्षी, मैं ने कल रात एक सपना देखा, वह यह कि आप उड सकते हैं।



शुतुरमुर्ग को लगा वह मजाक बना रहा है तो उसने आंखें तरेर कर उसे देखा।

वो कैसे?

मैं सपने में जाना कि आपको उडने का उपहार मिल सकता है अगर आप एक उपाय करें।

क्या।

अगर आप सुबह सूर्योदय से पहले तेज हवा में अपने पंख फैला कर खडे हो जाएं और सपने में मैंने जाना कि आप अपनी आंखें बन्द कर लें और दौड क़र बाज की तरह उपर उठ कर उडने का प्रयास करें तो उडान आपको उपहार में मिल जाएगी।

शुतुरमुर्ग को एक यही बात तो अखरती थी कि सबसे बडा पक्षी होने के बावजूद भी वह उड नहीं पाता, जबकि उसके पंख इतने बडे और शक्तिशाली हैं। वह इस बात को मानने के लिये विवश हो गया, क्योंकि यही तो उसकी प्रिय इच्छा थी।

अगले ही दिन वह सूर्योदय के पहले एक ऊंची पहाडी पर ठंड में आखें कस कर बन्द करके और पंख फैला कर खडा हो गया। उसे खडे खड़े ज़ब कुछ देर हो गई तो आदिमानव चुपके से आया और उसके पंखों के नीचे से आग चुरा ली और तेज रफ्तार में भाग खडा हुआ। शुतुरमुर्ग पूरे दिन खडा रहा पर उडना उसे नहीं मिला उपहार में।

इस तरह आदिमानव ने हम मानवों को आग लाकर दी जो कि इतनी काम की चीज़ है, पर ईश्वर के सहयोगी को जो डर था कि आग का गलत इस्तेमाल न हो वह गलती कभी कभी इन्सान कर बैठता है। हमें उसकी हिदायत याद रखनी होगी कि हम कितने भी समझदार हो जाएं किन्तु इस आग से दुनिया ही न नष्ट कर बैठें।

खैरहां उस दिन शुतुरमुर्ग बडा दुखी हुआ कि उडना तो उसे आया ही नहीं और उसकी बेवकूफी से उससे आग और छिन गई। तब से इस सदमे से उसका दिमाग कमजोर हो गया और याददाश्त कमजोर हो गई।

## जी करता जोकर बन जाऊं

*जोकर मुझे बना दो जी*
*मोटी तोंद लगा दो जी*
*नाक गाल को खूब सजा कर*
*गोर्लगोल गेंदें चिपका कर*
*बन्दर जैसे दाँत दिखाकर*
*रोतों को भी खूब हंसाकर*
*हंसा-हंसा कर आंसू लाऊं*
*जी करता जोकर बन जाऊं*
*जोकर मुझे बना दो जी*
*मोटी तोंद लगा दो जी*
*तरह तरह के खेल दिखाकर*
*उल्टा सीधा मुंह बना कर*
*कानों में चप्पल लटका कर*
*छोटी सी एक पूंछ लगाकर*
*बच्चों का टट्टू बन जाऊं*
*जी करता जोकर बन जाऊं*
*जोकर मुझे बना दो जी*
*मोटी तोंद लगा दो जी*

## फीफा ने लीगल हैंडबुक 2024 संस्करण प्रकाशित किया

एजेंसी

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने लीगल हैंडबुक का 2024 संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नवीनतम नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र शामिल हैं।विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने 2020 में पहले संस्करण के बाद से हर साल कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की है। नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों और मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हालिया परिवर्तन और संशोधन शामिल हैं। अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा के नियमों के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर विनियम, तथा महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल हैं।




## धीमी ओवर गति के कारण न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम पर लगा जुर्माना

**मैके।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उक्त जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया ने मैके में पहला टी20 मैच पांच विकेट से जीता था और इसी मैदान पर दूसरा मैच 29 रन से जीता था। मैच अधिकारियों ने पाया कि व्हाइट फर्न्स ने सीरीज के पहले मैच में तय समय में स्वीकार्य ओवर से 1 ओवर कम किए थे। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपराध स्वीकार कर लिया और जुर्माना स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। ऑन-फील्ड अंपायर एंड्रयू क्रोज़ियर और ट्रॉय पेनमैन, तीसरे अंपायर बेन ट्रेलोर और चौथे अंपायर डेरिल ब्रिघम ने आरोप लगाए और मैच रेफरी डेविड गिल्बर्ट ने समय को ध्यान में रखते हुए न्यूजीलैंड द्वारा लक्ष्य से एक ओवर कम पाए जाने के बाद जुर्माना लगाया।

## ईरानी कप 2024: रहाणे करेंगे मुंबई की कप्तानी, सरफराज को मैच के लिए किया जा सकता है रिलीज

**नई दिल्ली।** अजिंक्य रहाणे लखनऊ में शेष भारत के खिलाफ 1 से 05 अक्टूबर तक होने वाले आगामी ईरानी कप मैच में रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई की अगुवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इस मैच में ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की भी सर्जरी के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी होगी समझा जाता है कि श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, शम्स मुलानी और तनुश कोटियन सहित सभी शीर्ष खिलाड़ी इस मैच में खेलेंगे। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि भारतीय टीम में शामिल सरफराज खान को इस मुकाबले के लिए चुना जाएगा या नहीं। बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट 27 सितंबर से शुरू हो रहा है और अगर सरफराज को प्लेइंग इलेवन में नहीं चुना जाता है, जो कि हो सकता है, तो मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन अपने प्रमुख बल्लेबाज को ईरानी कप में खेलने देने का अनुरोध कर सकता है। टीम की घोषणा आज हो सकती है। यह समझा जाता है कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे, जो दोनों ही भारतीय टी20 टीम में स्वतः चयनित हैं, ईरानी कप नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें 6 अक्टूबर से शुरू होने वाली टी20आई श्रृंखला के लिए 3 अक्टूबर को ग्वालियर में रिपोर्ट करना होगा।

## सीडीसी ने एलेक्स हेपबर्न को 10 साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**लंदन।** स्वतंत्र क्रिकेट अनुशासन आयोग (सीडीसी) ने वॉर्सेस्टरशायर के पूर्व ऑलराउडर एलेक्स हेपबर्न को बलात्कार के लिए जेल की सजा काटने के तीन साल बाद 10 साल के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पर 10 साल के लिए प्रतिबंध लगाया है। सीडीसी की ओर से जारी बयान के अनुसार हेपबर्न को 2019 में हेपबर्न के आपराधिक मामले और पेशेवर क्रिकेटर के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान एक आपत्तिजनक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने के बाद उनका यह निलंबन किया गया है। 16सितंबर को सुनाये गये फैसले में हेपबर्न को एक महिला से बलात्कार का दोषी पाया। क्रिकेट नियामक ने बयान में कहा, हेपबर्न आरोप पत्र और संबंधित संचार का जवाब देने में विफल रहे। सीडीसी पैनल ने उनकी अनुपस्थिति में अपना फैसला सुनाया। हेपबर्न ने सीडीसी पैनल के निर्णय के विरुद्ध अपील नहीं की है।



# अश्विन ने अपनी बढ़ती उम्र को लेकर कप्तान रोहित के साथ हुई मजेदार बातचीत को किया साझा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक मजेदार बातचीत को साझा किया। 22 सितंबर को भारत की 280 रनों की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अश्विन की ऑलराउंड प्रतिभा ने एक बार फिर उनकी बेहतरीन प्रतिभा को उजागर किया है।

38 साल की उम्र में, अश्विन अपनी निरंतरता और मैच जीतने वाले प्रदर्शनों के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट टीम युवा खिलाड़ियों की ओर बढ़ रही है। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो में, अश्विन ने एक मजेदार किस्सा साझा किया कि कैसे उनकी पत्नी, प्रीति नारायणन ने दलीप ट्रॉफी के हाइलाइट्स देखते हुए उम्र के बारे में बातचीत शुरू की। प्रीति के सवाल के कारण अश्विन ने रोहित से उनकी उम्र के बारे में मजाकिया अंदाज में बातचीत की। भारतीय टीम के वरिष्ठ सदस्य अश्विन और रोहित दोनों ने अपनी बढ़ती उम्र की चिंताओं को दरकिनार करते हुए महत्वपूर्ण क्षणों में टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हम परसों कुछ हाइलाइट्स देख रहे थे। मेरी पत्नी ने



मुझसे कुछ कहाः 'ये ऑफ स्पिनर, गेंदबाजी करते समय अपने मन में आपको गाली नहीं दे रहे होंगे?' मुझे आश्चर्य हुआ कि ऐसा क्यों है और मुझे लगा कि वे सोच रहे होंगे कि 'वह कब हमारे लिए ब्रेक लेने के लिए निकलेंगे?'. अचानक, मुझे थोड़ा अजीब लगा। मुझे एहसास हुआ, हाँ, मैं अब उसी दौर में हूँ। जब हम छोटे थे, तब भी हम टीम में अपनी जगह के बारे में सोचते थे। हर कोई ऐसा करता है। जब मैं अब इसे देखता हूँ, तो यह मुझे वास्तविकता में ले जाता है। यह आपको एहसास कराता है कि आपने बहुत सालों तक खेला है। अश्विन ने कहा, मैंने आधिकारिक प्रसारण चैनल पर एक ग्राफिक देखा। उन्होंने साल-दर-साल का ब्योरा दिया था और यह 38वें नंबर पर समाप्त हुआ। मैं उस क्लब में अकेला हूं। फिर अचानक मैंने रोहित को देखा, वह मेरे पास से गुजर रहा था। मैंने उससे पूछा 'तुम्हारा जन्मदिन कब है?'। उसने कहा कि यह आने वाला है। मैं उसके जन्मदिन का इंतजार कर रहा हूं। फिर हम कुछ समय के लिए एक ही उम्र के हो जाएंगे।

चेन्नई टेस्ट के दौरान, अश्विन ने न केवल अपना छठा टेस्ट शतक बनाया, बल्कि छह विकेट भी लिए, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। यह सम्मान 2021 में उनकी जीत के बाद चेन्नई में उनके लगातार दूसरे प्लेयर ऑफ द मैच सम्मान को दर्शाता है। उल्लेखनीय रूप से, अश्विन अब एक ही टेस्ट में शतक बनाने और पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल करने के मामले में इयान बॉथम के बाद दूसरे स्थान पर हैं, उन्होंने ऐसा चार बार किया है। मैचों की चौथी पारी में अश्विन की उत्कृष्टता ने उन्हें भारत के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया है। चौथी पारी में 99 विकेट लेकर उन्होंने अनिल कुंबले के 94 विकेट के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है और खुद को भारत के गेंदबाजी आक्रमण में एक अपरिहार्य संपत्ति के रूप में स्थापित किया है। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में भारत की 1-0 की बढ़त में अश्विन का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप: मालदीव के खिलाफ मुकाबले में खिलाड़ियों को बदलने की योजना बना रहा भारत

**थिम्पू।** सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम मंगलवार को चांगलिमथांग स्टेडियम में सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में मालदीव के खिलाफ मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेगी। पिछले अपने पहले मैच में कोच इश्फाक अहमद की टीम ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया था। पिछले साल के फाइनल की तरह ही सुमित शर्मा ब्रह्मचारिमयम ने 92वें मिनट में विजयी गोल किया था। रविवार को बांग्लादेश और मालदीव के बीच 1-1 से ड्रॉ होने के कारण भारत ने एक गेम शेष रहते सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। अहमद ने सुझाव दिया कि इससे उन्हें टीम में बदलाव करने और पहले मैच के कुछ खिलाड़ियों को आराम देते हुए ज़्यादा खिलाड़ियों को खिलाने का मौका मिल सकता है।

उन्होंने कहा, चूँकि हम पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूँ कि दूसरे खिलाड़ियों को भी खेलने का मौक़ा मिले। हमारे सभी खिलाड़ी महत्वपूर्ण हैं। कुछ छोटी-मोटी कमियाँ भी हैं। हम यह मैच जीतना चाहते हैं और ग्रुप में शीर्ष पर रहना चाहते हैं। भारतीय टीम बांग्लादेश और मालदीव के बीच मैच देखने के लिए मौजूद थी, जिसमें दूसरे हाफ में बढ़त बनाने के कारण मालदीव का दबदबा रहा। हालांकि, मालदीव ने एक दुर्लभ आक्रमण अवसर का लाभ उठाते हुए 79वें मिनट में अपने कप्तान मोहम्मद इलान इमरान के माध्यम से बराबरी की और अंक हासिल किया। अहमद ने कहा, मालदीव ने खेल में वापसी करने के लिए अच्छा चरित्र दिखाया। बांग्लादेश के पास बहुत सारे मौके थे, लेकिन इस तरह के टूर्नामेंट में, यदि आप हर टीम को हराना चाहते हैं, तो आपको बहुत अच्छा खेलना होगा। यह खेल इस बात का उदाहरण था कि यदि आप थोड़ी सी भी लापरवाही करते हैं तो क्या हो सकता है। इसलिए, हाँ, हम सभी तीन अंक प्राप्त करना चाहते हैं और ग्रुप विजेता के रूप में क्वालीफाई करना चाहते हैं। ग्रुप ए में स्थिति के अनुसार, मालदीव को सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए ड्रॉ की आवश्यकता है, जबकि बांग्लादेश को एक से अधिक गोल के अंतर से भारतीय जीत की उम्मीद होगी। यदि भारत मालदीव के खिलाफ 1-0 से जीतता है, तो ग्रुप उपविजेता का निर्धारण करने के लिए बांग्लादेश और मालदीव के बीच अनुशासनात्मक अंकों पर निर्भर करेगा। ग्रुप ए के विजेता का मुकाबला 28 सितंबर को पहले सेमीफाइनल में ग्रुप बी के उपविजेता (भूटान, पाकिस्तान, नेपाल या श्रीलंका) से होगा।

## आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप के लिए जारी किया आधिकारिक गीत 'व्हाटएवर इट टेक्स'

**थिम्पू।**

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए आधिकारिक इवेंट गीत 'व्हाटएवर इट टेक्स' जारी किया है। साउंडट्रैक ऑल-गर्ल पॉप ग्रुप विश (डब्लू.आई.एस.एच.), संगीत निर्देशक मिकी मैक्लेरी, संगीतकार पार्थ पारेख और बे म्यूजिक हाउस द्वारा निर्मित है। यह गीत अब दुनिया भर के प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म पर डाउनलोड और स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। साउंडट्रैक के साथ आधिकारिक संगीत वीडियो भी लॉन्च किया गया, इसमें महिला क्रिकेट के प्रतिष्ठित क्षणों की हाइलाइट रीलें हैं और कोरियोग्राफी में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 को वर्ष का अवश्य देखे जाने वाला इवेंट बताया गया है आईसीसी ने एक बयान में कहा, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के नौवें संस्करण के लिए गीत में वैश्विक पॉप ध्वनि को शामिल किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होने और युवा प्रशंसकों से जुड़ने के लिए उत्साह और ऊर्जा का मिश्रण है। डब्लू.आई.एस.एच., ऑल-गर्ल पॉप सनसनी, ट्रैक में युवा ऊर्जा



और आधुनिक स्वभाव लाती है, जो माइकी मैक्लेरी की दूरदर्शी रचना के माध्यम से खेल में सशक्त महिलाओं का जश्न मनाती है। आईसीसी महाप्रबंधकः विपणन और संचार, क्लेयर फरलोंग ने कहा, यह साउंडट्रैक न केवल खेल के मैदान पर प्रदर्शित होने वाली असाधारण प्रतिभा की प्रस्तावना है, बल्कि महिला क्रिकेट के लगातार बढ़ते, विश्वव्यापी प्रशंसक आधार के लिए नायकों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने का माध्यम भी है।

## अश्विन ने ड्रेसिंग रूम माहौल के लिए की गंभीर की प्रशंसा, कहा-मौजूदा टीम और भविष्य के सदस्य उन्हें पसंद करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर की उनके 'आरामदायक' दृष्टिकोण के लिए प्रशंसा की, जिसने ड्रेसिंग रूम में जीवंत माहौल बनाने में योगदान दिया है। अश्विन ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज की सराहना की और विश्वास जताया कि गंभीर को मौजूदा टीम और भविष्य के सदस्य खूब पसंद करेंगे।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर यह टिप्पणी बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के दौरान कोच गंभीर के साथ काम करने के अपने पहले अनुभव के बाद की है। इस दिग्गज स्पिनर ने अपने गृहनगर में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में शतक बनाया और दूसरी पारी में छह विकेट लिए, जिससे भारत ने 280 रनों से शानदार जीत हासिल की। अपने यूट्यूब चैनल पर अश्विन ने गंभीर और द्रविड़ के नेतृत्व वाले ड्रेसिंग रूम के बीच अंतर को उजागर किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह बहुत शांत है। मैं उसे 'रिलैक्स्ड रांचो' कहना चाहता हूँ। उस पर बिल्कुल भी दबाव नहीं है। सुबह, टीम की बैठक होगी। वह इस बारे में



भी बहुत शांत है। वह कहेगा 'क्या आप आ रहे हैं, कृपया आइए'। यह ऐसा ही है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, राहुल भाई के साथ, जैसे ही हम आते हैं, वह चाहते हैं कि चीजें व्यवस्थित हों- यहां तक ??कि एक बोतल भी एक खास समय पर एक खास जगह पर रखी जानी चाहिए। वह बहुत अनुशासित है। वह चीजों को व्यवस्थित रखना चाहता हैं, गंभीर के साथ, वह यह सब उम्मीद नहीं करता है। वह एक शांत व्यवस्था है। वह लोगों का आदमी होगा। वह हर किसी का दिल जीत लेगा। मुझे लगता है कि वह लड़कों से प्यार करेगा। रोहित शर्मा के नेतृत्व की भी प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा, इसके अलावा, रोहित एक बहुत अच्छे लीडर हैं जो सभी के साथ मिलकर काम करते हैं। यहां तक ??कि जब वह टीम का नेतृत्व कर रहे होते हैं, तो हम यह देख सकते हैं। वह एक लीडर के रूप में बहुत शांत और संयमित हैं। भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद गंभीर ने टीम इंडिया के मुख्य कोच का पद संभाला। द्रविड़ ने मुख्य कोच पद के लिए फिर से आवेदन नहीं करने का फैसला किया और बीसीसीआई ने जून में गंभीर को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया। गंभीर के पहले कार्यकाल में मिश्रित परिणाम देखने को मिले, जिसमें भारत ने टी20 सीरीज जीती लेकिन श्रीलंका में वनडे सीरीज हार गया।

चेन्नई टेस्ट, जो आगामी सत्र में भारत के 10 मैचों की श्रृंखला का पहला मैच था, ने गंभीर और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आत्मविश्वास को काफी बढ़ाया। अश्विन का हरफनमौला प्रदर्शन एक आकर्षण था, लेकिन टीम को पहली पारी में रवींद्र जडेजा की 86 रनों की पारी से भी फायदा हुआ। अश्विन और जडेजा ने मिलकर 199 रनों की साझेदारी की, जिसने भारत को 6 विकेट पर 144 रन के नाजुक स्कोर से उबारा और 376 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने अपना दबदबा जारी रखा, जिसने बांग्लादेश को 149 रनों पर समेट दिया। दूसरी पारी में वापसी करने वाले खिलाड़ी ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने शतक जड़े, जिससे भारत की स्थिति और मजबूत हुई।

## महिला ताइक्वांडो : उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियो ने जीते चार स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अन्वेषा जैन, अंशिका मौर्या, श्रेया शर्मा व तुषिका वर्मा ने द्वितीय खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज -एक में अपनी तकनीक व फाइटिंग स्किल का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने बड़ोदरा (गुजरात) में गत 19 से 22 सितंबर तक आयोजित इस टूर्नामेंट में चार स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि लखनऊ की अन्वेषा जैन ने बालिका कैडेट अंडर-59 किग्रा में, अंशिका मौर्या ने बालिका कैडेट 59 किग्रा से अधिक वर्ग में, श्रेया शर्मा ने बालिका जूनियर 68 किग्रा से अधिक वर्ग में और देवरिया की तूषिका वर्मा ने बालिका जूनियर अंडर-52 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। रजत पदक मथुरा की विशाखा ने बालिका जूनियर अंडर-46 किग्रा में, आगरा की रिधिमा सिंह ने बालिका जूनियर अंडर-59 किग्रा वर्ग में और देवरिया की प्रियंका कुमारी ने महिला सीनियर 73 किग्रा से अधिक भार वर्ग में अपने नाम किए। दूसरी ओर लखनऊ की नगमा परवीन को बालिका जूनियर अंडर-42 किग्रा वर्ग में, आगरा की आरती शर्मा को महिला सीनियर 73 किग्रा से अधिक वर्ग में और आगरा की ही दुर्गेश शर्मा को महिला सीनियर अंडर- 73 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक मिले। उत्तर प्रदेश के इन पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी, अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू, सचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित संघ के सभी पदाधिकारियों ने टीम कोच मोहित कुमार व हिमप्रीत सिंह की सराहना की।

## फ्लाइंग फेस्टिवल के दूसरे चरण को लेकर बैठक का आयोजन

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में फ्लाइंग फेस्टिवल एंड हॉस्पिटेलिटी एक्सपो के दूसरे चरण की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। शिमला उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। फ्लाइंग फेस्टिवल 16 से 19 अक्तूबर तक जुन्गा में आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त कहा कि इस प्रतियोगिता का जुन्गा में दूसरी दफा आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनियाभर से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। श्री कश्यप ने सम्बंधित सभी अधिकारियों को इस दौरान आने वाले देश-विदेश के प्रतिभागी एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को इस दौरान कानून एवं व्यवस्था, ट्रैफिक संचालन, पार्किंग आदि की सुचारु व्यवस्था के आवश्यक निर्देश दिए, वहीं लोक निर्माण विभाग को क्षेत्र की सड़के दुरस्त करने के भी आदेश दिए।

## डेविस कप फाइनल आठ मुकाबले के लिए स्पेन की टीम में शामिल हुए राफेल नडाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राफेल नडाल को नवंबर में मैलागा में होने वाले डेविस कप फाइनल आठ मुकाबले के लिए स्पेन की टीम में शामिल किया गया है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से कहीं भी प्रतिस्पर्धा नहीं की है, जहां वह पुरुष एकल में नोवाक जोकोविच से दूसरे दौर में हार गए थे, और कार्लोस अल्काराज़ के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और राजीव राम से हार का सामना करना पड़ा था। पेरिस खेलों के बाद, नडाल ने स्वास्थ्य समस्याओं के कारण यूएस ओपन 2024 और लेवर कप 2024 से अपना नाम वापस ले लिया था। वह स्पेन की टीम में अल्काराज़, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ शामिल होंगे। डेविड



फेरर टीम के कोच होंगे।शीर्ष आठ राष्ट्रों ने ग्रुप फ़ाइनल से क्वालीफाई किया और वे स्पेन के तटीय शहर में खेलेंगे। मेज़बान स्पेन का सामना नीदरलैंड से होगा जबकि कनाडा का सामना जर्मनी से होगा। मुकाबले में दो एकल और एक युगल निर्णायक होगा। मौजूदा चैंपियन इटली ग्रुप फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर के बिना था, जिसमें उसने अपने तीनों मुक़ाबले जीते थे, लेकिन दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मालागा में वापसी कर सकते हैं। उसका सामना अर्जेंटीना से होगा, जिसने ब्रिटेन और कनाडा सहित एक कठिन समूह से क्वालीफाई किया था। इटली और स्पेन ड्रॉ के विपरीत पक्षों पर हैं, जिसका अर्थ है कि सिनर और तीसरे स्थान पर रहने वाले कार्लोस अल्काराज़ के बीच संभावित फ़ाइनल मुक़ाबला हो सकता है। ग्रुप फाइनल में भी अमेरिका की स्थिति कमजोर थी, लेकिन 32 बार डेविस कप चैंपियन मलागा में अपने कुछ बड़े खिलाड़ियों को शामिल कर सकता है, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलने की जरूरत होगी, जो 28 खिताबों के साथ दूसरा सबसे सफल देश है। अंतिम आठ नॉकआउट राउंड 19-24 नवंबर के बीच पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में होंगे।

## भारत और बांग्लादेश की टीमें चार्टर प्लेन से पहुंचेगी कानपुर

एजेंसी

**कानपुर।** ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितम्बर से खेले जाने वाले टेस्ट क्रिकेट मैच को लेकर मंगलवार को भारत और बांग्लादेश की टीम में चार्टर प्लेन से कानपुर पहुंचेंगी। इसको लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन एवं यूपीसीए के अधिकारियों ने एयरपोर्ट जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रिहर्सल भी किया गया।

भारत और बांग्लादेश की टीम श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मैच खेलने को मंगलवार को दोपहर बाद जहाज से शहर पहुंचेगी। दोनों टीमों के खिलाडी और अम्पायर्स, मैच रेफरी और तमाम आफिशियल्श भी मंगलवार को ही शहर आएंगे। दोनों टीमों के अगवानी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन अपनी पूरी तैयारी कर चुका है। चार्टर्ड प्लेन से एयरपोर्ट पर उतरने के बाद टीमें कड़ी सुरक्षा के बीच में लैंडमार्क होटल आएंगी जहां उनका परम्परागत तरीके से स्वागत किया जाएगा। टीमों की अगवानी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और होटल प्रबंधन ने तैयारी को अमली



जामा पहना दिया है। इसकी तैयारी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सभी का रिहर्सल किया। यूपीसीए के पदाधिकारियों का एक दल होटल लैण्डमार्क पहुंचा और अगवानी की पूरी जानकारी प्राप्त की। वहीं दूसरी ओर टीमों के लिए आने वाले रास्ते चकेरी से लेकर होटल लैण्डमार्क तक आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए पेड़ों की छंटायी और सड़कों पर पैचवर्क का काम भी किया गया। वहीं दूसरी ओर ग्रीनपार्क स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाने का काम पूरे दिन चलता रहा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मैदान की दीर्घाओं में ऊंची-ऊंची जालियां लगा दी गई हैं। इसके अलावा अन्य जो बालकनी हैं उनमें पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, ताकि कोई अराजक तत्व माहौल न बिगाड़ सके। इसके अलावा गेटों पर भी पुताई कर उन्हें नया रूप देने का काम किया गया है। सभी गेटों पर उनके नंबर लिखे रहेंगे साथ ही पवेलियन का भी नाम लिखा रहेगा, ताकि दर्शकों को गेट व अपनी दर्शक दीर्घा ढूंढने में कोई दिक्कत न हो सके। इसके अलावा जगह-जगह रोड मैप भी मैच के समय लगाए जाएंगे। ग्रीनपार्क की मुख्य पिच पर अभी भी काम चल रहा है, लेकिन दोनों टीमों के लिए अभ्यास पिच बनकर तैयार हो चुकी है। एक टीम को तीन पिच अभ्यास करने के लिए दी जाएगी। इसके बाद 25 सितम्बर को सुबह के सत्र में बांग्लादेश के खिलाड़ी अभ्यास करेंगे तो वहीं दोपहर से भारतीय टीम के बल्लेबाज पसीना बहाएंगे। इसके अलावा दूसरे दिन यानी 26 सितम्बर को सुबह के सत्र में भारतीय टीम अभ्यास करेगी और दोपहर को बांग्लादेश की टीम लंबे-लंबे शॉट लगाकर अपनी तैयारी को परेखेंगे। वहीं, इस दौरान पूरा स्टेडियम कड़ी सुरक्षा घेरे में रहेंगे। आज पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर ग्रीनपार्क में कई बार रिहर्सल भी किया। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया की तैयारी पूरी कर ली गई है और टीमों को ससमय होटल पहुंचाने के लिए रोड मैप तैयार हो चुका है।

## पंजाब एफसी यूथ प्रोग्राम के तकनीकी निदेशक नियुक्त हुए ज्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने ज्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी को अपने यूथ प्रोग्राम का तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। इतालवी कोच पंजाब एफसी के युवा सेटअप का नेतृत्व करेंगे, जिसने पिछले सीज़न में बड़ी सफलता हासिल की थी, जिसमें आरएफ़डीएल नेशनल चैंपियनशिप और ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप जीतना शामिल है। शेर (पंजाब एफसी का उपनाम) एकमात्र इंडियन सुपर लीग टीम है जिसने सभी श्रेणियों में एआईएफ़एफ़ यूथ लीग के नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया है। 37 वर्षीय ज्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी, जो सैन सेवेरो (इटली) के रहने वाले हैं, को युवा क्लबों के साथ काम करने का 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने इटली के एम्पोली एफसी, स्कॉटलैंड के हाइबरनियंस एफसी, और माल्टा के गज़ीरा यूनाइटेड एफसी के युवा सेटअप में काम किया है। इससे पहले, उन्होंने लिथुआनिया के क्लब उतेनिस के तकनीकी निदेशक के रूप में कार्य किया था। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेरामो से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की पढ़ाई की है और लुइस यूनिवर्सिटी, रोम से स्पोर्ट्स लॉज़ की डिग्री



हासिल की है। क्रिस्टाल्डी के पास यूईएफ़ए प्रो लाइसेंस है, और उन्होंने अर्जेंटीना की प्रसिद्ध एस्कुएला मेनोत्ती स्कूल से प्रो डिप्लोमा भी प्राप्त किया है।

क्रिस्टाल्डी पंजाब एफसी के युवा अकादमी और डेवलपमेंट सेंटर के लिए तकनीकी ढांचे का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, वह कोचिंग की विधियों और मूल्यांकन उपकरणों को विकसित और मानकीकृत करेंगे। वह विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कार्यक्रमों के विश्लेषण और विकास के मार्ग भी लागू करेंगे। नियुक्ति पर पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक निकोलाओस टोपोलिआतिस ने कहा, ज्यूसेप्पे एक अनुभवी पेशेवर हैं, जो पंजाब एफसी के युवा कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में हमारी मदद करेंगे। क्लब में हमारे पास एक मजबूत युवा सेटअप है, और ज्यूसेप्पे की नियुक्ति के साथ, मुझे पूरा विश्वास है कि अकादमी तेजी से विकसित होगी और हम अपनी प्रथम टीम के लिए और अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार कर पाएंगे, जो हमारा मुख्य उद्देश्य है। मैं उन्हें पंजाब एफसी में सफलता की शुभकामनाएं देता हूं।

## तमिलनाडु, पंजाब, मणिपुर और अरुणाचल ने अपने मुकाबले जीते

एजेंसी

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, तमिलनाडु, पंजाब, मणिपुर और अरुणाचल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की आज यहां सेक्टर 42 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये प्रतियोगिता का पहला मैच 'पूल जी' में दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी ने गोवा हॉकी को 9-0 से हराया। मिथलेश सिंह ने (छठें, 25वें, 27वें मिनट) में गोल किए, जबकि जितिन ने (14वें, 53वें मिनट) में और सागर ने (36वें, 49वें मिनट) में दो-दो गोल किए। पवन यादव ने (29 वें) मिनट और कप्तान रवींद्र प्रताप यादव ने 56वें मिनट में गोल दागा। एक अन्य मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने हॉकी गुजरात को 10-4 से हराया। तमिलनाडु के लिए सुगुमार एम ने (10वें, 22वें, 37वें मिनट) में और रेनजीत ने (43वें, 50वें, 60वें मिनट) में गोल कर शीर्ष स्कोरर रहे।



# ऐश्वर्या राय

## का रोल करना चाहती थी ये बड़ी एक्ट्रेस, डायरेक्टर ने कर दिया था मना

ऐश्वर्या राय बच्चन हाल ही में साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड 2024 में शामिल हुईं. इस फंक्शन के दौरान उन्हें 'पोन्नियन सेल्वन 2% के लिए बेस्ट एक्ट्रेस (क्रिटिक्स) कैटगरी में अवॉर्ड मिला. अवॉर्ड फंक्शन के दौरान ऐश्वर्या के साथ उनकी बेटी आराध्या भी मौजूद थीं. 'पोन्नियन सेल्वन' में उन्हें 'नंदिनी' के तौर पर खूब पसंद किया गया था. हालांकि, फिल्म से जुड़ी कई और एक्ट्रेस भी ऐश्वर्या वाला रोल करना चाहती थीं, जिनमें से एक साउथ की बड़ी एक्ट्रेस त्रिशा भी थीं. उन्होंने 'पोन्नियन सेल्वन' में 'कुंदवई' का रोल निभाया है, जिसके लिए उन्हें भी काफी सराहना मिली. कुछ वक्त पहले एक इंटरव्यू में त्रिशा ने बताया था कि उन्होंने इस रोल के लिए फिल्म के डायरेक्टर से बात की थी, लेकिन उन्होंने त्रिशा को मना कर दिया था.साल 2022 में रिलीज हुई 'पोन्नियन सेल्वन' तमिल भाषा की एपिक एक्शन ड्रामा है. इस फिल्म में ऐश्वर्या के साथ ही त्रिशा, शोभिता धूलिपाला, ऐश्वर्या लक्ष्मी जैसी और भी कई बेहतरीन एक्ट्रेस शामिल हैं. फिल्म में 'नंदिनी' के कैरेक्टर को सबसे ज्यादा पावरफुल बनाया गया है, जिसे ऐश्वर्या राय बच्चन ने निभाया है. लेकिन त्रिशा भी इस रोल को निभाना चाहती थीं. उन्होंने इस बात का खुलासा करते हुए बताया था कि उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर मणिरत्नम से पूछा था कि क्या वो 'कुदंवई' की जगह 'नंदिनी' का किरदार निभा सकती हैं. लेकिन डायरेक्टर ने इस बारे में नहीं सोचा था.

### त्रिशा करना चाहती थीं 'नंदिनी' का रोल

हुए इंटरव्यू में त्रिशा ने बताया कि वो मणिरत्नम से मिलने के लिए उनके ऑफिस में गई, जहां उन्होंने रोल के लिए उनसे सवाल किया. उनके सवाल पर जवाब देते हुए डायरेक्टर ने उन्हें मना कर दिया. मणिरत्नम ने त्रिशा को बताया कि उन्होंने सबसे पहले 'नंदिनी' के रोल के लिए कास्टिंग की थी और उन्हें लगा कि यह रोल ऐश्वर्या से अच्छा और कोई नहीं निभा सकता. जब त्रिशा को पता चला कि इस रोल के लिए ऐश्वर्या राय को कास्ट किया गया है तो वो बहुत खुश हुई थीं.

# फहद अहमद

## से शादी करने पर स्वरा भास्कर को सता रहा था इस बात का डर



बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने अपनी शादी पर खुलकर बात की है. दरअसल, साल 2023 में उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता फहद अहमद से शादी की थी. शादी के बाद वो काफी ज्यादा सुर्खियों में रही थीं. अब उन्होंने बताया है कि शादी करने से पहले उनके मन में बॉलीवुड को लेकर एक डर बैठा हुआ था. चलिए जातने हैं कि आखिर उन्होंने क्या कुछ कहा है.बॉलीवुड एक्ट्रेस अमृता राव और आरजे अनमोल के यूट्यूब चैनल कपल ऑफ थिंग्स पर बातचीत करते हुए स्वरा ने बताया कि फहद से उनकी मुलाकात साल 2019 में सीएए-एनआरसी प्रोटेस्ट के दौरान हुई थी. उसके बाद दोनों पहले दोस्त बने और फिर प्यार हो गया. स्वरा ने कहा, कुछ महीने की बातचीत के बाद मैंने फहद से पूछा कि अब क्या. उसके बाद मैंने सोचा कि अगर 2-3 साल उनके सेटल होने का इंतजार करती हूं तो हम शादी कर सकते हैं.


### स्वरा के मन में क्या डर था ?

स्वरा ने कहा, मैं हमेशा सोचती थी कि इस बात पर मेरे पैरेंट्स किस तरह रिएक्ट करेंगे. मेरा भाई क्या कहेगा. मेरे दोस्त किस तरह का रिएक्शन देंगे. और सबसे ज्यादा शॉकिंग चीज ये थी कि अगर मैं इनसे शादी करूंगी तो मुझे बॉलीवुड पार्टियों में नहीं बुलाया जाएगा. ये सारी चीजें मेरे दिमाग में चल रही थीं, लेकिन मुझे ये समझ नहीं आ रहा था कि ये सब बातें दिमाग में क्यों आ रही हैं. ये मेरे लिए शॉकिंग इसलिए था, क्योंकि मैं अपनों शब्दों में फिल्टर नहीं करती, मैं लोगों के रिएक्शन के बारे में नहीं सोचती, मैं फ्रैंक हूं.स्वरा ने ये भी बताया कि उन्होंने अपने नाना-नानी के घर पर शादी का जश्न मनाया था. म्यूजिक बज रहा था, खाना चल रहा था, दावत-ए-वलीमा हुआ था. 10 दिन का ये जश्न किसी सांस्कृतिक महोत्सव की तरह लग रहा था.

### स्वरा भास्कर ने ये बातें भी बताईं

स्वरा भास्कर ने इस दौरान ये भी कहा, मैं अमेरिका में थीं. मेरे एक अंकल हैं, जो अंग्रेज हैं. वो धार्मिक फर्क तो जानते थे, लेकिन क्लास डिफ्रेंस के बारे में पता नहीं था. मैं फहद के साथ फोन पर बात कर रही थी. तो उन्होंने मुझसे पूछा कि वो आदमी कौन है. मैंने उन्हें बताया कि एक दोस्त है. वो समझ गए कि मैं उनके सामने अपनी फीलिंग्स का इजहार नहीं कर रही हूं. उन्होंने मुझे बैठाया और उन्होंने मुझे एक बहुत अच्छी बात कही. उन्होंने मुझसे पूछा 'अगर तुम्हें एक ऐसा आदमी मिले, जिसमें वो सारी क्वालिटी हो जो तुम फहद में फसंद करती हो, वो आदमी तुम्हारी सारी कंडिशन मानें तो तुम क्या तुम उसके बारे में सोचेगी.' मैंने उनसे अनजाने में कह दिया, नहीं, लेकिन वो फहद नहीं होगा. और इस चीज ने मुझे हिट किया. स्वरा ने बताया कि उसके बाद उनका सारा डर गायब हो गया.स्वरा ने फहद के साथ पिछले साल फरवरी के महीने में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की थी. उसके एक महीने बाद वेडिंग सेरेमनी रखी गई थी, जिसमें हल्दी, संगीत, जैसी सारी रस्में हुई थीं. उसी साल जून में उन्होंने ये ऐलान किया था कि वो मां बनने वाली हैं. वहीं फिर सितंबर में उन्होंने बेटी को जन्म दिया था.

## कैंसर से जूझ रहीं हिना खान, ऑनस्क्रीन बेटी अश्नूर कौर बोलीं- उनसे बात हुई, वो जल्द ठीक हो जाएंगी



टेलिविजन और फिल्म एक्ट्रेस हिना खान स्तन कैंसर से जंग लड़ रही हैं. हिना इलाज के साथ-साथ काम भी करती नज़र आ रही हैं. अब हिना खान की ऑनस्क्रीन बेटी अश्नूर कौर ने उनके इस जज्बे की तारीफ की है. टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में हिना की बेटी का रोल निभाने वाली अश्नूर ने बताया कि उन्होंने हिना से बात की है. अश्नूर ने कहा कि मुझे भरोसा है कि वो जल्द ठीक हो जाएंगी.अश्नूर कौर ने हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस से बात की. उन्होंने इस दौरान कहा, मैंने हिना से बात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं. वो बेहद मजबूत महिला हैं और जो भी चीज़ें उनके रास्ते में आ रही हैं, वो उससे जिस तरह से लड़ाई लड़ रही हैं, उससे मुझे पक्का यकीन है कि वो इन सबसे जल्द बाहर आ जाएंगी. वो अपने इलाज के साथ-साथ काम भी कर रही हैं, जो की शानदार है. मुझे यकीन है कि आगे भी वो सभी पर अपने जादू बिखेरती रहेंगी.टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अश्नूर कौर ने छोटी नायरा का किरदार निभाया था. वो साल 2015-16 के दरमियान शो का हिस्सा रही थीं. बाद में नायरा का रोल शिवांगी जोशी निभाने लगी थीं. इस सीरियल से अश्नूर कौर को खूब फेम भी मिला था. उनका हिना के साथ बॉन्ड काफी पसंद भी किया गया. अश्नूर को साथ निभाना साथिया, शोभा सोमनाथ की, महाभारत, देवों के दोवम्महादेव, सियासत और पृथ्वी वल्लभ जैसे टीवो शो में भी अहम किरदार निभाते देखा गया.


### अश्नूर कौर का डेब्यू

20 साल की अश्नूर कौर ने टीवी की दुनिया में साल 2009 में 'झांसी की रानी' से डेब्यू किया था. इसमें उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी. टीवी की दुनिया में काम करने के अलावा अश्नूर कौर ने फिल्मों में भी काम किया. वो रणबीर कपूर स्टारर संजू और विकी कौशल, अभिषेक बच्चन और तापसी पन्नू स्टारर फिल्म मनमर्जियां में भी नज़र आई थीं.

### जब हिना ने किया कैंसर का खुलासा

हिना खान ने इसी साल जून में बताया कि उन्हें स्टेज 3 का स्तन कैंसर हो गया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, हाल ही में चल रही अफवाहों पर मैं जवाब देना चाहती हूं और हिनोहोलिक्स और सभी लोगों के साथ जो मुझसे प्यार करते हैं कुछ जरूरी खबर शेयर करना चाहती हूं. मुझे स्टेज 3 का स्तन कैंसर हो गया है. उन्होंने पोस्ट में कहा कि मैं मजबूत हूं और इस बीमारी से ज़रूर जीतूंगी.

## मैं अपने बाप की भी नहीं सुनती...वजन पर हुआ सवाल तो बहन के पॉडकास्ट में भड़क गईं आम्रपाली दुबे



भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं. आम्रपाली हाल ही में अपनी बहन आकांक्षा दुबे के पॉडकास्ट में पहुंचीं थीं, जहां उन्होंने अपनी जिंदगी के कई राज़ से पर्दा उठाया. इस दौरान उनकी बहन ने उनसे मोटापे और वजन को लेकर भी सवाल किया. इस पर आम्रपाली ने दो टूक कहा कि मैं अगर वजन कम करूंगी तो अपनी मर्जी से करूंगी, किसी के कहने से नहीं करूंगीं. उन्होंने कहा कि मैं अपने बाप कि नहीं सुनती किसी और की क्या सुनुंगीं.आकांक्षा दुबे ने कहा कि मेरा वजन एक वक्त पर 100 किलो के करीब था. इस दौरान लोग मेरी बॉडी शेमिंग (मोटापे का मजाक) किया करते थे. क्या आपको भी वजन की वजह से कभी इसका सामना करना पड़ा है ? इस पर आम्रपाली ने कहा, देखिए, मैं अपने शरीर से बहुत प्यार करती हूं. ये मुझे दिकत नहीं देता है. मुझे डायबिटीज नहीं है, मुझे थायराइड की समस्या नहीं है. मैं अपना वजन इसलिए कम करना चाहती हूं ताकि ये तकलीफें मुझे जीवन में कभी न हों.

### 'मुझे फर्क नहीं पड़ता'

आम्रपाली आगे कहती हैं, अगर किसी को लगता है कि उसके पैरामीटर में मैं एक एक्ट्रेस के तौर पर फिट नहीं बैठती हूं तो मुझे फर्क नहीं पड़ता है. जो फिट बैठ रही है उनको कास्ट कर लीजिए. बहुत लोग हैं, जो इंडस्ट्री में काम करने के लिए मरे जा रहे हैं. दिल खोल कर उनका वेलकम करती हूं. उन लोगों से काम कराइए. आपके ब्यूटी स्टैंडर्ड में फिट होने वाली लड़कियां हैं, वैसी बहुत सी लड़कियां अपने घर से निकल कर संघर्ष कर रही हूं. प्लीज़ उन्हें कास्ट कीजिए. मैं सच में उन्हें काम करते देखना चाहती हूं.

### 'मैं ऐसी ही हूं'

आम्रपाली ने कहा, मैं ऐसी ही हूं. मुझे जितना काम आता है वो दुनिया ने देखा है. वही काम करती हूं, उसपर फोकस करती हूं. मैं अपनी बॉडी को चेंज करने की कोशिश भी करूंगी तो इसलिए क्योंकि मैं करना चाहती हूं. कोई प्रेशर डाले कि आपको इस बिजनेस में रहना है तो आपको ऐसा ही दिखना पड़ेगा, वैसे तो मैं अपने बाप की भी नहीं सुनती हूं तो बाकी फिर किसी और की क्या सुनुंगी. इस पर आकांक्षा ने जब मजाक में कहा कि पापा देखने वाले हैं शो तो आम्रपाली ने हंसते हुए कहा, पापा की सुनती हूं. लेकिन मैं अपने बारे में एक चीज भी नहीं बदलना चाहती हूं.

आम्रपाली ने कहा कि मैंने अपनी बॉडी शेमिंग से डील किया है. मैंने वो सब सुना है. मैं उनके कमेंट्स पढ़ती हूं. उन्होंने बताया कि वैसे कमेंट करने वालों को वो ब्लॉक कर देती हैं और कमेंट भी डिलीट कर देती हैं. उन्होंने इस दौरान बताया कि उनके कई फैन पेज हैं, जो उनकी तरफ से कमेंट करने वालों को करारा जवाब देते रहते हैं.